हनुमानगढ़ जंक्शन
गुरुवार 27 जून 2024
आषाढ़ कृष्ण षष्ठी सम्वत् 2081
वर्ष 54 |अंक 173| ₹ 4.00 | पृष्ठ 12
फोन : 269443, मो. 94140-95543, 99585-95529
Email: dainiktej@gmail.com
आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026

तेज

संस्थापक स्व. डॉ. तेजनारायण शर्मा
राजस्थान, पंजाब, हरियाणा का लोकप्रिय दैनिक

शेयर बाजार

सेंसेक्स	78,674.25	+620.73
निफ्टी	23,868.80	+147.50
डॉलर	83.57	

हनुमानगढ़ का तापमान

न्यूनतम 30° अधिकतम 37°

फिर लोकसभा स्पीकर बने राजस्थान के ओम बिरला

पीएम मोदी ने रखा प्रस्ताव और राजनाथ सहित एनडीए सदस्यों ने किया समर्थन, लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा सभापति दोनों राजस्थान से

नई दिल्ली. राजस्थान के कोटा से बीजेपी सांसद ओम बिरला लगातार दूसरी बार लोकसभा के स्पीकर चुने गए। बुधवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रोटेम स्पीकर भतृर्हरि महताब ने स्पीकर के चुनाव की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत एनडीए के नेताओं ने समर्थन किया। सदन में ध्वनिमत से बिरला के नाम का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद पीएम मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी उन्हें चेयर तक छोड़ने आए। इससे पहले शिवसेना (यूटीबी) सांसद अरविंद सावंत ने कांग्रेस सांसद के. सुरेश को

लोकसभा अध्यक्ष के रूप में चुने जाने का प्रस्ताव रखा। सदन की कार्यवाही ढाई घंटे (सुबह 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक) चली। बिरला ने पहले भाषण में आपातकाल को काला धब्बा बताया। दो मिनट का मौन रखवाया। सत्ता पक्ष ने मौन रखा, लेकिन विपक्ष ने हंगामा किया और कहा-स्पीकर भाजपा का एजेंडा चला रहे हैं। सत्र 27 जून को राष्ट्रपति के अभिभाषण तक स्थगित कर दिया गया। गौरतलब है कि बिरला भाजपा... शेष पेज 9 पर

बिरला का अनुभव काम आएगा: मोदी

बिरला के स्पीकर बनने पर पीएम ने कहा-आपके पांच साल का अनुभव से आप आने वाले पांच साल हम सबका मार्गदर्शन करेंगे। शास्त्रों में कहा गया है कि विनम्र और व्यवहार कुशल व्यक्ति सफल होता है। आपको उसके साथ मीठी-मीठी मुस्कान भी मिली है। राहुल गांधी ने कहा-मुझे विश्वास है कि आप विपक्ष की आवाज दबने नहीं देंगे। सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा-उम्मीद है कि विपक्ष की आवाज नहीं दबाई जाएगी। न ही निष्कासन जैसी कार्रवाई की जाएगी। आपका अंकुश विपक्ष पर तो रहता है, सत्ता पर भी रहे।

राहुल गांधी होंगे लोकसभा में विपक्ष के नेता

इंडिया गठबंधन की बैठक में निर्णय, 20 साल के पॉलिटिकल कॅरिअर में पहली बार संवैधानिक पद संभालेंगे राहुल

नई दिल्ली. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे। पार्टी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक के बाद इसकी घोषणा की। इसके बाद कांग्रेस संसदीय बोर्ड की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि माहताब को इस संदर्भ में पत्र लिखा। राहुल अपने 20 साल के पॉलिटिकल करियर में पहली बार कोई संवैधानिक पद संभालेंगे। वे इस पद पर रहने वाले गांधी परिवार के तीसरे सदस्य होंगे। इससे पहले उनके पिता और पूर्व पीएम राजीव गांधी 1989-90 और मां सोनिया 1999 से 2004 तक इस पद पर रह चुकी हैं। लोकसभा में 10 साल से नेता प्रतिपक्ष का पद खाली था। 2014 और 2019 में किसी विपक्षी दल के पास इसके लिए जरूरी न्यूनतम 10 फीसद सदस्य नहीं थे। नेता प्रतिपक्ष पद के लिए दावा पेश करने के ... शेष पेज 9 पर

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बाजरा खरीदने की तैयारी

» राजस्थान के 4.46 करोड़ लोगों को मुफ्त मिलेगा बाजरा

जयपुर. राजस्थान सरकार किसान सम्मान निधि को 6 हजार से बढ़ाकर 8 हजार रुपए किए जाने के बाद अब एक और योजना लेकर आ रही है। पहली बार राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बाजरा खरीदने की तैयारी की जा रही है। समर्थन मूल्य पर खरीदा गया बाजरा तीन महीने यानी नवंबर, दिसंबर एवं जनवरी में खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े 4.46 करोड़ लोगों को गेहूं की एवज में मुफ्त दिया जाएगा। विभाग के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री से चर्चा की गई है। सरकार इस पर गंभीरता से विचार रही है। सब कुछ ठीक रहा है तो सरकार बाजरे की खरीद की घोषणा बजट में कर सकती है। हाल ही में राज्य सरकार ने केंद्र से मिलने वाली किसान सम्मान निधि में भी अपना हिस्सा 2 हजार रुपए बढ़ाया था। सरकार अपने हिस्से की राशि जल्द ही किसानों को ट्रांसफर करने वाली है। राजस्थान में समर्थन मूल्य पर बाजरे की खरीद नहीं की जाती है। गेहूं 2400 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदा जाता है। बाजरे का समर्थन मूल्य 2625 रुपए प्रति क्विंटल है। इस हिसाब से बाजरा करीब 225 रुपए क्विंटल महंगा पड़ेगा। खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े एक करोड़ 6 लाख से अधिक परिवारों के जुड़े 4.46 करोड़ लोगों को सरकार 5 किलो अनाज देती हैं। राजस्थान में बाजरे का उत्पादन करीब 50 लाख मीट्रिक टन होता है। तीन महीने के हिसाब से सरकार 8 से 10 लाख मीट्रिक टन बाजरा किसानों से खरीदेगी। अभी राजस्थान में बाजरे की खरीद नहीं होती है और यहां के किसान हरियाणा सहित पड़ोसी राज्यों में बेचने जाते हैं। इससे किसानों को बड़ा फायदा मिलेगा।

बाजरा खाना काफी फायदेमंद

सर्दियों में बाजरा खाना बेहद सेहतमंद माना जाता है। इसकी तासीर गर्म होती है, जो शरीर को गर्म रखती है। पहले तो यह ग्लूटेन फ्री होता है। जो लोग ग्लूटेन सेंसिटिव हैं, ... शेष पेज 9 पर

बिहाणी कन्या कॉलेज का उद्घाटन कल, बिहाणी परिवार पहुंचा नोहर, चौक में माल्यार्पण आज

तेज | रिपोर्टर. नोहर

श्री गौरीशंकर बिहाणी राजकीय कन्या महाविद्यालय के उद्घाटन समारोह की तैयारियां जौर-शौर से जारी है। 28 जून 12.15 बजे राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेगें। समारोह में पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला, नोहर विधायक अमित चाचाण, सत्यनारायण बिहाणी, ओमनारायण बिहाणी सहित बिहाणी परिवार के सदस्य मौजूद रहेगें। प्रशासनिक स्तर पर भी पूरे कार्यक्रम की तैयारिया जौर-शौर से जारी है। राजभवन से भी अधिकारियों की एक टीम बुधवार को नोहर पहुंच गई और सम्पूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेन्द्र चाचाण, संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय... शेष पेज 9 पर

आज होगें ये कार्यक्रम

संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय मोदी ने बताया कि सम्पूर्ण कार्यक्रम में भाग लेने के लिये देश के विभिन्न राज्यो में बसे बिहाणी परिवार के सदस्य नोहर पहुंच गये है। लम्बे अरसे बाद पूरा बिहाणी परिवार एक साथ इस कार्यक्रम में भाग लेगा। मोदी ने बताया कि उक्त महाविद्यालय का निर्माण बिहाणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 6 करोड़ की लागत से करवाया गया है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के लोकार्पण से पूर्व 27 जून को सांय 6.30 बजे बिहाणी परिवार द्वारा बिहाणी चौक स्थित स्व. सेठ गोरीशंकर बिहाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके अलावा 6 बजे एनडीबी राजकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम होगा।

हनुमानगढ़ में होगा जलदाय तकनीकी कर्मचारी संघ का राज्य अधिवेशन

जंक्शन के अग्रसेन भवन में 28 जुलाई को होगा आयोजन

जयपुर. जलदाय तकनीकी कर्मचारी संघ जिला हनुमानगढ़ के जिला अध्यक्ष अंग्रेज सिंह व जिला महामंत्री सुरेश कुमार दायमा के संयुक्त तत्वाधान में राजस्थान जलदाय कर्मचारी महासंघ (सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ) का त्रैवार्षिक प्रदेश अधिवेशन 28 जुलाई, सुबह 10.30 बजे से महाराजा अग्रसेन भवन, शिव मन्दिर सिनेमा, हनुमानगढ (जंक्शन) पर आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेठाराम डूडी प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान जलदाय कर्मचारी महासंघ करेंगे। वहीं जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। हरि मोहन शर्मा प्रदेश महामंत्री भारतीय मजदूर संघ मुख्य वक्ता, मोहनलाल माली प्रदेश मंत्री और जलदाय उद्योग प्रभारी भारतीय मजदूर संघ उद्घाटनकर्ता होंगे। राजस्थान जलदाय कर्मचारी महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी चौधरी मंघाराम कालीराणा ने बताया कि जलदाय ... शेष पेज 9 पर

फार्मट्रैक ने हनुमानगढ़ में लॉन्च किए वर्ल्ड मैक्स सीरीज के ट्रैक्टर

हनुमानगढ़ में वर्ल्ड मैक्स सीरीज की प्रथम लॉचिंग

तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़। बुधवार को होटल ग्रीन वर्ल्ड में एक भव्य समारोह में फार्मट्रैक ने वर्ल्ड मैक्स सीरीज के ट्रैक्टर की भव्य लॉन्चिग की। उल्लेखनीय है कि वर्ल्ड मैक्स सीरीज का पूरे भारत में पहला ट्रैक्टर हनुमानगढ़ में लॉन्च किया गया है। इस भव्य समारोह में एस्कोर्ट कुबोटा लिमिटेड के फॉर्मट्रैक ट्रैक्टर कम्पनी फरीदाबाद से आये अधिकारी जिनमें सेल्स चीफ सुमित ठाकुर, आरबीएम गौरव मलिक, अन्य मुख्य अधिकारी शिजो जॉर्ज, रवि भारद्वाज, संजीव शर्मा, प्रवीण शर्मा, राजेश गहलान, रमेश एवं जयदीप जी की उपस्थिति ने आयोजन को ओर भव्य बना दिया। कम्पनी के अधिकारी जयदीप जी ने बताया कि इस ट्रैक्टर की मुख्य विशेषता शटल गियर में 24

एवं 32 गियर टैक्नोलॉजी के साथ आते हैं जो कि 1500 आरपीएम पर ही अधिक तक पॉवर एवं स्पीड प्रदान करते हैं। अधिकारियों ने अपने कर-कमलों से किसानों को ट्रैक्टर की चाबियां सौंपी। उल्लेखनीय है कि हनुमानगढ़ में वर्ल्ड मैक्स ट्रैक्टर की प्रथम लॉचिंग की गई है। इस लॉचिंग समारोह में वर्ल्ड मैक्स ट्रैक्टर की खुबियों को सराहा और कम्पनी के अधिकारियों की प्रशंसा की। कम्पनी के अधिकारियों एवं फार्मट्रैक ट्रैक्टर के डीलर आतिश चमड़िया ने आए हुए किसानों को ट्रैक्टर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। समारोह में किसानों के लिए लक्की ड्रॉ स्कीम भी रखी गई थी जिसका किसानों ने भरपूर लाभ उठाया। हनुमानगढ़ एग्री स्टोर फार्मट्रैक डीलर द्वारा आए हुए सभी किसानों, कम्पनी के अधिकारियों व अन्य आगन्तुकों का आभार प्रकट किया गया।

ओम बिरला के लोकसभा अध्यक्ष बनने पर फोड़े पटाखे

» भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर मनाई खुशी

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

कोटा से सांसद ओम बिरला के लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पारीक के नेतृत्व में जंक्शन के शहीद भगतसिंह चौक पर एकत्रित होकर पटाखे फोड़कर व आतिशबाजी कर खुशी मनाई। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पारीक ने कहा कि कोटा के सांसद ओम बिरला का लगातार दूसरी बार बिना किसी निर्विघ्न और बिना किसी बाधा के देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा का अध्यक्ष बनना गौरव और खुशी... शेष पेज 9 पर

ओम बिरला को राठौड़ व लड्ढ़ा ने दी बधाई

नई दिल्ली। बीजेपी सांसद ओम बिरला लगातार दूसरी बार लोकसभा के स्पीकर चुने जाने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र सिंह राठौड़ एवं केके लड्ढ़ा ने नई दिल्ली में बुके भेंट कर बधाई दी। श्री बिरला ने इन दोनों नेताओं का आभार प्रकट किया।

सीबीआई के शिकंजे में दिल्ली के सीएम केजरीवाल

ट्रायल कोर्ट ने तीन दिन की सीबीआई कस्टडी में भेजा, शराब नीति केस में उलझे

नई दिल्ली. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट ने तीन दिन की सीबीआई कस्टडी में भेज दिया है। कोर्ट ने उन्हें इजाजत दी है कि वे रोजाना अपनी पत्नी से और तीस मिनट अपने वकील से मिल सकेंगे। इसके साथ उन्हें अपनी दवाएं रख ... शेष पेज 9 पर

घग्घर नदी पर नदी तटीय क्षेत्र विकसित करने का दिया सुझाव

» विधायक गणेश राज बंसल ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

» बजट में 150 करोड़ रुपए का प्रावधान करने का आग्रह

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

हनुमानगढ जिला मुख्यालय से प्रवाहित होने वाली घग्घर नदी पर नदी तटीय क्षेत्र विकसित करने के लिए बजट में 150 करोड़ रुपए का प्रावधान करने के संबंध में विधायक गणेश राज बंसल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। विधायक गणेश राज बंसल ने पत्र

के जरिए अवगत करवाया कि हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय से गुजरने वाली घग्घर नदी में प्रति वर्ष मानसून मौसम के दौरान शिवालिक की पहाड़ियों में होने वाली वर्षा के पानी की आवक होती है। इससे हनुमानगढ़ शहर में बाढ़ की सम्भावना बनी रहती है। गत वर्ष भी अत्यधिक पानी की आवक से बाढ़ की प्रबल सम्भावना बन गई थी। प्रति वर्ष मानसून मौसम में बाढ़ नियंत्रण के लिए घग्घर नदी के बंधों का अस्थाई मजबूतीकरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के गजट नोटिफिकेशन 1998 के अनुसार घग्घर बहाव क्षेत्र की चौड़ाई 6 बीघा है। घग्घर बहाव क्षेत्र में आने वाली कृषि भूमि निजी खातेदारों की है। इससे मानसून के उपरान्त किसानों की ओर से उक्त बंधों को हटाकर भूमि काश्त के लिए उपयोग में ली जाती है और सुविधानुसार अपने निजी बंधे बना लिए जाते हैं। पानी की ... शेष पेज 9 पर

बहलोल नगर रात्रि चौपाल में आए 42 में से 25 परिवादों का मौके पर ही निस्तारण

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में जिला कलक्टर काना राम लगातार रात्रि चौपाल के माध्यम से आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर राहत पहुंचा रहे हैं। इसी सिलसिले में मंगलवार को हनुमानगढ़ ब्लॉक के बहलोल नगर ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। रात्रि चौपाल में आमजन ने पेयजल सप्लाई, विद्युत आपूर्ति, अतिक्रमण, विद्यालय में शौचालय निर्माण, डिग्गी की साफ सफाई, पेंशन स्वीकृत को लेकर परिवाद दिए। रात्रि चौपाल में 42 परिवाद दिए गए, जिन्हें एक–एक कर जिला कलेक्टर ने

ध्यानपूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारी को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। जिला कलक्टर काना राम ने रात्रि चौपाल में ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि घर में जितने सदस्य है, किसान भाई उतने पेड़ जरूर लगाए। अबकी बार भीषण गर्मी पड़ी है, आगामी पीढ़ी को ऐसा दंश ना झेलना पड़े, इसके लिए पौधारोपण करें। उन्होंने कहा कि 30 जून को प्लस पोलियो अभियान चलाया जाएगा, जिसमें 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। गांव का एक भी बच्चा इससे वंचित नहीं रहना चाहिए। एक जुलाई से विद्यालय आरंभ हो रहे है, कोई भी बच्चा जो 6 से 18 वर्ष की उम्र का है वह घर पर ना रहे, विद्यालय में प्रवेश दिलाए।

पीएम किसान योजना में राज्य सरकार देगी 6000 के अतिरिक्त 2000 रुपए की एक और किश्त

काना राम ने कहा कि इस बार नरमे की कम बुवाई हुई है, फिर भी अभी से नरमे में गुलाबी सुंडी दिखने लग गई है। अभी से इसे रोकने के लिए प्रयास करें। उन्होंने बताया कि पीएम किसान योजना की नई किस्त हाल ही जारी हुई थी। अब राज्य सरकार ने 6000 रुपए के अतिरिक्त 2000 रुपए और देने के लिए घोषणा की है। इसकी पहली किस्त 1000 रुपए का जल्द ही भुगतान किया जाएगा। ऐसे में जिन किसान भाइयों का ई-केवाईसी नहीं हुआ है, वह जल्द ही ई-केवाईसी करवा ले ताकि भुगतान समय पर हो पाए। परिवादी सुभाष ने दिल प्रत्यारोपण के लिए राजकीय... शेष पेज 9 पर

दीपक सैनी मो. 82339-47047
श्रीगंगानगर वाले
रेवाड़ी बर्फी स्वीट्स
रेवाड़ी वालों की सुप्रसिद्ध बर्फी
दुकान नं. 05, शॉपिंग सैंटर
बस स्टैण्ड से भगत सिंह चौक रोड़, हनुमानगढ़ जंक्शन

न्यू नेशनल ड्राईक्लीनर्स
106, भगतसिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन
मो. 90905-03210
यहां पर साड़ी चरक की जाती है।

Reg. No. 8144
P.C. क्लिनिक
Hi-Tech Homeopathic Unit
बिना ऑप्रेशन के ईलाज
बवासीर, भगन्दर, फीसर त्वचा रोग एवं पुराना रोग
हर रविवार को सुबह 11 से 2 बजे फ्री चैकअप
Dr. Mukul Sarkar BHMS, B.Sc
सम्राट होटल के पीछे, श्रीगंगानगर रोड, हनुमानगढ़ जंक्शन
मो. 85030-03303

रेलवे सुपरवाइजर का नाम पूछ कर अज्ञात युवकों द्वारा मारपीट

पीछा करने पर भी पकड़ में नहीं आए हमलावर

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

श्रीगंगानगर रेलवे स्टेशन पर सुपरवाइजर (रेलवे ट्रैक) के पद पर कार्यरत एक कर्मचारी से अज्ञात युवकों द्वारा रेलवे ट्रैक का निरीक्षण करते समय मारपीट किए जाने की घटना सामने आई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना श्रीगंगानगर-सादुलशहर रेल सेक्शन पर गांव बनवाली के नजदीक रेलवे कमी 146/01 के पास 23 जून की दोपहर लगभग 2:20 बजे हुई। रेलवे सुपरवाइजर देवेंद्र कुमार द्वारा लालगढ़ जाटान थाना में दी गई रिपोर्ट के आधार पर पांच अज्ञात युवकों पर मारपीट करने और सरकारी ड्यूटी में बाधा पहुंचाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक रिपोर्ट में देवेंद्र ने बताया है कि वह 23 जून की दोपहर 1:40 बजे सादुलशहर से रेलवे ट्रॉली पर रेलवे कर्मी पवन, भरत तथा अनिल के साथ रेलवे ट्रैक का निरीक्षण करने के लिए श्रीगंगानगर को रवाना हुआ था। दोपहर 2ः20 बजे बनवाली के निकट पहुंचने पर रेलवे ट्रैक पर एक युवक खड़ा था, जिसने इशारा करके उन्हें रुकवाया।उन्होंने जैसे ही रेलवे ट्राली को रोका, पास में झाड़ियां में छुपे हुए चार और युवक निकलकर आ गए। इन लोगों ने पूछा कि उनमें से देवेंद्र कौन है। देवेंद्र के मुताबिक जैसे ही उसने बताया कि मैं देवेंद्र हूं, उक्त सभी युवक लाठी-डंडों से से मारपीट करने लगे।साथी रेलवे कर्मियों अनिल, भरत और पवन ने बीच बचाव किया। तब तक उक्त युवकों द्वारा किए गए लाठी- डंडों के वार से वह घायल हो गया। उनके द्वारा शोर मचाने पर आसपास के खेतों से लोग जब भाग कर आने लगे तो उक्त पांचों युवक घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर खड़े किए हुए दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर भाग गए। उन्होंने घटना की सूचना तुरंत ही रेलवे पुलिस को दी। रेलवे पुलिस तत्काल ही मौके पर पहुंच गई।

देवेंद्र कुमार के मुताबिक उक्त युवक पीछा करने पर गांव गणेशवाला की तरफ भाग गए,जिनका बाद में कुछ पता नहीं चला। देवेंद्र ने बताया कि उसे मालूम नहीं की इन युवकों ने किस लिए उसके साथ मारपीट की। अलबत्ता साजिश प्रतीत हो रही है कि जिस तरह से इन लोगों ने पहले उसका नाम पूछा और फिर मारपीट की। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि इन युवकों को किसी अज्ञात व्यक्ति ने सिर्फ उनका टारगेट करते हुए मारपीट करने के लिए भेजा था। मारपीट करने वालों को चूंकि पता नहीं था कि देवेंद्र कौन है,इसलिए उन्होंने पहले नाम पूछा और फिर मारपीट की। लालगढ़ जाटान थाना पुलिस ने बताया कि घटना की जांच हवलदार राजेंद्र कुमार को दी गई है। घटना स्थल से गांव गणेशवाला को जाने वाले मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से मारपीट करने वालों का पता लगाने के प्रयास किया जारहे हैं।

तीन नए कानूनो को लेकर संगोष्ठी का आयोजन

तेज. रावतसर | ओम पारीक

देश भर में जुलाई से लागू होने वाले तीन नए कानूनो के विषय में संयुक्त निदेशक अभियोजन ओमप्रकाश आर्य के निर्देशानुसार एसडीएम संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने कानून में बदलाव की जानकारी देते हुए बताया कि ब्रिटिश काल से चले आ रहे भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता व एविडेंस एक्ट के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएंगे। इनमें बीएनएस में 356 धाराएं होगी। पूर्व में आईपीसी में 511 धाराएं थी जिनमें से 175 धाराओं में बदलाव किया गया है, 22 धाराएं हटाई गई है एवं 8 नई धाराएं जोड़ी गई है। बीएनएसएस में 533 धाराएं होगी। पूर्व कानून सीआरपीसी की 160 धाराओं में बदलाव किया गया है। नए कानून में 9 धाराएं जोड़ी गई है वहीं 9 धाराएं हटा दी गई है। इसी प्रकार बीएसए में 170 धाराएं होगी। पहले के साक्ष्य अधिनियम में 167 धाराएं थी जिनमें से 23 धाराओं में परिवर्तन किया गया है। नए कानून के तहत 7 वर्ष से अधिक सजा वाले मामलों में फॉरेंसिक जांच जरूरी की गई है। पुलिस को जब्ती कार्रवाई का वीडियो मौके पर ही स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो तथा नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की साइट पर अपलोड करना आवश्यक होगा। संगोष्ठी में नए कानूनो की क्रियान्विति के संबंध में विस्तृत विचार विमर्श किया गया। इनके बारे में आम जन को जागरूक करने के संबंध में चर्चा कर कार्य योजना तैयार की गई। कार्यक्रम में थाना प्रभारी वेदपाल शिवराण, सहायक अभियोजन अधिकारी राकेश आसेरी, तालुका विधिक सेवा समिति के पैनल अधिवक्ता एमएल शर्मा, बार संघ सचिव संतलाल बिजारणिया, सुरेंद्र हुड्डा, बनवारी लाल जोशी, हनुमान प्रसाद, राजेंद्र बरोड़, सुरेन्द्र सिंह, हितेश शर्मा सहित काफी संख्या में अधिवक्ता व प्रबुद्ध मौजूद रहे।

लोन नहीं चुकाने पर मकान कुर्क का नोटिस चस्पां होते ही टेलर ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

लोन की किश्तें बकाया होने पर मकान कुर्क करने का नोटिस चस्पां होते ही टेलरिंग का काम करने वाले एक अधेड़ ने टेलरिंग की दुकान में ही फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। श्रीगंगानगर जिले के लालगढ़ जाटान थाना क्षेत्र के चक 44-एलएल शडब्ल्यू में यह घटना कल मंगलवार दोपहर लगभग 11 हुई। सूचना मिलते ही मौके पर गए गणेशगढ़ पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई रमेश कुमार ने बताया कि लगभग 45 वर्ष के रतिराम नामक टेलरिंग का काम करने वाले शख्स की लाश तब तक लोगों ने फंदे से उतार ली थी। रतिराम ने घर के बाहर वाले कमरे में ही टेलरिंग की दुकान कर रखी थी। उसकी चार-पांच दिनों से मनोदशा ठीक नहीं थी। घर वाले उसे समझने तथा दिलासा देने में लगे थे। साथ ही उस पर नजर भी रखी हुई थी। फिर भी रतिराम ने कल सुबह दुकान खोलने के कुछ देर बाद ही दुकान के दरवाजे को अंदर से बंद कर लिया और फंदे पर लटक गया। घर वालों को तुरंत ही इसका पता चल गया। उन्होंने दरवाजे को तोड़ डाला। अंदर छत से लगाए फंदे पर रतिराम की लाश लटक रही थी। उसके भाई सुखदयाल द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गई है। जांच अधिकारी एएसआई रमेश कुमार के मुताबिक सुखदयाल ने बताया है कि उसके भाई ने लोन ले रखा था,जिसे वह चुका नहीं पाया। लोन की कुछ किश्तें बकाया हो गई थीं। इस कारण वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। मृतक रतिराम के एक दिव्यांग बेटा है जबकि उसकी लड़कियां ब्याही हुई हैं। जांच अधिकारी के मुताबिक अभी यह नहीं पता चल पाया कि उसने किस बैंक से अथवा किसी प्राइवेट संस्था से कितना लोन ले रखा था। उसके द्वारा लोन की किश्तें नहीं चुकाने पर चार-पांच दिन पहले उसके घर पर नोटिस चस्पां कर दिया गया था। नोटिस में कहा गया था कि अगर बकाया किश्तें नहीं चुकाई गई तो उसका मकान कुर्क कर लिया जाएगा। तब से ही रतिराम बहुत ही परेशान रहने लगा था।वह अपने घर वालों को बार-बार कहता था कि मैं मर जाऊंगा। अब जीने का कोई मतलब नहीं है। रतिराम पास थोड़ी बहुत कृषि भूमि होने की जानकारी भीमिली है। रतिराम की ऐसी मनोदशा को देखते हुए घर वाले उसे समझाने में लगे थे। वही उसे पर नजर भी रख रहे थे। फिर भी उसने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जांच अधिकारी के मुताबिक टेलरिंग की दुकान की अच्छी तरह तलाशी लेने पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। दुकान में उसका मोबाइल फोन भी नहीं मिला। पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों के सुपुर्द कर दी गई।

मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

श्रीगंगानगर। स्थानीय सदर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि रामदेव कॉलोनी निवासी हरप्रीतसिंह पुत्र गुरमुख सिंह को गिरफ्तार किया गया है। हरप्रीत सिंह ने परसों सोमवार को हनुमाननगर में प्रमोद नामक व्यक्ति का मोटरसाइकिल उसके घर के सामने से चोरी कर लिया था। प्रमोद ने इस संबंध में परसों रात को ही सदर थाना में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। घटना की जांच कर रहे हवलदार राजकुमार ने बताया कि हरप्रीतसिंह को गिरफ्तार कर चोरी का मोटरसाइकिल बरामद कर लिया गया है।

आरसेटी को ग्रेडिंग में मिला सर्वोच्च डबल ए (एए) रेटिंग सम्मान

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 की आरसेटी ग्रेडिंग प्रक्रिया के दौरान एस.बी.आई. आरसेटी हनुमानगढ़ की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं व सम्पूर्ण लक्ष्य प्राप्ति और कार्ययोजना के सराहनीय प्रबंधन को देखते हुए ग्रेडिग प्रक्रिया में सर्वोच्च रेटिंग का सम्मान नैसर के आरसेटी ग्रेडिंग ऑफिसर हिरेश एन जोशी के द्वारा दिया गया। ज्ञात रहे कि एसबीआई आरसेटी हनुमानगढ़ गत ग्यारह वर्षों से निरन्तर इसी प्रकार से ग्रेडिंग के दौरान एए रेटिंग का सर्वोच्च सम्मान प्राप्त कर गौरान्वित होता रहा है। नोडल अधिकारी मुख्य प्रबंधक प्रदीप कुमार, एलडीएम राजकुमार, डीपीएम वैभव अरोड़ा एवं अन्य अधिकारियों द्वारा आरसेटी संस्थान में लगाये गये आरसेटी मेला व बाजार का अवलोकन किया व कंप्यूटराइज्ड अकाउंटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों से रूबरू होकर प्रशिक्षण की गुणवत्ता को परखा गया एवं संस्था द्वारा प्रशिक्षार्णियों को दी जा रही निःशुल्क सेवा और सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर संतुष्ट होने पर समस्त अतिथियों द्वारा संस्था के द्वारा दी जा रही सेवाओं की सराहना की गई। संस्था निदेशक प्रेम सिंह पथरी ने कहा कि हमारी संस्थान ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवक युवतियों के उत्थान, मार्गदर्शन एवं स्वरोजगार के लिए हमेशा वचनबद्ध है। भविष्य में जल्द ही आरसेटी में कम्पयुटर, ब्यूटी पार्लर, अगरबती, पापड़ बड़ी बनाने, कृषि संबंधित डेयरी फार्मिंग, बकरी पालन, मधुमक्खी पालन सहित अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किये जायेगे, जिसके लिये रजिस्ट्रेशन आरम्भ किये जा चुके है। इस मौके पर अतिथियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के तहत आरसेटी परिसर में पौधारोपण किया और सभी प्रतिभागियों को पौधारोपण के लिये जागरूक करते हुये एक एक पौधा लगाकर उसकी सार सम्भाल का जिम्मा दिलाया। कार्यक्रम के अंत में संस्था निदेशक प्रेम सिंह पथरी ने समस्त अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम के दौरान अनुदेशक मुकेश कुमार, अनिल सिंह राठौड़, कार्यालय सहायक गणेशराम, रितिक अरोड़ा, सूरज, विकास एवं अन्य संस्था सदस्य उपस्थित रहें।

रेतीले टिब्बों में युवक और युवती मृत मिले

बीकानेर। जिले में जसरासर थाना क्षेत्र में गांव बादनूं के पास रेतीले टिब्बों में एक युवक और युवती मृत अवस्था में पाए गए हैं।इनके शवों के पास जहरीली दवा का डिब्बा पड़ा मिला है। आशंका है कि दोनों ने प्रेम प्रसंग के चलते खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गांव बादनूं से कुछ ही दूरी पर रेतीले टिब्बों पर कल मंगलवार सुबह एक युवती और एक युवक मृत अवस्था में पाए गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक कुछ ही देर में मृतक युवती की पहचान पूजा नायक (30) पत्नी अन्नाराम नायक और युवक की पहचान रामलाल पुत्र गोपालराम मेघवाल निवासी बादनूं के रूप में हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों सोमवार रात को किसी समय अपने-अपने घरों से निकल गए और गांव से कुछ दूर टिब्बों पर जाकर जहरीली दवा का सेवन कर लिया।पूजा के पिता छोटूराम नायक निवासी सारोठिया थाना सुजानगढ़ जिला चूरू द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गई है।छोटूराम ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी पूजा की शादी 11 वर्ष पहले बादनूं में अन्नाराम नायक से की गई थी। उसके एक बेटा और एक बेटी है। जानकारी के मुताबिक मृतक युवक रामपाल भी विवाहित है। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों को सौंप दिए। मामले की जांच थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार खुद कर रहे हैं।

खेत में पानी लगाते सांप के काटने से मौत

श्रीगंगानगर। अनूपगढ़ जिले के जैतसर थाना क्षेत्र में चक 7-एलसी में एक किसान की खेत में पानी लगाते समय सांप के काटने से मृत्यु हो गई। जानकारी के मुताबिक मृतक किसान सांपों को पकड़ने का एक्सपर्ट भी माना जाता था। हासिल जानकारी के अनुसार चक 7-एलसी निवासी सीताराम (45) कल शाम को खेत में पानी लग रहा था।इसी दौरान किसी जहरीले सांप ने उसे काट लिया। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों को जब सीताराम अपने खेत में काम करते दिखाई नहीं दिया तो उन्होंने उसके खेत में आकर देखा तो वह अचेत पड़ा था। सीताराम को तत्काल ही रायसिंहनगर के सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी।पुलिस के अनुसार आज पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों को सौंप दी गई। इस संबंध में मर्ग रिपोर्ट दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार मृतक सीताराम की पहचान आसपास के इलाके में सांपों को पकड़ने वाले किसान के रूप में भी थी।

आरएमपी डॉक्टर प्रतिबंध कैप्सूल सहित गिरफ्तार

श्रीगंगानगर। हिंदूमलकोट थाना पुलिस ने सीमावर्ती गांव कोठा के समीप बी-माइनर नहर पर पंजाब के एक आरएमपी डॉक्टर को भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीले कैप्सूलों और कैप्सूलों की बिक्री के रूपयों सहित गिरफ्तार किया है। एएसआई सत्यप्रकाश जांगिड़ ने बताया कि कल देर शाम को बी-माइनर नहर के पास संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए मिले बलविंदरसिंह पुत्र ज्ञानसिंह निवासी अरनीवाला जिला फाजिल्का (पंजाब) के कब्जे से प्रेगाबलीन के 1000 कैप्सूल और कैप्सूल बिक्री के 2700 रुपए बरामद हुए। उसे पर सीआरपीसी की धारा 188 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। जांच अधिकारी के मुताबिक बलविंदर सिंह अपने गांव अरनीवाला में आरएमपी डॉक्टर है।हिंदूमलकोट थाना क्षेत्र के में उसकी रिश्तेदारियां है। वह रिश्तेदारों से मिलने के लिए आया था। आते हुए वह पंजाब से वह नशीले कैप्सूल भी काफी मात्रा में नशा करने वालों को बेचने के लिए ले आया। श्रीगंगानगर में जिला के कलेक्टर ने प्रेगाबलीन कैप्सूल्स बिना परमिट और लाइसेंस के रखना पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। इन कैप्सूलों पर पंजाब में इस प्रकार का प्रबंध नहीं है। बलविंदर सिंह को बाद में थाने में ही जमानत लेकर छोड़ दिया गया।

सादुलशहर के पास सुबह सवेरे लूटपाट

दो अज्ञात बदमाशों ने हमला कर बाइक, मोबाइल व नगदी लूटी

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

सादुलशहर कस्बे के समीप आज सुबह सवेरे लूटपाट की एक वारदात हो गई। पुलिस ने तत्काल ही मुकदमा दर्ज कर लूटपाट करने वाले बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।लूटपाट में मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति घायल हो गया उसके काफी चोटें लगी हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार गांव गदरखेड़ा का निवासी हरजिंदरसिंह (45) आज सुबह लगभग 5 बजे श्रीगंगानगर के लिए मोटरसाइकिल पर रवाना हुआ था। लगभग 5:15 बजे सादुलशहर के समीप एसडीएस नहर पुलिया के पास से जाते समय हरजिंदरसिंह पर दो युवकों ने हमला कर दिया। घटना की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर हंसराज ने बताया कि दो युवक पहले से सड़क पर खड़े थे,जिन्होंने अकेले व्यक्ति को मोटरसाइकिल पर आते हुए देखकर अचानक उस पर लाठी से वार किया। मोटरसाइकिल सवार हरजिंदर सिंह नीचे गिर गया, जिससे उसके काफी चोट लगी। तभी बदमाशों ने उसका मोबाइल फोन तथा पर्स छीन लिया। हरजिंदर सिंह का ही मोटरसाइकिल लेकर दोनों बदमाश फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।बदमाशों को पकड़ने के लिए इलाके में नाकाबंदी भी करवाई गई लेकिन सफलता नहीं मिली। घायल हरजिंदरसिंह को सरकारी अस्पताल ले जाया गया। बाद में उसके द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर हंसराज ने बताया कि हरजिंदरसिंह का बेटा श्रीगंगानगर में अध्यनरत है। उसने एनसीसी ज्वॉइन कर रखी है।वह बेटे को एनसीसी वर्दी की बेल्ट देने जाने के लिए सुबह सवेरे मोटरसाइकिल पर रवाना हुआ था। हरजिंदरसिंह के छीने गए पर्स में लगभग 8000 रुपए थे।

कथित रूप से डकैती की योजना बनाते पकड़े युवक रिमांड पर आपराधिक पृष्ठभूमि की पड़ताल

श्रीगंगानगर। अनूपगढ़ जिले में स्थित रूप से डकैती की योजना बनाते पकड़े गए युवकों को आज अदालत में पेश करने पर कल गुरुवार तक का रिमांड मिला है।नई मंडी घड़साना थाना प्रभारी सीआई कलावती चौधरी ने बताया कि कल देर शाम रोजड़ी से रावला रोड पर लगभग एक किमी दूर चक 13 व 14 आरजेडी को जाने वाली रोड पर सरकारी नर्सरी में संदिग्ध अवस्था पकड़े गए युवकों को आज अदालत में पेश किया गया। सभी युवकों का कल गुरुवार तक का रिमांड मिला है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए युवकों की आपराधिक पृष्ठभूमि की छानबीन की जा रही है। संबंधित थानों की पुलिस से इनका रिकॉर्ड मांगा गया है।पुलिस ने कल शाम को सरकारी नर्सरी में संदिग्ध रूप से मौजूद पवन बिश्नोई (28) निवासी जगासर, सुरेंद्र उर्फ अंग्रेज कुमार बिश्नोई (30) निवासी चक 3 केएलडी, विनोद बिश्नोई (38) निवासी 6-केएलडी,अमृतपालसिंह बराड़ (21) निवासी चक 3-केवाईडी थाना खाजूवाला जिला बीकानेर,अनिल बिश्नोई (28) निवासी चक 01-केवाईडी थाना रावला जिला अनूपगढ़ को गिरफ्तार किया था। इनके पास एक गाड़ी में अवैध हथियार,कारतूस, मिर्च पाउडर, लोहे की पाइप और हॉकी आदि बरामद हुए हैं। पुलिस का कहना है कि यह युवक कोई बड़ी आपराधिक वारदात करने की फिराक में थे। सभी लोगों से कड़ी पूछताछ की जा रही है।

चोरी करते पकड़े गए युवकों से मिल्क डेयरी से नगदी चुराने की घटना का खुलासा

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

सादुलशहर थाना क्षेत्र में गांव मन्नीवाली में दो दिन पहले ग्रामीणों ने जिन दो युवकों को चोरी करने की फिराक में पड़ा था, उनसे पूछताछ में विगत 12-13 जून की रात को गांव खाट सजवार में एक मिल्क डेयरी चलाने वाले शख्स के घर से बड़ी नगदी चोरी करने की वारदात का खुलासा हुआ है। पुलिस ने बताया कि सादुलशहर निवासी विजय कुमार पुत्र हंसराज तथा सुखराजसिंह पुत्र नक्षत्र सिंह को गिरफ्तार किया गया है,जिनको आज अदालत में पेश किया जा रहा है। यह युवक दो दिन पहले मन्नीवाली में चोरी करते हुए ग्रामीणों द्वारा रंगे हाथ पकड़े गए थे। ग्रामीणों ने इनको पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ करने पर गांव खाट सजवार में 12-13 जून की रात को अपने घर में ही मिल्क डेयरी चलाने वाले भजनलाल नामक व्यक्ति के घर से लगभग 1लाख 38 हजार रुपए तथा आईडी प्रूफ चोरी हो गए थे। भजनलाल की रिपोर्ट पर 14 जून को अज्ञात व्यक्तियों पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस को रिपोर्ट देते भजनलाल ने बताया कि उसके घर के एक कमरे में रखी मेज की दराज से 78 हजार रुपए,काउंटर की दराज से 55 हजार रुपए, उसकी बेटी सुनीता के पर्स से 5 हजार तथा एक बैग में रखे आईडी प्रूफ, एटीएम और क्रेडिट कार्ड आदि चोरी हो गए थे। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए चोरों से अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

बदमाशों की कथित धमकी के मद्देनजर पुलिस का बड़ा अभियान

सुबह सवेरे 80 अपार्टमेंट्स की चेकिंग, 100 लोगों का वेरिफिकेशन

14 व्यक्तियों को पूछताछ के लिए थाने में लाया गया, मोटरसाइकिलों की भी वेरीफिकेशन

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

सदर थाना अंतर्गत हनुमानगढ़ मार्ग पर रिद्धि-सिद्धि प्रथम कॉलोनी में हाल ही खुले और विवादित नाइट क्लब के संचालकों को कथित रूप से अज्ञात बदमाशों द्वारा धमकी दिए जाने की चर्चाओं के बीच आज पुलिस ने सुबह सवेरे एक बड़ा अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि आज सुबह 5 बजे 100 अधिकारियों व कर्मचारियों की साथ में बनाई 7 टीमों द्वारा शहर भर में 80 अपार्टमेंट्स की चेकिंग की गई। अपार्टमेंट में रहने वाले लगभग 100 लोगों की वेरिफिकेशन की गई। इसके अलावा कुल 14 व्यक्तियों को पूछताछ के लिए सदर थाना में लाया गया। उनके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। अपार्टमेंट में पार्क किए हुए संदिग्ध और बिना नंबरी वाहनों की जांच करने के बाद 7 मोटरसाइकिलों को वेरिफिकेशन के लिए सदर थाना में लाया गया है। वेरिफिकेशन के बाद यह वहां उनके मालिकों के सुपुर्द कर दिए जाएंगे। इस कार्रवाई नेतृत्व सहायक पुलिस अधीक्षक (शहर) बी आदित्य द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले तीन दिनों से पुलिस बड़ी गोपनीय तरीके से न केवल जांच पड़ताल कर रही है बल्कि कथित धमकी को देखते हुए कुछ स्थानों पर एहतियात के तौर पर पुलिस कर्मी भी तैनात किए गए हैं। रिद्धि सिद्धि (प्रथम) कॉलोनी में नाइट क्लब के संचालकों का ही ब्लॉक एरिया में एक फिटनेस एंड जिम सेंटर है। इस केंद्र पर भी हथियारबंद पुलिस कर्मी तीन दिन से तैनात किए हुए हैं। परसों सोमवार को हरियाणा के हिसार में फायरिंग की घटना करने के बाद कुछ बदमाशों के भाग कर हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और बीकानेर जिलों की तरफ आने की सूचना पर भी स्थानीय पुलिस सतर्कता बरत रही है। आज की कार्यवाही को नाइट क्लब और फिटनेस एंड जिम सेंटर के संचालकों को कथित रूप से मिली धमकी से जोड़कर देखा जा रहा है।पुलिस अधीक्षक गौरव यादव से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने इसकी ना तो पुष्टि की और ना ही स्पष्ट रूप से इनकार किया। उन्होंने बहुत ही गोलमोल जवाब दिया।

मुसंरी में रात्रि चौपाल का आयोजन

भादरा। मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर नोहर गोपाल लाल सवर्णकार की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत मुन्सरी में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें नए विद्युत कनेक्शन संबंधी प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इस हेतु विद्युत विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार कनेक्शन करने व प्राप्त परिवादों के जल्द समाधान के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत में गलीयों में ईंटरलोक लगवाने व क्षतिग्रस्त नालियों को दुरूस्त करवाने विकास अधिकारी पंचायत समिति भादरा को निर्देशित किया गया। गांव की फिरनी व रास्तों पर हुए अतिक्रमण संबंधी परिवादों में तहसीलदार व विकास अधिकारी को पैमाईश कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। रात्रि चौपाल में एसडीएम ओपी चंदेलिया, तहसीलदार श्रीमती मोनिका बंसल व अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

टांटिया मेडिकल कॉलेज में एमईयू सम्पन्न

विषय विशेषज्ञों ने दिया नए करिकूलम के अनुसार प्रशिक्षण

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

नेशनल मेडिकल कमिशन (एनएमसी) के निर्देशानुसार मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर्स को अपग्रेड करने के उद्देश्य से हनुमानगढ मार्ग स्थित टांटिया यूनिवर्सिटी परिसर में डॉ. एस.एस. टांटिया मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में 24 से 26 जून तक तीन दिवसीय बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजूकेशन (एमईयू) का आयोजन किया गया। इसमें विषय विशेषज्ञों ने संकाय सदस्यों को नवीन तकनीक और नई नीतियों के अनुरूप प्रशिक्षण दिया। डिप्टी डायरेक्टर (मेडिकल कॉलेज) गुरभजन सिंह ने बताया कि यह एमईयू एनएमसी के रीजनल सेंटर, रोहतक के निर्देश पर हुई। इसमें एनएमसी की तरफ से को-ऑर्डिनेटर के रूप में पीजीआई, रोहतक से डॉ. राकेश मित्तल मौजूद थे। इसमें टांटिया मेडिकल कॉलेज के तीस संकाय सदस्यों ने भागीदारी की और प्रशिक्षण के दौरान खुलकर विस्तार से चर्चा की। एनएमसी के को-ऑर्डिनेटर डॉ. राकेश मित्तल ने बताया कि यह एमईयू एनएमसी के नए करिकूलम के हिसाब से विद्यार्थियों को कैसे पढ़ाया जाए, उन्हें नवीन जानकारियां प्रदान की जाएं, इसी उद्देश्य को लेकर आयोजित की गई थी। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संकल्प द्विवेदी एवं जन सेवा हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. एच.एस. बिन्द्रा ने डॉ. राकेश मित्तल का अभिनंदन किया। एमईयू के लिए टांटिया यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरमैन डॉ. मोहित टांटिया के निर्देश पर बनाई गई कमेटी के चेयरमैन टांटिया मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संकल्प द्विवेदी और को-ऑर्डिनेटर डॉ. शिशिर कुमार थे। इनके अलावा डॉ. मनीषा भट्ट द्विवेदी, डॉ. नदीम शेख, डॉ. मनवीर सिंह, डॉ. अमरुत स्वामी, डॉ. प्रियंका चहल, डॉ. डिम्पल कपूर, डॉ. इन्द्रदीप सिंह कोचर एवं डॉ. दिशा गोयल ने संकाय सदस्यों को प्रशिक्षण दिया। डॉ. सीमा ने भी इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सभी संकाय सदस्यों को एमईयू संबंधी अपडेट से अवगत करवाती रहीं।

कृषि भूमि में आने-जाने का रास्ता न होने से काश्त नहीं कर पा रहा किसान

» जिला कलक्टर से लगाई रास्ता उपलब्ध करवाने की गुहार

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 754के के लिए अवाप्त की गई जमीन के बाद दो हिस्सों में बंटी कृषि भूमि में आने-जाने का रास्ता न होने से एक किसान काश्त नहीं कर पा रहा। कई बार प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष गुहार लगाए जाने के बाद भी उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। बुधवार को उक्त किसान पुनः अपनी गुहार लेकर जिला कलक्टर के पास पहुंचा और ज्ञापन सौंप रास्ता उपलब्ध करवाने की मांग की। अरविन्द सुथार पुत्र गिरधारी जांगिड़ निवासी कोहला ने बताया कि

चक 14 एसएसडब्ल्यू (कोहला) में उसकी कुल 15 बीघा यानि 3.795 हैक्टेयर कृषि भूमि थी। इसमें से 1.5841 हैक्टेयर कृषि भूमि को राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 754के के लिए अवाप्त कर लिया गया। अवाप्ति के समय उसने कहा था कि उसकी कृषि भूमि राजमार्ग के दोनों तरफ रहती है। इसमें आने-जाने की सुविधा उपलब्ध करवाया जाना आवश्यक है। आज भी उसके नाम शेष 2.2109 हैक्टेयर कृषि भूमि है। लेकिन इस कृषि भूमि में आने-जाने का रास्ता नहीं है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से खाला व रास्ता की भूमि भी अवाप्त कर ली गई थी लेकिन उसका कोई मुआवजा या क्षतिपूर्ति राशि किसानों को नहीं दी गई थी। ऐसी स्थिति में उसका हक बनता है कि उसकी कृषि भूमि में आने-जाने के लिए रास्ता निःशुल्क रूप से उपलब्ध करवाया जाए। अरविन्द सुथार के अनुसार कृषि भूमि में आने-जाने का रास्ता नहीं दिए जाने के कारण वह अपनी कृषि भूमि में काश्त नहीं कर पा रहा। वह रास्ता उपलब्ध करवाने के लिए पूर्व में कई बार लिखित रूप में गुहार लगा चुका है। मुआवजे के लिए मांगी गई आपत्तियों में भी उसने रास्ते की मांग की थी। अरविन्द सुथार ने जिला कलक्टर से गुहार लगाई कि उसकी कृषि भूमि में आने-जाने के लिए परियोजना निदेशक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण परियोजना कार्यान्वयन इकाई, हनुमानगढ़ से निःशुल्क रास्ता उपलब्ध करवाया जाए।

हमलावर को गिरफ्तार करने की मांग

हनुमानगढ़। आरटीआई कार्यकर्ता व बेटे पर हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग के संबंध में सूचना का अधिकार जागृति संस्थान के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष ललित चड्ढा ने बताया कि संस्थान के अध्यक्ष प्रवीण मेहन व उनके बेटे द्रोण पर 24 जून को हरी भाटी निवासी दुर्गा कॉलोनी, जंक्शन ने हमला कर चोटें मारी। इस संबंध में प्रवीण मेहन की ओर से जंक्शन पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया गया। मुकदमा दर्ज करवाने की रंजिश के चलते हरी भाटी व चार-पांच अन्य व्यक्तियों ने मंगलवार को पुनः प्रवीण जैन पर हमला करने का प्रयास किया और धमकी दी कि पुलिस थाने वाले उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकते हैं। वह उनसे मिल चुका है। संस्थान सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि हमला करने वाले आरोपी हरी भाटी को तुरंत गिरफ्तार करने के लिए जांच अधिकारी को आदेश दिया जाए।

आरा मशीन बंद करवाने की मांग

» कार्रवाई न होने पर दी धरना लगाने की चेतावनी

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

मदरसा के पीछे चल रहे लकड़ी आरा को बंद करवाने की मांग के संबंध में बुधवार को जंक्शन के वार्ड पांच, नई खुंजा के नागरिकों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। पार्षद अब्दुल हाफिज के नेतृत्व में जिला कलक्टर से मिले वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड पांच, नई खुंजा में चल रहे मदरसा हमीदिया में करीब 60-70 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मदरसा के बिल्कुल पीछे लकड़ी की आरा मशीन मशीन लगी हुई है। आरा मशीन दिन-रात चलती है। इससे ध्वनि प्रदूषण रहता है। धूल, मिट्टी, लकड़ी का बुरादा उड़ता रहता है। इससे वातावरण प्रदूषित होता है तथा मदरसे में पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई खराब होती है। उनके स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। दूषित वातावरण से लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है तथा दमा जैसी बीमारियां फैल रही हैं। आरा मशीन में लकड़ी की बड़ी ट्रालियां बाहर से आती हैं। लकड़ी के साथ कई खतरनाक व जहरीले जानवर आदि भी बाहर से आरे पर आ आते हैं जो आसपास के घरों में घुस जाते हैं। इससे कभी भी कोई जानी नुकसान हो सकता है। वार्डवासियों ने बताया कि 11 हजार की लाइन से आरा में विद्युत सप्लाई आ रही है। पूर्व में करंट लगने से टैंट उतारने वाले एक मजदूर की मृत्यु हो चुकी है। पिछले दिनों छत्त पर चढ़े एक बच्चे की भी 11 हजार वोल्टेज की विद्युत तारों से निकले करंट की चपेट में आने मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में करीब एक माह पहले भी लिखित में अवगत करवाया गया लेकिन नगर परिषद की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। मोहल्लेवासियों ने चेतावनी दी कि यदि 4 जुलाई तक उक्त आरा मशीन को बंद नहीं करवाया जाता है मोहल्लावासी अपने बच्चों को साथ लेकर 5 जुलाई को आरा के समक्ष धरना देंगे।

नहर में आए भ्रूण को कुत्तों ने बाहर निकाला, नोच खाया

तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़। जिले में पीलीबंगा थाना क्षेत्र में चक 40-एनडीआर के पास नहर में पानी के साथ बहकर आए एक पूर्ण विकसित भ्रूण को कुत्तों ने खींचकर बाहर निकाल लिया और नोच कर खाने लगे। पास ही खेत में पानी लगा रहे एक किसान धर्मपाल ने जब यह देखा तो उसने कुत्तों को भगाया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर आई पुलिस ने भ्रूण को जब्त कर लिया पीलीबंगा के सरकारी अस्पताल के मुर्दाघर में पहुंचाया। इस संबंध में मौके पर गए हवलदार राकेश मीणा द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात महिला पर पैदाइश को छुपाने के आरोप में धारा 318 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर सुमन द्वारा की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चक 40-एनडीआर एक किसान धर्मपाल पूनिया कल मंगलवार दोपहर को अपने खेत में पानी लग रहा था। तभी उसने नहर की पटरी पर दो आवारा कुत्तों को मानव भ्रूण नोचते-खाते देखा तो वह दौड़ कर आया।उसने कुत्तों को भगा दिया। पुलिस के मुताबिक नहर में बहकर आए भ्रूण के हाथ पैर पूर्ण रूप से विकसित थे। भ्रूण का रंग काला पड़ चुका था। पुलिस ने भ्रूण का पोस्टमार्टम करवाते समय डीएनए टेस्ट के लिए नमूना प्रिजर्व करवाया है। पुलिस पता लग रही है कि नहर में भ्रूण किसने फेंका।

खाला ध्वस्त कर नरमा की फसल की नष्ट

» पिता-पुत्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

हनुमानगढ़। खेत में घुसकर ट्रैक्टर से खाला ध्वस्त करने, नरमा की फसल नष्ट करने तथा काश्त नहीं करने देने के आरोप में जंक्शन पुलिस थाना में पिता-पुत्रों के खिलाफ कोर्ट से प्राप्त इस्तगासे के आधार पर मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार देवेन्द्र सिंह पुत्र वीरसिंह मजहबी निवासी रोड़ांवाली ने बताया कि उसकी कृषि भूमि चक 15 एलएलडब्ल्यू बी रोही चिश्तियां में है। 15 मई को वह अपने चाचा यशकरण सिंह व महावीर प्रसाद के साथ अपने खेत गया तो देखा कि निशान सिंह पुत्र पृथ्वीसिंह जटसिख व उसके लड़के टीकासिंह व हरदीप सिंह उर्फ ज्ञानी निवासी चिश्तियां ट्रैक्टर से धोरी खाला जिससे वह पानी लगाता है, को तोड़ रहे थे। उसने रोका तो इन तीनों ने उसे व उसके चाचा को जातिसूचक गालियां निकाली व कहा कि वे उन्हें खेत में काश्त नहीं करने देंगे। वह व उसके चाचा यशकरण सिंह डरते हुए अपने गांव आ गए। इसके बाद इन पिता-पुत्रों ने उसका धोरी खाला ध्वस्त कर उसकी जमीन में बोई हुई नरमा की फसल को ट्रैक्टर से हल चलाकर नष्ट कर बट बना उसकी जमीन को अपनी जमीन में मिला लिया। यह लोग उसे काश्त नहीं करने देते। न ही खेत में जाने दे रहे हैं। पुलिस ने एससीएसटी एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। तफ्तीश एससीएसटी सैल सीओ रणवीर साईं कर रहे हैं।

यात्रियों की जेब टटोल रहे दो युवकों की धुनाई

हनुमानगढ़। जंक्शन बस स्टैंड में खड़ी बस में यात्रियों की जेबें टटोलना दो युवकों को महंगा पड़ गया। इन युवकों को यात्रियों ने पकड़कर जमकर धुनाई कर डाली। धुनाई में एक युवक के मुंह से खून भी बहने लगा। सूचना पर पहुंची जंक्शन थाना पुलिस दोनों युवकों को अपने साथ ले गई। जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर को जंक्शन बस स्टैंड में दो युवक खड़ी बसों में यात्रियों की जेबें टटोल रहे थे। यात्रियों को इसकी भनक लगी तो उन्होंने दोनों युवकों को पकड़कर थाप-मुक्कों से जमकर धुनाई कर दी। इस दरम्यान एक युवक के मुंह से खून तक निकलने लगा। किसी ने इसकी सूचना जंक्शन पुलिस थाना में दी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को अपने साथ ले गई। यात्रियों के अनुसार दोनों युवक नशेड़ी प्रवृत्ति के हैं। उनकी जेब से मादक पदार्थ भी मिला। यात्रियों का कहना था कि बस स्टैंड में इस तरह की घटनाएं रोजाना सामने आ रही हैं।

विवाहिता ने दी आत्महत्या करने की चेतावनी

हनुमानगढ़। मुकदमे में कार्रवाई न होने से नाराज एक विवाहिता ने आत्महत्या करने की चेतावनी दी है। बुधवार को उक्त विवाहिता गुहार लेकर दोनों बच्चियों सहित जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। सेवामणी उर्फ पूनम शर्मा पत्नी विकास निवासी वार्ड 19, मॉडल टाउन फतेहाबाद हरियाणा हाल वार्ड 60, डाइट रोड सुरेशिया, हनुमानगढ़ जंक्शन ने बताया कि उसने महिला पुलिस थाना में 14 मार्च को मुकदमा दर्ज करवाया था। वह मुकदमा दर्ज करवाने के बाद से दोनों बच्चों के साथ जिला कलक्ट्रेट-एसपी कार्यालय व महिला पुलिस थाना के चक्कर काट रही है। लेकिन पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था जो अब जमानत पर बाहर खुलेआम घूम रहे हैं। उसे धमकी दी जा रही है कि वह अपने बच्चों सहित यहां से अन्यत्र नहीं गई तो वे उसे बच्चियों सहित जान से मरवा देंगे। पुलिस की ओर से उसके पति के मोबाइल नम्बरों की लोकेशन नहीं निकाली जा रही। न ही आरोपियों से स्त्रीधन आदि की बरामदगी की जा रही है। सेवामणी उर्फ पूनम ने चेतावनी दी कि यदि अब भी कार्रवाई न हुई तो आत्महत्या कर लूंगी।

रोट्रेक्ट क्लब हनुमानगढ़ को 8 जिला पुरस्कार

» 2 साउथ एशिया पुरस्कारों से भी नवाजा

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

रोट्रेक्ट क्लब हनुमानगढ़ ने इस वर्ष अपने उत्कृष्ट कार्यों और सेवा भाव के चलते 8 प्रतिष्ठित जिला पुरस्कार और 2 प्रतिष्ठित साउथ एशिया पुरस्कार प्राप्त किए हैं। यह पुरस्कार संगरूर में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किए गए। क्लब के अध्यक्ष पारस गर्ग के नेतृत्व में क्लब पदाधिकारियों ने यह पुरस्कार प्राप्त किए। क्लब अध्यक्ष पारस गर्ग के अनुसार हनुमानगढ़ का क्लब अपने क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए जाना जाता है। हमारी सफलता का श्रेय हमारे समर्पित सदस्यों को जाता है जिन्होंने अपने अथक प्रयासों और सेवाभाव के साथ क्लब की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सभी को इस सफलता पर गर्व है और आशा करते हैं कि इसी प्रकार से समाज में सेवा और समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत करते रहेंगे। उन्होंने बताया कि जिन आठ जिला पुरस्कारों से रोट्रेक्ट क्लब हनुमानगढ़ को सम्मानित किया गया उनमें सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष पुरस्कार, जिला 3090 का सर्वश्रेष्ठ क्लब पुरस्कार, नया क्लब चार्टर पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ रक्तदान अभियान पुरस्कार, अधिकतम संख्या में परियोजनाओं का पुरस्कार, जिला 3090 का स्तंभ पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ डीआरएस 3090 का पुरस्कार व जिला 3090 के सर्वश्रेष्ठ रोट्रेक्टर का पुरस्कार शामिल है। इसके अलावा क्लब ने रोटरेक्ट साउथ एशिया के जो दो पुरस्कार प्राप्त किए हैं उनमें रोट्रेक्ट दक्षिण एशिया में सर्वश्रेष्ठ परियोजना पुरस्कार व हैप्पी मोमेंट पुरस्कार शामिल है। पारस गर्ग ने बताया कि रोटरी इंटरनेशनल अवार्ड्स के लिए केवल सात क्लबों का चयन हुआ है। इसमें हनुमानगढ़ क्लब का नाम भी शामिल है। इस कार्यक्रम में रोट्रेक्ट क्लब हनुमानगढ़ सचिव मोहित बंसल, डीआरएस आशीष गुप्ता, कुणाल गोयल, अंकित शर्मा, प्रतीक गोयल, इश्चित जैन, प्रथम मित्तल, दीपांशु गोयल, निखिल गर्ग शामिल हुए।

यश अग्रवाल बने पॉल हैरिस फाउंडेशन के सदस्य

» डीजी और डीजीई ने पहनाई पीएचएफ की विशेष पिन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

रोटरेक्ट क्लब हनुमानगढ़ के सक्रिय सदस्य यश अग्रवाल को पॉल हैरिस फाउंडेशन (पीएचएफ) का सदस्य बनाया गया है। इस उपलब्धि के लिए यश अग्रवाल को संगरूर में आयोजित एक विशेष समारोह में सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में यश अग्रवाल को पीएचएफ की विशेष पिन डीजी घनश्याम कंसल और डीजीई डॉ. संदीप चौहान की ओर से पहनाई गई। यश अग्रवाल की इस उपलब्धि पर उन्हें रोटरी और रोटरेक्ट क्लब के वरिष्ठ सदस्यों ने बधाई दी। यश अग्रवाल ने रोटरेक्ट के विभिन्न प्रोजेक्ट्स में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और समाज सेवा में उनका योगदान अतुलनीय है। उनकी सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व क्षमता के चलते उन्हें पीएचएफ का सदस्य बनाया गया है। रोटरेक्ट क्लब पदाधिकारियों के अनुसार पॉल हैरिस फाउंडेशन का सदस्य बनना किसी भी रोटरेक्ट सदस्य के लिए बहुत बड़ा सम्मान होता है। यह फाउंडेशन रोटरी इंटरनेशनल के संस्थापक पॉल हैरिस की स्मृति में स्थापित किया गया था। इसका उद्देश्य रोटरी के सामाजिक और सेवा कार्यों को बढ़ावा देना है। पीएचएफ सदस्यता उन सदस्यों को प्रदान की जाती है जिन्होंने समाज सेवा में विशिष्ट योगदान दिया हो। कार्यक्रम में रोटरेक्ट क्लब के अध्यक्ष पारस गर्ग, सचिव मोहित बंसल, डीआरएस आशीष गुप्ता, कुणाल गोयल, अंकित शर्मा, प्रतीक गोयल, इश्चित जैन, प्रथम मित्तल, दीपांशु गोयल, निखिल गर्ग भी शामिल हुए।

नशा मुक्ति केंद्र में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसके तहत भर्ती मरीजों को मुख्य अतिथि संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया द्वारा नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई गई, उन्होंने अपने विचार रखें। संस्था संचालक संदीप अनेजा द्वारा नशे की दुष्प्रभावो पर विचार व्यक्त किये व युवा पीढ़ी में बढ़ रहे नशे के लत पर चिंता जताई, संस्था अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने नशे के कारण बढ़ रही बीमारियां एचआईवी एचसीवी आदि पर चिंता जताई है व नशा छोड़कर समाज की मुख्य धारा में जुड़ने का संदेश दिया। इस मौके पर बलकरण सिंह, राजेंद्र सिंह, कुलविंदर सिंह, सुखराज सिंह, काशीराम, गुलजार सिंह, बलविंदर सिंह, कुलदीप कुमार मौजूद रहे । संस्था संचालक संदीप कुमार व धर्मेंद्र सिंह द्वारा विधायक पूनिया का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

नशा न करने की दिलवाई शपथ

हनुमानगढ़। अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के मौके पर बुधवार को गांव सतीपुरा स्थित बालाजी नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने समाज व युवा वर्ग में फैल रहे नशे की रोकथाम से संबंधित विचार रखे। डॉ. नितिन सिंह ने कहा कि नशे की वजह से कई परिवार उजड़ गए। नशे की वजह से घातक बीमारियां जन्म ले रही हैं। संस्था निदेशक अनिल पूनिया ने केन्द्र में इलाज ले रहे लोगों को भविष्य में नशा न करने की शपथ दिलवाई। इस मौके पर नशा छोड़ने के लिए बीपीएल कार्ड धारकों को दवा का वितरण किया गया। इस मौके पर गगन गिल, अजय कुमार, महेन्द्र जाखड़ आदि मौजूद रहे।

गोबर के ढेर मकानों से निर्धारित दूरी पर लगाने का आश्वासन

» वार्ड पार्षद की मध्यस्थता में वार्डवासियों की अध्यक्ष के साथ वार्ता में बनी सहमति

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

टाउन की भभूता सिद्ध कॉलोनी, वार्ड 27 में चल रही नंदीशाला में अव्यवस्थाओं से परेशान आसपास के रहवासी बुधवार को पार्षद भूपेन्द्र नेहरा के नेतृत्व में जिला नंदीशाला अध्यक्ष विजय रोंता से मिले। कॉलोनीवासी सोनिया ग्रोवर ने बताया कि कॉलोनी में स्थित कल्याण भूमि नंदीशाला में सफाई की उचित व्यवस्था नहीं है। वार्डवासी गोबर से उठने वाली दुर्गंध व नंदीशाला से घरों में घुसने वाले कीड़ों से परेशान हैं। आंधी अथवा तेज हवाएं चलने के दौरान गोबर उड़कर घरों में आने से अत्यधिक परेशानी होती है। बरसाती पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। नंदीशाला की निजी दीवार भी नहीं है। नंदीशाला में मकानों के साथ गोबर लगाया जाता है। अगर नंदीशाला में किसी पशु की मौत हो जाए तो उसे समय पर उठाने की व्यवस्था नहीं। मृत नंदी के शव को कुत्ते नोंच कर क्षत-विक्षत कर देते हैं। इससे अत्यधिक बदबू आती है। नंदीशाला में बंद गोवंश की लड़ाई से आसपास के मकानों को भी खतरा है। इस समस्या के बारे में कई बार नंदीशाला प्रधान और गोशाला प्रधान को अवगत करवाया गया लेकिन समस्या जस की तस है। नंदीशाला के कर्मचारी शिकायत करने वाले वार्डवासियों के साथ लड़ाई-झगड़ा करने पर उतारु हो जाते हैं। उधर, वार्ड पार्षद की मध्यस्थता में हुई वार्ता में तय हुआ कि गोबर के ढेर घरों की दीवार के साथ की बजाए उससे 80 से 100 फीट की दूरी पर लगाए जाएंगे। इसमें नगर परिषद से जेसीबी आदि का सहयोग लिया जाएगा।

नशीली दवाओं के होते दुरुपयोग के बारे में किया जागरूक

अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर की ओर से प्रेषित स्टेट एक्शन की पालना में बुधवार को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के मौके पर प्रगति पुस्तकालय में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) शिवचरण मीना के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता रामनाथ भाटी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस हर साल 26 जून को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और दवाओं के अवैध व्यापार के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग के नकारात्मक प्रभाव के साथ-साथ वैश्विक दवा समस्या से निपटने के लिए सरकारों और संगठनों के प्रयासों के बारे में जानकारी फैलाना है। पैनल अधिवक्ता प्रीतपाल सिंह ने इस दिन का महत्व बताते हुए छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि यह दिन नशीली दवाओं के अवैध व्यापार पर ध्यान केन्द्रित करता है। यह दिन वैश्विक दवा समस्या के समाधान में मिली सफलताओं और प्रगति का जश्न मनाने का मौका प्रदान करता है।

किसान छात्रावास की वार्षिक आमसभा सम्पन्न

तेज रिपोर्टर. नोहर। स्थानीय किसान छात्रावास की वार्षिक आमसभा पंचायत समिति प्रधान सोहन ढिल के मुख्य आतिथ्य में तथा समिति के सभाध्यक्ष चेतराम कारेला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में छात्रावास विकास संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से छात्रावास विकास समिति कार्यकारिणी के अध्यक्ष शयोचंद घिटाला, सचिव जगदीशचंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष दिलीप सिंह बेनीवाल सहित कार्यकारिणी को को आगामी 2 वर्ष के लिए यथावत रखा गया साथ ही उपस्थित जनो ने छात्रावास विकास हेतु सदस्यता अभियान व सहयोग राशि एकत्रित करने की योजना की शुरुआत की। बैठक में गत वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक में उग्रसेन सहारन, जगदीश बुरडक, रामप्रताप पूनिया, अमर सिंह सहारन,दयाराम साहू, कृष्ण महिया, प्रताप महरिया, जगदीश पूनिया, कृष्ण सारण, रतिराम साहू, देवीलाल साहू, शयोपतराम भोभिया, अमर सिंह साहू गूगन सिहाग, हंसराज कड़वासरा आदि उपस्थित रहे। छात्रावास अधीक्षक मोहन सुथार ने कार्यक्रम का संयोजन किया।

मिर्जापुर के लोकप्रिय होने से पहले हम सिर्फ 'कलाकार' थे

मिर्जापुर सीरीज में कालीन भैया का किरदार निभाने वाले फेमस एक्टर पंकज त्रिपाठी ने कहा कि शो के चर्चित होने से पहले उन्हें और अन्य सितारों को सिर्फ एक कलाकार के रूप में जाना जाता था। पंकज ने कहा कि मिर्जापुर ने मेरे करियर में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विशेष रूप से इंटरव्यू के दौरान पत्रकार अक्सर हमें स्टार कास्ट कहकर बोलते हैं, लेकिन मिर्जापुर के वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय होने से पहले, हम केवल शो के कास्ट थे। कलाकारों में अली फजल, श्वेता त्रिपाठी शर्मा, रसिका दुग्गल, विजय वर्मा, ईशा तलवार, अंजुम शर्मा, प्रियांशु पैनयुली, हर्षिता शेखर गौड़, राजेश तैलंग, शीबा चड्ढा, मेघना मलिक और मनु ऋषि चड्ढा भी शामिल हैं। पंकज आज जिस स्टारडम का आनंद ले रहे हैं, उसका श्रेय मिर्जापुर को देते हैं। उन्होंने कहा कि यह मिर्जापुर ही है, जिसने हमें स्टार बना दिया। सीजन-1 के बाद, प्रशंसकों, खासकर महिलाओं से मुझे जो प्रतिक्रिया मिली, उसने मुझे आश्चर्यचकित कर दिया। इससे मुझे एहसास हुआ कि कालीन भैया किसी भी अन्य डॉन से अलग है, जिसे भारतीय दर्शकों ने कभी सेल्युलाइड पर देखा है।

पंकज ने कहा कि पारंपरिक माफिया और डॉन के विपरीत, वह प्रभावी रूप से मृदुभाषी, नैतिक और भरोसेमंद होने का दिखावा करते हैं। कालीन भैया कोई आम अपराधी नहीं है, यही उन्हें दूसरों से अलग बनाता है। हम इंसानों के कई पहलू होते हैं और कालीन भैया इसका सटीक चित्रण हैं। 2018 में शुरू हुई इस सीरीज के पहले सीजन में पंकज के किरदार अखंडानंद त्रिपाठी को दिखाया गया है, जिसे कालीन भैया के नाम से जाना जाता है, जो उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के मिर्जापुर में एक खूंखार गैंगस्टर है। एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित मिर्जापुर सीजन 3 का निर्देशन गुरमीत सिंह और आनंद अय्यर ने किया है। दस एपिसोड की यह सीरीज 5 जुलाई को प्राइम वीडियो पर विशेष रूप से प्रीमियर होगी। फिल्मों की बात करें तो पंकज अगली बार अमर कौशिक की हॉरर कॉमेडी स्त्री 2 में नजर आएंगे। यह फिल्म 2018 की फिल्म स्त्री का सीक्वल है, जिसमें श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना ने अभिनय किया है।

बड़े हीरो के साथ काम करने में कंफर्टेबल नहीं थी

ईशा कोप्पिकर ने हाल ही में बॉलीवुड में अपने स्ट्रगलिंग फेज और चुनौतियों पर बात की। उन्होंने ये भी कहा कि बड़ी उम्र के हीरो के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस करने में उन्हें कितना अनकंफर्टेबल महसूस होता है। एक इंटरव्यू में ईशा ने कहा कि ऐसा करने पर उन्हें लगता था कि जैसे वो अपने पिता को गले लगा रही हैं।

इंटरव्यू में ईशा ने कहा, अपने से 30 या 20 साल बड़े हीरो के साथ काम करने में अनकंफर्टेबल लगता था । मैं भी जब फिल्मों में काम करती थी तो काफी असहज हो जाती थी। बड़े हीरो के साथ काम करने में पार्टनर या लवर को गले लगाने की फीलिंग नहीं आती बल्कि ऐसा लगता है जैसे आप अपने पिता को गले लगा रहे हो। मुझे तो ऐसा ही लगता था। मैं तब नई थी, मुझे लगता था फिल्मों में ऐसा ही होता होगा। फिर खुद को समझाती थी कि आपको अपने पार्ट पर फोकस करना चाहिए न कि किसी की उम्र पर।

ऑडियंस बेवकूफ नहीं है

ईशा ने सीनियर एक्टर्स के यंग एक्ट्रेसेस के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस पर कहा, सीनियर एक्टर्स को समझना चाहिए कि अब वो कैसे दिखते हैं और फिर उसके मुताबिक रोल चुनने चाहिए। मैं उम्मीद करती हूं कि अब इसमें बदलाव हो क्योंकि ऑडियंस बेवकूफ नहीं है। मैंने थिएटर में ऑडियंस को कहते हुए सुना है, ये कितना बुड्ढा लग रहा है, घर पे बैठ, अपनी बेटी की उम्र की लड़की के साथ रोमांस कर रहा है। ऑडियंस बिंदास वो बात कहती है जो कि सच है। सोशल मीडिया की वजह से अब सबको सच पता चल जाता है। ईशा खल्लास गर्ल नाम से मशहूर हुई ईशा ने 1998 में आई तमिल फिल्म काढ़ल कविताई से डेब्यू किया था। इस फिल्म के लिए उन्हें फिल्मफेयर बेस्ट फीमेल डेब्यू अवॉर्ड भी मिला था। ईशा ने 2000 में आई फिल्म फिजा से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म में करिश्मा कपूर और ऋतिक रोशन मुख्य भूमिकाओं में थे। वो अब तक कन्नड, तेलुगु, तमिल, मराठी और हिंदी फिल्मों में काम कर चुकी है।

खुद को निगेटिविटी से दूर रखते हैं कार्तिक आर्यन

एक्टर कार्तिक आर्यन इन दिनों फिल्म चंदू चैंपियन' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म से एक्टर को ना सिर्फ दर्शकों का प्यार मिल रहा है। बल्कि इंडस्ट्री के लोग भी कार्तिक आर्यन के काम की सराहना कर रहे हैं। जबकि एक समय इंडस्ट्री में उनके बारे काफी निगेटिव बातें होती थी। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान कार्तिक ने बताया कि वो निगेटिविटी से खुद को कैसे दूर रखते हैं। कार्तिक आर्यन ने कहा- मैंने निगेटिविटी से अलग रहने की कला सीख ली है। फालतू बातों पर ध्यान देने के बजाय सिर्फ अपने काम पर ध्यान देता हूं। मेरा मानना है कि आप का काम बोलता है। मैं अपने काम के जरिए जवाब देना पसंद करता हूं। करण जौहर के साथ विवाद और संदीप सिंह के आरोप तक कार्तिक आर्यन चुप रहे। उन्होंने कहा- मैं बोलकर किसी को भी जवाब नहीं देता हूं। मैं अपने काम के जरिए जवाब देना पसंद करता हूं। मैं चुप रहकर सब सुनता हूं। इसमें बहुत ताकत होती है। चंदू चैंपियन' देखने के बाद करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक स्टोरी शेयर की थी। उन्होंने चंदू चैंपियन का एक पोस्टर शेयर करते हुए कार्तिक आर्यन और डायरेक्टर कबीर खान की तारीफ थी।



ओटीटी पर काम करके खुश हैं सुचित्रा

सुचित्रा पिल्लई बॉलीवुड की कई हिट फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं। साथ ही साथ उन्होंने की टीवी शो में भी काम किया है। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान वे टीवी में भूमिकाओं के बारे बारे बातें करते हुए बोलीं, मैं टीवी पर निगेटिव रोल निभा कर थक गई थी। कुछ नया करने को नहीं मिल रहा था। बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सुचित्रा पिल्लई इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। पिछले दिनों वे ब्रोकन न्यूज 2 में नजर आई थीं। इस शो में को दर्शकों को उनका किरदार काफी पसंद आया है। हाल ही में अभिनेत्री एक इंटरव्यू के दौरान बॉलीवुड में अपने करियर और ओटीटी पर अपनी नई शुरुआत के बारे में खुलकर बातें करती नजर आई। सुचित्रा पिल्लई अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मैं अब 53 साल की हो चुकी हूं, लेकिन पिछले तीन साल में मैंने जितना काम किया है उतना तो मैंने 20 साल की उम्र में नहीं किया था। मैं ओटीटी का धन्यवाद देना चाहती हूं कि मुझे इस उम्र में इतनी अलग-अलग भूमिकाएं निभाने को मिल रही हैं। यहां पर मुझे जो भूमिकाएं मिल रही हैं वे सब महिला प्रधान भूमिकाएं हैं। यहां मुझे मेरे टैलेंट को दिखाने का मौका मिल रहा है।

ब्रोकन न्यूज 2 का हिस्सा बनकर खुश हूं

सुचित्रा पिल्लई को हाल में ब्रोकन न्यूज के दूसरे सीज़न में देखा गया था। इस शो में सोनाली बेंद्रे और जयदीप अहलावत के साथ नजर आई थीं। इस शो के बारे में बातें करते हुए अभिनेत्री कहती हैं, मैं इस शो का हिस्सा बनकर काफी खुश हूं। ऐसे शो का हिस्सा बनना बहुत अच्छा है जिसका लोग सम्मान करते हैं और इतनी तारीफ करते हैं। ओटीटी पर काम करते हुए मैंने महसूस किया है यहां कोई ईगो की लड़ाई नहीं होती है। सब प्यार से एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करते हैं। यहां का माहौल काफी सकारात्मक है।



शाहरुख खान के साथ फिर हाथ मिलाएंगे फरहान अख्तर

एक्टर, प्रोड्यूसर और डायरेक्टर फरहान अख्तर ने इंडस्ट्री के कई कलाकारों के साथ काम किया है। शाहरुख खान के साथ वह फिल्म डॉन लेकर आए। फिल्म की दोनों कड़ी खूब हिट रहीं और अब दर्शकों को इसकी तीसरी कड़ी का इंतजार है। डॉन फ्रेंचाइजी की दोनों फिल्मों में शाहरुख खान नजर आए। लेकिन, तीसरी फिल्म में उनकी जगह रणवीर सिंह ने ली है। ऐसे में किंग खान के फैंस यह जानना चाहते हैं कि फरहान अख्तर अब शाहरुख खान के साथ कब फिल्म लेकर आएंगे। इस पर उन्होंने प्रतिक्रिया दी है। कुछ ऐसा विषय खोज लेंगे हाल ही में पिंकविला के साथ बातचीत में फरहान अख्तर ने शाहरुख खान के साथ काम करने को लेकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि वे निश्चित रूप से कुछ ऐसा ढूंढ लेंगे, जिस पर वे और शाहरुख खान एक साथ काम करना चाहेंगे। उन्होंने शाहरुख के साथ काम करने का विश्वास जताया और कहा कि हम ऐसा कुछ विषय जरूर ढूंढ लेंगे। किंग खान फरहान के साथ पहले कर चुके हैं काम शाहरुख खान ने वर्ष 2006 में आई फरहान अख्तर के निर्देशन में बनी फिल्म डॉन में काम किया। फिर 2011 में आई डॉन 2 में काम किया। शाहरुख खान ने फरहान अख्तर के प्रोडक्शन की फिल्म लक बाय चांस में भी गेस्ट रोल अदा किया। इसमें फरहान अख्तर भी नजर आए थे। इसके अलावा शाहरुख खान की 2017 में आई फिल्म रईस में भी फरहान अख्तर की निर्माता कंपनी सह-निर्माता थी।



डेब्यू वेब सीरीज गोट में नील नितिन मुकेश के साथ नजर आएंगी जैकलीन

जैकलीन फर्नांडीज हिंदी सिनेमा की कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं, लेकिन वह अभी तक एक सशक्त अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान स्थापित नहीं कर सकी हैं। अभिनेत्री इन दिनों अपनी डेब्यू ओटीटी सीरीज को लेकर व्यस्त चल रही हैं। उन्हें उम्मीद है कि वह बतौर अभिनेत्री इस सीरीज से दर्शकों के बीच अपनी एक पुख्ता पहचान बना पाएंगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक,अभिनेत्री की इस डेब्यू वेब सीरीज को जियो सिनेमा ने आर्थिक रूप से समर्थन दिया है, जिसका शीर्षक गोट रखा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस म्यूजिकल ड्रामा की शूटिंग लगभग समाप्त हो चुकी है। जैकलीन की इस डेब्यू सीरीज का पूरा नाम ग्रेटेस्ट् ऑफ ऑल टाइम्स है। इसमें मुख्य अभिनेता के तौर पर नील नितिन मुकेश भी नजर आने वाले हैं। हालांकि, वह जैकलीन के सामने एक चुनौतीपूर्ण किरदार में नजर आएंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार, जैकलीन इसमें डांस का प्रशिक्षण देने वाली एक महिला के किरदार में होंगी। वहीं, नील इसमें संगीत सिखाने वाले एक शिक्षक के रूप में नजर आएंगे। पूरी सीरीज में दोनों के बीच उनकी अपनी-अपनी कला को लेकर एक दूसरे से प्रतियोगिता दिखाई जाएगी। इस सीरीज में कई नए कलाकार भी नजर आएंगे।

नील के पास संगीत विरासत को सम्मानित करने का मौका

सीरीज को लेकर दोनों के फैंस काफी उत्साहित हैं, क्योंकि दोनों ही अभिनेता उन किरदारों को निभा रहे हैं, जिनसे वो गहराई से जुड़े हुए हैं। जैकलीन काफी अच्छी डांसर हैं, जबकि नील के पिता और दिवंगत दादा को गायक के रूप में जाना जाता रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह पहला मौका होगा, जब अभिनेता को अपनी संगीत विरासत को स्क्रीन पर सम्मानित करने का अवसर मिल रहा है। उनके लिए यह किरदार वास्तविकता के बेहद करीब होगा। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि भले ही इस सीरीज को जियो सिनेमा का समर्थन है, लेकिन इस के रिलीज के लिए अन्य ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर भी विचार किया जा रहा है। हालांकि, निर्माता पहले इसकी शूटिंग समाप्त होने का इंतजार कर रहे हैं। उसके बाद ही इसको स्ट्रीम करने को लेकर फैसला किया जाएगा। इस सीरीज में दो ग्रुप में कई नए कलाकार भी अभिनय करते नजर आएंगे, जिन्हें ये दोनों मुख्य कलाकार ट्रेनिंग देते नजर आएंगे।

सुभाष घई की फिल्म से इंडस्ट्री में छाई थीं सई ताम्हणकर

अभिनेत्री सई ताम्हणकर अपना 38वां जन्मदिन मना रही हैं। सई ताम्हणकर का जन्म महाराष्ट्र के सांगली में हुआ था। वह मराठी, तमिल और मलयालम भाषा की फिल्मों के साथ-साथ बॉलीवुड में भी अपनी अदाकारी का जलवा बिखेर चुकी हैं। फिल्मों में आने से पहले सई ताम्हणकर कबड्डी की स्टेट लेवल प्लेयर भी रह चुकी हैं। उन्होंने कराटे में भी ऑरेंज बेल्ट हासिल की है। साई ने सुभाष घई की फिल्म ब्लैक एंड व्हाइट से सिल्वर स्क्रीन पर पहला कदम रखा था।

सुभाषचन्द्र हत्याकांडः धरना छठे दिन वार्ता के बाद समाप्त धरनार्थियों-थानाधिकारी की नोक-झोंक का वीडियो वायरल

- मामले की जांच संगरिया वृत अधिकारी, अन्य जांच सीओ नोहर को सौंपी गई, विवादित एएसआई को एडिशन कार्यलय लगाया

तेज. रिपोर्टर| फेफाना/चारणवासी

गांव गुडिया के सुभाषचन्द्र नायक हत्याकांड को लेकर मृतक की पत्नी रोशनी सहित ग्रामीणों का फेफाना थाना के आगे चल रहा अनिश्चितकालीन धरना बुधवार 6 वें दिन धरनार्थियों- पुलिस उच्चाधिकारियों के बीच समझौता वार्ता के बाद उठा लिया गया। बताते चलें कि मृतक की पत्नी रोशनी देवी की तबीयत खराब के कारण सोमवार शाम तक हनुमानगढ़ इलाज करवाकर पुनःमंगलवार से धरने पर बैठ गई। गर्मी अधिक होने के कारण बुधवार को पुनःतबीयत बिगड़ जाने पर इलाज करवाने की बजाय धरनार्थियों-थानाधिकारी के बीच विवाद हो गया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में थानाधिकारी विजेन्द्र शर्मा धरने में सहयोगी लोगों पर जानबूझ कर महिला से तबीयत खराब करवाने का तर्क देते हुए नोक-झोंक की। धरनार्थी शंकर दास स्वामी ने उच्चाधिकारियों के सामने थानाधिकारी ने महिला सिपाही की बजाय खुद पीड़ित महिला को जीप में डालने लगा जिसका विरोध कर रूकवाया। नतीजन थानाधिकारी ने महिला कांस्टेबल की बजाय पीड़ित महिला के साथ दुर्व्यवहार किया। जिससे लेकर धरनार्थियों में रोष बढ़ने की सूचना मिलने पर नोहर एडिशनल एसपी सुभाषचन्द्र व सीओ ईश्वर सिंह मौके पर पहुंचे। मृतक की पत्नी रोशनी, बेटा सत्यवीर-सुनील, महेश राठोड़, संजय मेघवाल, चन्द्रभान आर्य, भालसिंह (गुडिया), जेतपाल, मांगीलाल के मध्यवार्ता में मामले की जांच संगरिया वृत अधिकारी को सौंपी गई,मामले में विवादित एएसआई इंद्राज सिंह को जांच पूर्ण होने तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यलय नोहर में उपस्थिति देने व मृतक के इलाज में देरी सहित जांच में देरी सहित प्रकरण की जांच सीओ नोहर ईश्वर सिंह द्वारा की जाने पर सहमति बनी। ग्रामीणों ने पीड़ित महिला को जूस पिलाकर धरना उठवाया।

ये था मामलाः बताते चलें कि मृतक की पत्नी के बयान पर पुलिस ने ससुर रामजीलाल (70)पुत्र लिछमण राम नायक निवासी 14 जेएसएन(गुडिया)व देवर सूबे सिंह व ननदोई श्रीचंद पर मारपीट कर हत्या के करने का मामला दर्ज करवाया था। 30 मई को पुलिस ने रामजीलाल व सूबे सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिए गए। लेकिन मृतक की पत्नी रोशनी सहित धरनार्थियों ने आरोप लगाया कि मामले में आरोपी सूबे सिंह के बेटे के नाम को पुलिस ने भारी भरकम रकम लेकर निकालने व घायल व्यवस्था में सुभाषचन्द्र नायक को 26 मई सुबह अस्पताल से पहले थाना लेकर आए जहां उपस्थित एएसआई इंद्राज सिंह सहित ने घायल को लेकर आए सहयोगी युवकों को हवालात में डालकर घायल को डेढ घंटे सड़क पर तड़फता छोड़े रखा व देरी से अस्पताल ले जाने से चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था। परिजनों का आरोप है कि समय पर एएसआई अस्पताल ले जाता तो सुभाष बच जाता। सभी बिन्दुओं की जांच करवाने की मांग को लेकर 6 दिन से मृतक की पत्नी सहित फेफाना थाना के आगे धरने पर बैठे थे।

महिला को कांस्टेबल ने जीप में चढ़ाया

थानाधिकारी विजेन्द्र शर्मा ने बताया कि सिर्फ धरनार्थियों को समझाइश कर रहा था। अन्य आरोप निराधार है महिला को हाथ तक नहीं लगाया अन्य महिला कांस्टेबल ने उठाई थी। कांस्टेबल मंजू-सरोज ने बताया कि थानेदार ने महिला को नहीं उठाया । हमने जीप में चढ़ाई थी।

एसई ने किया जल उपयोक्ता प्रबंध समिति बीके 12 का विघटन, अध्यक्ष-टीसी मेंबर को किया सस्पेंड

तेज. रिपोर्टर| चारणवासी

पानी बारी परिवंतन मामले में एसई नोहर द्वारा बीके 12 की प्रबंध समिति का विघटन किया है। बताते चलें कि भादरा एक्सईएन की 18 जून की रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी कृषक श्रवण पुत्र रामस्वरूप व अन्य चक 8 एनटीआर के रक्कबे की 29 बीघा बारी एवं चक 12 एनटीआर की 29 बीघा की बारी कुल 58 बीघा बारी जो 10 एनटीआर में बंधी थी उक्त बारियां जिलेदार की रिपोर्ट के अनुसार 1990 से पहले की बारी होने के चलते काटा नहीं जा सकता और चैयरमैन जल वितरण समिति बीके 10 नेठराना वितरिका द्वारा चक 10 एनटीआर की बाराबंदी पर स्थगन आदेश जारी किया कि पुरानी बाराबंदी रहे व विवाद ना हो। 8 जून को एनटीआर के काश्तकारों को सुनवाई के दौरान स्थगन की पालना के निर्देशित किया। सक्षम स्तर से मार्गदर्शन प्राप्त कर नवीनतम बारियों को नवीन पर्ची के अनुसार निस्तारित करने का निर्णय लिया,7 जून को अमरसिंह सिस्टम पानी प्रभावित हो रहा था लेकिन चैयरमैन के स्थगन के चलते पानी की नई पर्ची लागू नहीं हो सकती थी संबंधित अध्यक्ष द्वारा स्थगन आदेश के बावजूद काश्तकारों को नवीन पर्चियों से पानी लगवाने से विवाद उत्पन्न हो गया। बीके 12 अध्यक्ष पालाराम (नेठराना) द्वारा नई पर्ची से पानी की बारी लगवाने के कारण प्रार्थी पानी की बारी से वंचित रह गया। इसके उपरांत जल उपयोक्ता संगम अध्यक्ष को नोटिस जारी किया गया जिसके जवाब में अध्यक्ष ने बताया कि चक के काश्तकारों द्वारा सहमति नहीं बन पायी एवं काश्तकारों द्वारा पानी की पर्ची लगा ली। अधिशाषी अभियंता भादरा के 18 जून के पत्रांक 1597 द्वारा अध्यक्ष बीके 12 को राजस्थान सिंचाई प्रणाली के प्रबंध में कृषकों की सहभागिता अधिनियम 2000 की धारा 45 के तहत प्रबंध समिति को विघटन करने की अनुशंसा के आधार पर बीके 12 अध्यक्ष पालाराम द्वारा राजस्थान सिंचाई प्रणाली के प्रबंध में कृषकों की सहभागिता अधिनियम, 2000 के अध्याय 3 की धारा 17 (ण) वितरण एवं परियोजना समितियों के विनिश्चियों की पालना नहीं करने के कारण अधिनियम 2000 के उपबंधो के उल्लघंन करने पर प्रबंध समिति बीके 12 का तुरंत प्रभाव से विघटन किया गया है।

5 महीने पहले दो गुटों में टकराव की घटना में एक और आरोपी गिरफ्तार, कब तक सात काबू

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

स्थानीय पुरानी आबादी के वार्ड नंबर 5 में केदार चौक क्षेत्र में लगभग 5 महीने पहले दो गुटों के युवकों में हुए खूनी टकराव तथा फायरिंग की घटना में फरार चल रहा है एक और आरोपी पकड़ा गया है। इसे मिलाकर अब तक सात आरोपी पकड़े जा चुके हैं। घटना की जांच कर रहे डीएसपी(अजा/जजा) विष्णु खत्री ने बताया कि विगत 29 जनवरी की दोपहर लगभग 2ः30 बजे हुई इस घटना के संबंध में रोहित मेघवाल (22) द्वारा जानलेवा हमला करने के आरोप में अनेक युवकों को नामजद करते हुए अन्य अनेक व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज करवाए गए मुकदमे में फरार चल रहा दीपक पुत्र वीरूराम पकड़ में आ गया है।रोहित द्वारा दर्ज करवाए गए मुकदमे में पुरानी आबादी निवासी दीपक की ही गिरफ्तारी शेष थी।इससे पहले दीपक के आधा दर्जन साथी पकड़े जा चुके हैं। हत्या के प्रयास के आरोप में यह मामला दर्ज किया गया था। उस दिन दोपहर को केदार चौक की एक गली में रोहित, उसके भाई पवन उर्फ डेडर, काकू और राजन पंडित आदि 20 25 युवक खड़े थे तभी का मियों की ढाणी की ओर से आए प्रमोद उर्फ पोदी दीपू, साहिल उर्फ भाइडा,संदीप उर्फ आधार, ऐश अली, शाहरुख खान के भतीजे और भांजे, राहुल उर्फ गग्गी,माहिर शेरगिल तथा कालू खान आदि से झगड़ा हो गया।दोनों तरफ से लाठी- डंडे तथा ईंट-पत्थर ही नहीं चल बल्कि फायरिंग भी की गई। रोहित ने आरोप लगाया कि प्रमोद उर्फ पोदी से राहुल ने पिस्तौल लेकर फायर किए थे। दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश के चलते यह घटना हुई थी। जांच अधिकारी ने बताया कि रोहित को अदालत में पेश किया जा रहा है।

एएनएम राज कौर ने मौसमी बीमारियों से बचाव के बताए उपाय

तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा। डींगवाला पंचायत मुख्यालय के सब सेंटर की एएनएम राज कौर ने बुधवार को मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। पंचायत क्षेत्र में चल रहे मनरेगा कार्य स्थल पर जाकर उन्होंने मौसम में हो रहे परिवर्तन से बचाव रखने एवं नियमित रूप से थोड़े-थोड़े अंतराल में बार बार शुद्ध पेयजल पीने, छोटे बच्चों एवं बुजुर्गों का धूप से ध्यान रखने एवं हरी व पत्तेदार सब्जियों का अत्यधिक सेवन करने का आग्रह करते हुए किसी भी प्रकार का बुखार होने पर रक्त की जांच एवं सब सेंटर के माध्यम से ब्लड सैंपल भिजवाने, ग्रामीण क्षेत्र की बुजुर्ग महिलाओं के पैरों में दर्द, जकड़न आदि की समस्याओं पर भी निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श दिया। इस मौके पर आशा सहयोगिनी सरोज देवी, मनरेगा श्रमिक एवं पंचायत कार्मिक मौजूद रहे।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन अभिवृद्धि राशि हस्तांतरण कार्यक्रम आज

» मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लाभार्थियों से करेंगे संवाद

तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 27 जून गुरुवार सुबह 11 बजे सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को अभिवृद्धित दरों की पेंशन डीबीटी से हस्तांतरित करेंगे। झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर मुख्य समारोह में अभिवृद्धित राशि का सीधा हस्तांतरण होगा। हनुमानगढ़ में जंक्शन स्थित अग्रसेन भवन सभागार में जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक सुरेंद्र कुमार पूनियां ने बताया कि मुख्यमंत्री प्रदेश के लाभार्थी पेंशनर्स के साथ वर्चुअल संवाद भी करेंगे। कार्यक्रम में लाभार्थी पेंशनर्स, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने अप्रैल, 2024 से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत न्यूनतम पेंशन राशि 1000 रुपए से बढ़ाकर 1150 रुपए की है। इस निर्णय से योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त कर रहे वृद्धजनों, एकलनारी और दिव्यांगजन और लघु एवं सीमांत कृषक पेंशनर्स में खुशी है। पूनियां ने बताया कि जिले के लगभग 1.50 लाख पेंशनरों को बढ़ी हुई पेंशन राशि का भुगतान प्राप्त होगा।

गबन के दोषी तत्कालीन व्यवस्थापक व सह व्यवस्थापक की चल व अचल संपतित कुर्क

- तलवाड़ा झील सोसायटी में करोड़ों के गबन का मामला

तेज. रिपोर्टर| हनुमानगढ़

ग्राम सेवा सहकारी समिति में हुए करोड़ों के गबन के मामले में मंगलवार को अधिकारियों ने पुलिस की मौजूदगी में जांच के बाद दोषी पाए गए तत्कालीन व्यवस्थापक व सह व्यवस्थापक की चल व अचल संपत्ति कुर्क की। तत्कालीन व्यवस्थापक सुधीर भार्गव पर 4 करोड़ 83 लाख 75 हजार 313 रुपए व तत्कालीन सह व्यवस्थापक सुनील कुमार जांदू पर 3 करोड़ 91 लाख 78 हज़ार 656 रुपए देनदारी तथा दोनों पर 9 फीसदी ब्याज व 2 हजार रुपए गबन प्रकिया शुल्क लगाया गया है। जांच एवं कुर्की सहायक सुरेंद्र गोदारा ने बताया कि मंगलवार को अधिकारियों ने सुधीर कुमार व उसकी पत्नी के नाम के तीन आवासीय भूखंडों को कुर्क कर वहां कुर्की आदेश के बोर्ड लगा दिए। वहीं सुनील कुमार जांदू पुत्र हरिभगत जांदू की माता के नाम कृषि भूमि को कुर्क किया गया। दोनों की संपत्ति से संबंधित रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत कर आदेशानुसार आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गौरतलब है कि तलवाड़ा झील की ग्राम सेवा सहकारी समिति में पौने 9 करोड़ रुपए के गबन मामले तत्कालीन समिति अध्यक्ष कृष्ण कुमार जांदू व व्यवस्थापक सुधीर भार्गव को जेल भेजा जा चुका है, जबकि सह व्यवस्थापक सुनील कुमार जांदू फरार चल रहा है।

यह है मामलाः बैंक शाखा प्रबंधक ने दर्ज करवाया था केस

हनुमानगढ़ केंद्रीय सहकारी बैंक की टिब्बी शाखा के प्रबंधक ने 26 दिसंबर को तलवाड़ा झील थाने में गबन के आरोप में तत्कालीन व्यवस्थापक, सह व्यवस्थापक व अध्यक्ष के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करवाया था । सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक अनिल कुमार ने तत्कालीन व्यवस्थापक सुधीर कुमार पुत्र भंवर लाल, सह व्यवस्थापक सुनील कुमार पुत्र हरिभगत व अध्यक्ष कृष्ण कुमार पुत्र बद्रीप्रसाद के खिलाफ धारा 409 व 120 बी के तहत दर्ज करवाए गए मामले में आरोप लगाया था कि सुधीर कुमार ने व्यक्तिगत बचत खाता में 14558102, मियादी खाता में 21795904, आवर्ती खाता में 139770, उपभोक्ता बिक्री गबन 280406, खाद, बीज, कीटनाशक स्टॉक में गबन 3891604, सुपर मार्केट मे 2004604 नकद रोकड़ 1918892, सहकारी लाइब्रेरी आय 131500, एफडीआर के ऋण 1978819, अल्पकालीन ऋण 25070, व्यक्तिगत सहकार ऋण 1396178 कुल गबन चार करोड़ 81 लाख 20 हजार 850 रुपए एवं सह व्यवस्थापक सुनील कुमार ने व्यक्तिगत बचत खाता 14558102, मियादी खाता 21795904, आवर्ती खाता 139770, नकद रोकड़ 1918892, अल्पकालीन ऋण 464647 सहित कुल गबन तीन करोड़ 88 लाख 77 हजार 316 रुपए तथा तत्कालीन अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने सहकार स्वरोजगार व्यक्तिगत ऋण में पांच लाख 55 हजार 803 रूपए का गबन कर लिया।

30 जून को भादरा के वार्ड संख्या 32 एवं रावतसर के वार्ड संख्या 28 में सार्वजनिक अवकाश घोषित

तेज. रिपोर्टर| हनुमानगढ़

राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान द्वारा राज्य के नगरीय निकायों के उपचुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई है। जिले की नगरपालिका भादरा के वार्ड संख्या 32 अध्यक्ष एवं नगरपालिका रावतसर के वार्ड संख्या 28 सदस्य पद का चुनाव 30 जून को होने के कारण संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में 30 जून, रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी काना राम ने सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (ख) के प्रावधान राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 28 के अनुसार नगरीय निकायों के चुनावों के संबंध में भी लागू होते है। इसी नियमों के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी काना राम ने निर्वाचन क्षेत्रों (नगरपालिका भादरा के वार्ड संख्या 32 एवं नगरपालिका रावतसर के वार्ड संख्या 28) में स्थित निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक उपक्रम या व्यवसाय, दुकान एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में 'मतदान दिवस' 30 जून, 2024 के दिन, उनके संस्थान में कार्यरत सभी कामगारों के लिए, जिनमें आकस्मिक कामगार भी सम्मिलित है, सवैतनिक अवकाश घोषित किया है।

गांव 6 एसजीआर में विकास करवाने की मांग

तेज. पीलीबंगा। ग्राम पंचायत 6एसजीआर भागसर में अनेक विकास कार्य करवाने एवं कल्याण भूमि में पाइपलाइन बिछाने की मांग करते हुए बुधवार को नेहरू युवा मंडल ने ज्ञापन सौंपा। संस्था अध्यक्ष भीमसेन पटीर ने बताया कि ग्राम पंचायत की अधिकांश आबादी अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़ी होने के कारण राजकीय सेवाओं पर आश्रित हैं। ग्राम विकास के कार्य कार्यकारी एजेंसी पंचायत के मार्फत अभी तक होना शेष है, इसलिए पंचायत समिति बीडीओ रविंद्र शर्मा को ज्ञापन सौंप कर शीघ्र ही ऐसे निर्माण कार्यों को वार्षिक कार्य योजना में शामिल करने एवं वित्तीय प्रशासनिक और तकनीकी स्वीकृति जारी कर कार्य प्रारंभ करने का आग्रह किया है। इसके अलावा कल्याण भूमि में संस्था द्वारा करवाए गए पौधरोपण के पौधों का संरक्षण करने के लिए वाटर वर्क्स की पेयजल डिग्गी से एक पाइपलाइन विशेष रूप से पौधों को पानी उपलब्ध करवाने के लिए बिछवाने की भी मांग की है। बीडीओ रविंद्र शर्मा ने पंचायत वीडीओ को मूल ज्ञापन भेज कर शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है। इस मौके पर डबली बास कुतुब सरपंच जगतार सिंह बराड़ भी मौजूद रहे।

गौशाला को भेंट की एक लाख की सहयोग राशि

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

श्री मदनलाल बेनीवाल की माता की याद मे श्री कृष्ण गोशाला मे उनके परिजनों ने एक लाख रुपए की राशि भेंट की है। बृजलाल बेनीवाल की पत्नी शांति देवी के पुत्रों मदनलाल, श्योपाल, ओमप्रकाश, रामकुमार ने संयुक्त रूप से यह सहयोग राशि गोवंश की सेवा हितार्थ गोशाला अध्यक्ष दिनेश कुमार बेनीवाल, सुरेंद्र जाखड़ को सौंपी। इस मौके राजीव बेनीवाल, दयाराम बुरडक, चरणप्रीत सिंह बराड़ सहित दानदाता परिवार के परिजन मौजूद रहे।

सामाजिक जागरूकता से ही हरियाली संभव

लेख | ओम पारीक

वरिष्ठ पत्रकार, रावतसर

भीभीषण गर्मी को संतप्त झेलते इलाके के लोग परियावरण के प्रति कितने सचेत ह इसका सबूत दस बीस सालों में वन विभाग और किसानों द्वारा अपने खेती से पेड़ो के कटान ने जाहिर कर दिया ह।अब काटने की एवज में पेड़ पौधे लगाने का सत्तर बहुत ही निम्न ह।अक्सर देखता हुं। नर्सरियों नहर सड़क के किनारे के पेड़ जो प्रिपक्व हो गए उनको वन विभाग नहरी विभाग ने काट लिए बदले में कुछ पोध रोपण हुआ उनको दशकों लग जायेंगे।नहर आने के पचास साठ सालों में किसानों का पहले पहले खेत में पेड़ लगाने का रुझान रहा जब प्रिफ्क्व हुए पेड़ो को काटने का समय आया प्रशासनिक मंजूरियो का सिस्टम बना दिया जिससे अपने खेत के पेड़ काटने में प्रेषानी झेलते किसान को नए पेड़ लगाने को निरूत्साहित किया गया।किसान पेड़ लगाना छोड़ चुका। इसी संदर्भ में एक महत्व पूर्ण बात यह भी हुई। 1980के पहले में अक्सर देखता था। गंग केनाल नाली बेड के इलाके में देशी कीकर का बहुत बड़ा क्षेत्र विकसित हो चुका था बहुत जंगी पेड़ होते।कमोवेश इंदिरा गांधी नहर इलाके में शीशम और सफेदे के पेड़ अधिक ही नही बहुतायत से रहे।जब इन पेड़ो का कटान शुरू हुआ तो तस्करी का एक नया ट्रेंड भी साथ आया। पड़ोस के राज्यो तक कीमती शीशम की लकड़ी की खूब तस्करी भी हुई। लेकिन कटान के दौरान नए पेड़ लगाने में कई प्रजातियों को वरीयता से लगाए गए मगर उनमें शीशम देशी कीकर नही रही।बारानी इलाको में खेजड़ी रोहिड़ा लगाने की किसानों में जागरूकता आई।मगर जब ये पेड़ परिपक्व हो रहे ह।चूंकि खेजड़ी को काटना कानूनी जुर्म समझ कर उन्हे भी तस्करी का साधन बना दिया। विगत सालों में पूरे बारानी क्षेत्रों से खेजड़ी का कटान जारी है। विगत दो माह में नोहर पल्लू रावतसर इलाके में हरी लकड़ियों के तस्करी के मामले वन मंडल ने पकड़े ह वे मात्र सांकेतिक ह।वर्षो से इस क्षेत्र में वन माफिया सक्रिय ह जो येन केन रास्तों से हरियाणा को लकड़ी तस्करी करते ह।उपरोक्त तीनों शहरो की जलावन की आपूर्ति करते है। अक्सर देखा जाता ह। अपने टारगेट के लिए ही वन मंडल कार्यवाही करने के लिए मजबूर है। मेरे इस आलेख की मुख्य तर दो वजह रही ह।दसक से ज्यादा समय होने के बाद भी वन विभाग नहरी सड़को पर पोध रोपण क्यों नही कर पाया। अक्सर कस्बोंद्ध पेड़ पौधे लगाने फोटो खिंचवाने के अलावा उन पेड़ पौधों की परवरिश पर कितना ध्यान दिया गया ह। अक्सर फोटो सेशन से हजारों पौधो की परवरिश की जो अनदेखी होती ह अच्छा ह नही लगाए जाए। मेरा मानना ह वन विभाग अपनी नर्सरी में स्थानीय प्रकृति जन्य पेड़ पौधों पर ध्यान दे। दूसरा किसान को प्रोत्साहन मिले कि वे अपने खेतो में सहतूत, लेसुवा, खेजड़ी रोहिड़ा के अलावा फलदार पेड़ जरूर लगाएं। जिससे उसके स्वास्थ्य और जरूरत पूरी होने का माध्यम बने। एक दो सहजन जामुन भी लगावे। अन्त में यही कहूंगा इस इलाके का नहरी पानी प्रदूषित ह हवा प्रदूषित ह मिट्टी को हमने रसायनिक खाद कीटनाशक से कमजोर किया ह।इस सब का इलाज आर्ज्ञेनिक खेती की ओर की जागरूकता की जरूरत स्वाभाविक हो चली ह।हमे अब अपनी भूमि और पर्यावरण सुधारने की मुहिम का हिस्सा हरियाली बढ़ाने के प्रयास में ही सुखद भविष्य दे पाएगा। वर्ना भविष्य की पीढ़ी वर्तमान से अधिक रुग्ण होना लाजिमी है।

जयगुरुदेव बाबा उमाकान्त जी द्वारा हनुमानगढ़ में जीते जी देवी-देवताओं के दर्शन का रास्ता नामदान की अमृत वर्षा

तेज. रिपोर्टर| हनुमानगढ़

विश्व विख्यात निजधामवासी बाबा जयगुरुदेव जी के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी, देश समाज पारिवारिक व व्यक्तिगत स्तर पर हर तरह की समस्याओं तकलीफों व बीमारियों में आराम मिलने का उपाय बताने वाले, आत्मा के कल्याण, जीते जी मुक्ति मोक्ष प्राप्त करने और देवी-देवताओं के दर्शन का दुर्लभ रास्ता नामदान देने वाले इस समय के पूरे समरथ सन्त सतगुरु, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने हनुमानगढ़ के जाट भवन में बुधवार को आयोजित सत्संग में दिए संदेश में बताया कि यह मनुष्य शरीर किराये का मकान है। साँसों की पूंजी खत्म होने पर सबको एक दिन खाली करना पड़ेगा। यह देव दुर्लभ अनमोल मनुष्य शरीर केवल खाने-पीने, मौज-मस्ती करने के लिए नहीं मिला। मनुष्य शरीर का असली उद्देश्य जीते जी प्रभु को पाना है। श्मशान घाट पर शरीर को मुक्ति मिलती है आत्मा को नहीं। मौत को हमेशा याद रखो क्योंकि एक दिन सब की आती है। मरने के बाद जो काम आवे वह काम करना और वह दौलत प्राप्त करनी चाहिए।

वक्त के पूरे समर्थ सन्त की दया से शिव नेत्र खुलता हैः पैदा होने से पहले जो मां के स्तन में दूध भरता है, उस मालिक पर भरोसा करो, पेट के लिए ईमान और धर्म मत बेचो। जीवन का जो समय बचा है उससे अपनी आत्मा को जगा लो। आत्मा को मुक्ति परमात्मा के पास पहुँच जाने पर मिलती है जो केवल समर्थ गुरु ही दिला सकते हैं। कोटि जन्मों के पुण्य जब इकट्ठा होते हैं तब सन्त दर्शन, सतसंग और नामदान का लाभ मिलता है। सन्त-सतगुरु किसी दाढ़ी, बाल या वेशभूषा का नाम नहीं होता। शिव नेत्र सबके पास है। समरथ गुरु की दया से खुल सकता है।

प्रभु का जगाया हुआ नाम जयगुरुदेव संकट में मददगार हैः इस समय कलयुग में सीधा सरल प्रभु प्राप्ति का रास्ता पांच नाम के नामदान का है जो आदि से चला आ रहा और अंत तक रहेगा। सन्तमत की साधना सभी लोगों के लिए सरल है। यकीन करो जय गुरु देव नाम प्रभु का है। इसमें उस मालिक की पूरी ताकत है। बोलने से फायदा मिलेगा। मौत के समय पीड़ा इसी नाम को बोलने से कम होगी। दुःख, तकलीफ, बीमारी में राहत पाने के लिए शाकाहारी, सदाचारी, नशा मुक्त रहकर सुबह-शाम, रोज रात को सोने से पहले भाव के साथ बराबर कुछ दिन जय गुरु देव नामध्वनि बोलने से फायदा दिखने लगेगा। आजमाइश करके देख लीजिए। ऐसे बोलना रहेगा- जयगुरुदेव जयगुरुदेव जयगुरुदेव जयजय गुरुदेव

शाकाहारी नशामुक्त चरित्रवान बनोः जीव हत्या करने से खुदा, भगवान कभी खुश नहीं होते हैं। शाकाहारी नशा मुक्त बनोगे तभी पूजा पाठ का लाभ मिलेगा। कुदरती कहर से बचने के लिए शाकाहारी, सदाचारी, नशामुक्त बनो और बनाओ। शराब अपराध और भ्रष्टाचार की जननी है। शराब मांस को दूर हटाओ, माँ बहनों की लाज बचाओ। देश भक्ति महान भक्ति है। देश भक्त बनो। देश की सम्पत्ती को नुकसान पहुँचाने वाले हड़ताल, तोड़फोड़, आगजनी जैसे घृणित कार्य को मत करो। कलयुग में ही सतयुग आने का समय हो रहा है इसलिए लोगों को नशामुक्त, शाकाहारी, सदाचारी बनाओ जिससे खराब समय से बच जाय और सतयुग को अपनी आँखों से देख लें।

देश भक्त बनो, मेहनत ईमानदारी की कमाई करोः संयम नियम से रहोगे जल्दी बीमारी नहीं लगेगी। माता-पिता, बूढ़े-बुजुर्गों, अधिकारी, कर्मचारियों का सम्मान करो। नियम-कानून का पालन करो, देश भक्त बनो और बनाओ। मेहनत व ईमानदारी की कमाई में बरकत होती है। थोड़ी देर रोज अपने-अपने तौर-तरीके से ही सही पूजा - भजन - इबादत जरूर करो। असली धर्म निरपेक्षता जनता को रोजी-रोटी और न्याय सुरक्षा देना- दिलाना है। चरित्रवान, संस्कारवान बनो। हिन्सा हत्या व आत्महत्या कभी मत करो। एक को गुस्सा आवे दूसरा चुप हो जाए तो झगड़ा टल जाता है। जातिवाद, भाई -भतीजावाद, भाषावाद, कौमवाद, एरियावाद खून बहा देता है, इससे दूर रहना चाहिए। किसी भी धर्म, मजहब, व्यक्ति की निंदा मत करो।

वायु प्रदूषण से होती लाखों मौतों के लिये कौन जिम्मेदार?

ललित गर्ग

चिंता की बात यह है कि दक्षिण एशिया में मृत्यु दर का सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है। उसके बाद उच्च रक्तचाप, कुपोषण तथा तंबाकू सेवन से होने वाली मौतों का नंबर आता है। दरअसल, गरीबी और आर्थिक असमानता के चलते बड़ी आबादी येन-केन-प्रकारेण जीविका उपार्जन में लगी रहती है, उसकी प्राथमिकता प्रदूषण से बचाव के बजाय रोटी ही है। वहीं ढुलमुल कानूनों, तंत्र की काहिली तथा जागरूकता के अभाव में वायु प्रदूषण रोकने की गंभीर पहल नहीं हो पाती। मुश्किल यह है कि वायुमंडल के घनीभूत होने की वजह से जमीन से उठने वाली धूल, पराली की धुंध और वाहनों से निकलने वाले धुएं के छंटने की गुंजाइश नहीं बन पाती है।

कहते हैं जान है तो जहान है, लेकिन भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान दोनों ही खतरे में हैं। देश की हवा में घुलते प्रदूषण का ह्यजहरह्न अनेक बार खतरनाक स्थिति में पहुंच जाना चिन्ता का बड़ा कारण हैं। प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा-असुविधा का कोई अर्थ नहीं है। जीवन-शैली ऐसी बन गयी है कि आदमी जीने के लिये सब कुछ करने लगा पर खुद जीने का अर्थ ही भूल गया, इस गंभीर होती स्थिति को यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान ह्यहेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूटह्न की साझेदारी में जारी रिपोर्ट ने बयां किया है, इस रिपोर्ट के आंकड़े परेशान एवं शर्मसार करने के साथ चिन्ता में डालने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। ज्यादा दुख की बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित, चिन्तीत व परेशान करने वाले हैं। वहीं सरकार के नीति-नियंताओं के लिये यह शर्म का विषय होना चाहिए, लेकिन उन्हें शर्म आती ही कहा है? तनिक भी शर्म आती तो सरकारें एवं उनके कर्ता-धर्ता इस दिशा में गंभीर प्रयास करते। सरकार की नाकामियां ही हैं कि जिन्दगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी होकर उसे कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है।

जानलेवा वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही एवं लापरवाही को ही दशार्ता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से वह प्रदूषण फैला रहा है और किस तरह वे इस जानलेवा प्रदूषण को नियंत्रित करने में सहयोगी हो सकते हैं। प्रश्न है कि आम आदमी एवं उसकी जीवनशैली वायु प्रदूषण को इतना बेपरवाह होकर क्यों फैलाती है? क्यों आदमी मृत्यु से नहीं डर रहा है? क्यों भयभीत नहीं है? देश की जनता दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, प्रदूषण जैसी समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर

डराती है, भयभीत करती है। विडम्बना तो यह है कि विभिन्न राज्यों की सरकारें इस विकट होती समस्या का हल निकालने की बजाय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप करती है, जानबूझकर प्रदूषण फैलाती है ताकि एक-दूसरे की छीछालेदर कर सके। प्रदूषण के नाम पर भी कोरी राजनीति का होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

दिल्ली सहित उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण का बेहद खतरनाक स्थिति में बना रहना चिन्ता में डालता है। हालत ये बनते हैं कि कभी-कभी सांस लेना मुश्किल हो जाता है और लोगों को घरों में ही रहने को मजबूर होना पड़ता है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम में प्रदूषण का बड़ा कारण पड़ोसी राज्यों से आने वाला पराली का धुआं होता है। पराली के बाद पटाखों का धुआं भी बड़ी समस्या है, इसके अलावा सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन, गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने एवं बढ़ता धूम्रपान जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है। यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा अदालतों की अवमानना का मामला है? यह सभ्यता की निचली सीढ़ी है, जहां तनाव-ठहराव की स्थितियों के बीच हर व्यक्ति, शासन-प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण के अपने दायित्वों से दूर होता जा रहा है।

यूनीसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से 1 लाख 69 हजार बच्चे जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है, मौत के शिकार होते हैं। जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका समुचित शारीरिक विकास सही ढ़ंग से नहीं हो पाता। इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां से पीड़ित होना हैं। हमारे लिये चिंता की बात यह है कि बेहद गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया ही है। एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले देश भारत के लिये यह संकट बहुत बड़ा है। दिल्ली सहित देश के कई महानगरों में प्रदूषण जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गयी है। हर कुछ समय बाद अलग-अलग वजहों से हवा की गुणवत्ता का स्तर ह्यबेहद खराबह्न की श्रेणी में दर्ज किया जाता है और सरकार की ओर से इस स्थिति में सुधार के लिए कई तरह के उपाय करने की घोषणा की जाती है। हो सकता है कि ऐसा होता भी हो, लेकिन सच यह है कि फिर कुछ समय बाद प्रदूषण का स्तर गहराने के साथ यह सवाल खड़ा होता है कि आखिर इसकी असली जड़ क्या है और क्या सरकार की कोशिशें सही दिशा में हो पा रही है? इस विकट समस्या से मुक्ति के लिये ठोस कदम उठाने होंगे। सिर्फ दिल्ली ही नहीं, देश के कई शहर वायु प्रदूषण की गंभीर मार झेलते हैं। इसका पता तब ज्यादा चलता है जब वैश्विक पर्यावरण संस्थान अपने वायु प्रदूषण सूचकांक में शहरों की स्थिति को बताते हैं। पिछले कई सालों से दुनिया के पहले बीस प्रदूषित शहरों में भारत के कई शहर दर्ज होते रहे हैं। जाहिर है, हम वायु प्रदूषण के दिनोंदिन गहराते संकट से निपट पाने में तो कामयाब हो नहीं पा रहे, बल्कि जानते-बूझते ऐसे काम करने में जरा नहीं हिचकिचा रहे जो हवा को जहरीला बना रहे हैं।

चिंता की बात यह है कि दक्षिण एशिया में मृत्यु दर का सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है। उसके बाद उच्च रक्तचाप, कुपोषण तथा तंबाकू सेवन से होने वाली मौतों का नंबर आता है। दरअसल, गरीबी और आर्थिक असमानता के चलते बड़ी आबादी येन-केन- प्रकारेण जीविका उपार्जन में लगी रहती है, उसकी प्राथमिकता प्रदूषण से बचाव के बजाय रोटी ही है। वहीं ढुलमुल कानूनों, तंत्र की काहिली तथा जागरूकता के अभाव में वायु प्रदूषण रोकने की गंभीर पहल नहीं हो पाती। मुश्किल यह है कि वायुमंडल के घनीभूत होने की वजह से जमीन से उठने वाली धूल, पराली की धुंध और वाहनों से निकलने वाले धुएं के छंटने की गुंजाइश नहीं बन पाती है। नतीजन, वायु में सूक्ष्म जहरीले तत्व घुलने लगते हैं और प्रदूषण के गहराने की दृष्टि से इसे खतरनाक माना जाता है। हमारा राष्ट्र एवं दिल्ली सहित अन्य राज्यों की सरकारें नैतिक, आर्थिक, राजनैतिक और सामाजिक एवं व्यक्तिगत सभी क्षेत्रों में मनोबल के दिवालिएपन के कगार पर खड़ी है। और हमारा नेतृत्व गौरवशाली परम्परा, विकास और हर प्रदूषण खतरों से मुकाबला करने के लिए तैयार है, का नारा देकर अपनी नेकनीयत का बखान करते रहते हैं। पर उनकी नेकनीयती की वास्तविकता किसी से भी छिपी नहीं है, देश में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों के हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट के आंकड़े इस वास्तविकता को उजागर करते हुए प्रदूषण की समस्या का कोई दीर्घकालिक और ठोस हल निकालने के लिये चेता रहे हैं।

संपादकीय

संसद में फिर हंगामे के आसार

शायद ही किसी को यह उम्मीद रही होगी कि इस बार की संसद सहज, सामान्य और सुव्यवस्थित तरीके से चलेगी। लेकिन यह अनुमान नहीं था कि पहले ही दिन दूध में खटाई पड़ जाएगी और संसद के भावी कार्यकाल का विद्रूप चेहरा शुरूआत में ही दिखाई देने लगेगा। प्रधानमंत्री जब अपने उद्बोधन में यह अपेक्षा कर रहे थे कि विपक्षी दल सकारात्मक रुख अपनाएं, सार्थक बहस करें, जिम्मेदार रहें बजाय इसके कि वे अनावश्यक नाटक, शोरगुल या हंगामा करें, तो उन्हें पूरा भरोसा रहा होगा कि विपक्ष वही करेगा जो उसने पिछले सत्र में किया था। उनका सहयोग का आह्वान स्वयं उन्हें ही अपूरणीय लग रहा होगा। विपक्ष ने पहले ही दिन प्रदर्शित कर दिया कि वह संसद को शांति से नहीं चलने देगा, किसी भी तरह का सहयोग का तो प्रश्न ही उठता। पहले प्रोटेम स्पीकर के नाम को लेकर विवाद खड़ा किया गया और उसके बाद लोकसभाध्यक्ष के चुनाव को लेकर भी चुनौती खड़ी कर दी गई। आजादी के बाद यह दूसरा मौका है जब लोकसभाध्यक्ष का निर्वाचन चुनाव के जरिए होने जा रहा है। एनडीए के उम्मीदवार ओम बिरला के विरुद्ध विपक्ष के उम्मीदवार कांग्रेस के आठ बार के सांसद के. सुरेश होंगे। यह दीगर बात है कि ममता बनर्जी की पार्टी ने बिना उनसे पूछे के. सुरेश की उम्मीदवारी पर अपना ऐतराज दर्ज करा दिया है। प्रधानमंत्री ने भी शायद भावी स्थितियों को भांप लिया है, इसलिए उन्होंने आपातकाल के पचास वर्ष होने का स्मरण करके विपक्ष विशेषकर कांग्रेस पर प्रहार करने का मौका हाथ से जाने नहीं दिया। उधर, विपक्ष ने भी पेपर लीक घोटाले, रेल दुर्घटना, गर्मी के कारण हुई लोगों की मौतें आदि मुद्दों के साथ-साथ बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने का मन बना रखा है। इससे साफ संकेत मिलता है कि लोक सभा शांतिपूर्ण ढंग से नहीं चलेगी। विपक्ष जितना मजबूत हुआ है, सरकार पर विपक्ष का प्रहार भी उतना ही मजबूत होगा। नहीं लगता कि प्रधानमंत्री मोदी सहित सत्ता पक्ष का कोई भी नेता अपनी बात बिना हंगामा झेले शांतिपूर्ण ढंग से कह पाएगा। यह वह स्थिति है जो देश के सामान्य नागरिक को चिंतित करती है। लेकिन इसका कोई समाधान उसके पास नहीं है। आम आदमी चाहता है कि संसद में हंगामे की बजाय विचारपूर्ण बहस सुने। काश, आम आदमी की यह मंशा विपक्ष पहुंच पाती और संसद के व्यर्थ के हंगामों से थोड़ी सी राहत की सांसें ले पाती।

चिंतन-मनन

प्रोध का जवाब प्रोध नहीं

एक बार एक ब्राह्मण ने महात्मा बुद्ध को अपने घर आकर, भोजन करने का निमंत्रण दिया। जब बुद्ध वहां पहुंचे तो उन्होंने पाया कि ब्राह्मण ने उन्हें किसी अन्य मकसद से वहां बुलाया था। ब्राह्मण उनकी निंदा करने लगा और उन्हें अपशब्द कहने लगा। बुद्ध ब्राह्मण के वचनों के वार चुपचाप सहते रहे। अंत में बुद्ध ने कहा,हे ब्राह्मण जी, क्या आपके घर में मेहमान आते रहते हैं? हां, आते हैं। ब्राह्मण ने उत्तर दिया। बुद्ध ने पूछा,जब मेहमान आते हैं तो आप उनके लिए क्या भोजन बनाते हैं? ब्राह्मण ने उत्तर दिया,हम एक बड़े भोज की तैयारी करते हैं। बुद्ध ने पूछा, अगर वे नहीं आते तो आप क्या करते हैं? ब्राह्मण बोला, हम भोज स्वयं खा लेते हैं। बुद्ध बोले,अच्छा, तुमने मुझे भोजन पर बुलाया पर तुमने मेरा स्वागत कठोर वचनों और आलोचना से किया। लगता है कि जो भोज तुम मुझे परोसने वाले थे, वह इसी का है। मैं तुम्हारे द्वारा परोसे भोजन को नहीं खाना चाहता। कृपया इसे वापस ले लो और स्वयं खाओ। बुद्ध ने महसूस किया कि जो भोज उन्हें दिया गया था, वह खाद्य पदार्थों का नहीं, बल्कि गालियों का था। उन्होंने वापस मुड़कर ब्राह्मण का तिरस्कार करने और उसे अपशब्द कहने के बजाय उसके प्रोध को स्वीकार नहीं किया। बल्कि वे उस स्थान से चले गए। इस प्रकार, प्रोध उसी के साथ रहा जो उसे प्रकट कर रहा था। महात्मा बुद्ध के शिष्य यह देख रहे थे। बुद्ध ने उन्हें सलाह दी, कभी उस रूप में बदला न लो जिस रूप में सलूक आपके साथ हुआ हो। घृणा कभी घृणा से खत्म नहीं होती। कई बार हमारा सामना ऐसे लोगों से होता है जो हमें बुरा-भला कहते हैं। उनके स्तर पर उतरने की जगह हमें उनके उपहारों को स्वीकार नहीं करना चाहिए। तब उनका प्रोध उनके साथ ही रहेगा। जब हम घटना स्थल से हट जाएंगे तो वे अपने आपको, अपने प्रोध के साथ अकेला पाएंगे। वे चकित होंगे कि उनके प्रोध के बावजूद हम प्रेममय बने रहे।

वृक्षारोपण बहूत जरूरी है...

वृक्ष आपको चैन की सांस दे सकता है। चूँकि वन हमारी भूमि के फेफड़े हैं। पेड़ हानिकारक गैसों को अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन उत्सर्जित करते हैं। अधिक वृक्षारोपणऑक्सीजन के स्तर को बढ़ाने में मदद कर सकता है वृक्षों ने हमें जीवन की सबसे महत्वपूर्ण चीजें खाना और ऑक्सीजन दिया है। न सिर्फ यह दो चीज बल्कि वृक्षों के कारण ही हमें रहने को घर, दवाइयाँ, और कई प्रकार के अन्य औजार प्राप्त होते हैं। आज विश्व भर में बढ़ते जनसंख्या के कारण और लोगों द्वारा पेड़ो को काटने के कारण आज पेड़ो की आवश्यकता बढ़ते चले जा रही है। इस आधुनिक युग के जीवन काल के कारण मनुष्य पेड़ो को बहुत तेजी से काट रहे हैं जिसके कारण आने वाले कुछ वर्षों में मनुष्य को बहुत सारे कठिनाइयों से गुजरना पड़ सकता है। पेड़-पौधे हर समाज के लिए एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं। हमारे आस-पास के जगहों जैसे गलियों, पार्क, खेल के मैदान, और बगीचे में पेड़ पौधे स्वच्छ वायु प्रदान करते हैं और वातावरण को हरा-भरा और शांत रखते हैं। वृक्षों से आस-पास का वातावरण सुन्दर और स्वच्छ रहता है जिससे जीवन जीने का स्तर बढ़ जाता है। पेड़-पौधों की छाव में अपने परिवार के साथ बैठ कर समय बिताने का एक अलग ही आनंद होता है। साथ ही शहरी क्षेत्रों में सड़क के दोनों तरफ पेड़ पौधे लगाने से सूरज की किरण को पेड़ रोकते हैं जिससे गर्मी के महीनों में शहर का तापमान ज्यादा नहीं बढ़ पाता है। पेड़-पौधें मनुष्य को स्वच्छ वायु और ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, साथ ही जलवायु सुधार, जल संरक्षण, मिट्टी के संरक्षण, और वन्य जीवन की सुरक्षा करते है। प्रकाश संश्लेषण या फोटोसिंथेसिस प्रोसेस के दौरान पेड़ पौधे कार्बन डाइऑक्साइड ले लेते हैं और ऑक्सीजन को छोड़ते हैं। यही ऑक्सीजन मनुष्य को सांस लेने और जीवित रहने में मदद करता है। अमेरिका के कृषि अनुसंधान विभाग का कहना है की एक एकड़ जंगल से लगभग 6 टन कार्बन डाइऑक्साइड खत्म होता है और 4 टन ऑक्सीजन वायु को पेड़ो के माध्यम से प्राप्त होता है। इतने ऑक्सीजन से 18 से 20 लोग आराम से 1 वर्ष तक जीवित रह सकते हैं। साथ ही पेड़ पौधे, गाड़ियों और कारखानों से उत्पत्ति होने वाले कार्बन डाइऑक्साइड गैस को भी खींच लेते हैं और ऑक्सीजन में बदल देते हैं। गर्मी के महीनों में लंबे वृक्ष सूरज की तपती किरण को धरती तक पहुंचने से रोकते है जिससे धरती का तापमान ज्यादा नहीं बढ़ पाता है। बारिश के महीने में पेड़-पौधे के जड़ मजबूती से मिट्टी को पकड़ कर रखते हैं इससे मृदा अपरदन नहीं हो पाता है। ना सिर्फ धरती के ऊपर बल्कि धरती के अंदर के पानी को भी पेड़ पौधों के जड़ पकड़ कर रखते हैं जिससे बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा नहीं हो पाती है। प्रति वर्ष कई टन पत्ते पेड़ों से गिरते हैं जिनसे अगर हम चाहें तो प्राकृतिक खाद बना सकते हैं। कई जीव-जंतु जैसे बकरी, हाथी, कोआला, बंदर, जिराफ आदि अपना पूरा जीवन पेड़ पौधों के पत्ते खाकर गुजारते हैं। कई लाख प्रजाति के पक्षी पेड़-पौधों पर रहते हैं। हर कोई व्यक्ति पेड़ पौधों को इसलिए पसंद करते हैं क्योंकि पेड़ पौधे देखने में बहुत ही सुंदर और अद्भुत होते हैं। सभी पेड़ पौधे देखने में सुंदर और अपनी जगह एक अलग ही रूप रंग और आकार के होते हैं। हमारे देश भारत में वृक्षों की पूजा की जाती है और उन्हें भगवान का दर्जा दिया जाता है। कुछ महत्वपूर्ण पेड़ पौधे जैसे बरगद, पीपल, आम, बेल, केला कुछ आसान उदाहरण है जिनका हमारे देश में बहुत ही अधिक आध्यात्मिक मूल्य है। पेड़ पौधे हमारे जीवन और पर्यावरण में एक शांत और आरामदायक वातावरण को बनाये रखते हैं। आज के इस आधुनिक युग में जब हर जगह नए शहर बन रहे हैं और घर बन रहे हैं ऐसे में पेड़ पौधों का व्यावसायिक मूल्य बहुत ही अधिक हो चुका है। आज भी विश्व के कई हिस्सों मैं लकड़ी को खाना पकाने के रूप में सबसे पहला ईंधन माना जाता है। पेड़ से हमारा घर बनता है, फर्नीचर मिलता है, कई प्रकार के औजार बनते हैं पर लाखों छोटे-मोटे उपयोगी घरेलू चीजें बनती है। पेड़ पौधों से हमें खाने के लिए फल, बादाम भी मिलते हैं जो इसका सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। कुछ पेड़ो के अंदरुनी भाग से लैटेक्स प्राप्त होता है जिससे रबर बनाया जाता है। इसे लाखों महत्वपूर्ण रोज के कार्य हैं जो पेड़-पौधों के बिना असंभव हैं। आज मनुष्य स्वयं के स्वार्थ के लिए पेड़ो को तेजी से कटता चले जा रहा है। अत्यधिक पेड़ काट देने के कारण ग्लोबल वार्मिंग, एसिड बारिश और ग्रीन हाउस इफेक्ट जैसे मुश्किलों का सामना मनुष्य को करना पड़ रहा है। आज पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पेड़-पौधों को बचाना बहुत ही आवश्यक हो गया है। धीरे-धीरे पूरे विश्व भर की जनसंख्या बढ़ती चली जा रही है जिसके कारण लोगों को रहने के लिए नए घर बनाने पढ़ रहे हैं और इसी कारण पेड़ो को बहुत तेजी से काटा जा रहा है। कई जगहों पर बड़े-बड़े कल कारखाने बनाने के लिए लोग बड़े-बड़े जंगलों को साफ कर रहे हैं जो की आने वाले समय में कई प्रकार के प्राकृतिक आपदाओं का कारण बन सकता है। शहरी इलाकों में पेड़ो की कमी के कारण गाड़ियों से निकलने वाला प्रदूषित वायु आसमान में ही मंडराता रहता है।

– संजय गोस्वामी

एमएसपी घोषणा से दलहन-तिलहन में बढ़ेगी आत्मनिर्भरता

केन्द्र सरकार की खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा से दलहन और तिलहन के उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में बढ़ता कदम माना जाना चाहिए। देश में तिलहन और दलहन का उत्पादन पिछले सालों में लगातार बढ़ता जा रहा है पर अभी भी देश दलहन और तिलहन के क्षेत्र में घरेलू जरूरत पूरी होने जितना उत्पादन हो नहीं पा रहा है। हालांकि अब धीरे-धीरे दलहन तिलहन का उत्पादन बढ़ने लगा है और केन्द्र सरकार 2027 तक दलहन के क्षेत्र में देश की विदेशी निर्यात पर पूरी निर्भरता कम होने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। केन्द्र सरकार की आगामी खरीफ के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा से यह साफ हो जाता है कि सरकार दलहन और तिलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सही व योजनावद्ध तरीके से कदम बढ़ा रही है।

सरकार का लक्ष्य है कि 2027 तक दलहन के क्षेत्र में इस हद तक आत्मनिर्भर हो जाए कि विदेशों से एक दाना भी दाल का आयात नहीं करना पड़े। एक मोटे अनुमान के अनुसार दुनिया भर में कुल उत्पादित दालों अर्थात दलहनी फसलों में भारत की भागीदारी 25 प्रतिशत के लगभग है। 2027 तक यह लक्ष्य अर्जित करने के लिए हमें 28 फीसदी का आंकड़ा छूना होगा। देश के कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के संयुक्त प्रयास से देश में कृषि उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सरकार द्वारा भी इस दिशा में लगातार प्रयास जारी है और जिस तरह के परिणाम सामने आ रहे हैं वे निश्चित रूप से सकारात्मक और उत्साहवर्द्धक है।

न्यूनतम समर्थन मूल्यों में लगातार बढ़ोतरी और तिलहनी-दलहनी फसलों की खरीद के आश्वासन से किसानों का दलहन-तिलहन के प्रति रुझान बढ़ा है। केन्द्र सरकार ने खरीफ फसल की धान एवं ज्वार की दो किस्मों सहित 16 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर एक बार फिर किसानों को बड़ी राहत दी है। केन्द्र सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के अनुसार सर्वाधिक बढ़ोतरी नाइजरसीड यानी कि राम तिल पर की गई है तो दालों में अरहर/तुअर की दाल के एमएसपी में भी 550 रुपये की बढ़ोतरी की गई है।



वैसे सरकार द्वारा खरीफ की सभी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय और किसानों को प्रोत्साहित करने वाली बढ़ोतरी की है।

न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा के पीछे उद्देश्य यह रहा है कि किसानों को कम से कम उनकी लागत का पूरा मूल्य मिल सके। देश में पहली बार 1966-67 में केवल गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। एक अगस्त, 1964 में तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी घटित की थी। इसके बाद सरकारों ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने की और कदम बढ़ाए। केन्द्र सरकार द्वारा सीएसीपी यानी कि कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाने लगी। आज देश में 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। इसमें 7 गेहूं, धान आदि अनाज फसलें, 5 दलहनी फसलें, 7 तिलहनी फसलों 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है।

नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की सिफारिश गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी सीधे गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा की जाती है। मुख्यतौर से अनाज की खरीद भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से और दलहन व तिलहन की खरीद नेफैड द्वारा राज्यों की सहकारी संस्थाओं और अन्य खरीद केन्द्रों के माध्यम से की जाती है। केरल सरकार ने 16 तरह की सब्जियों के बेस मूल्य तय कर सब्जी उत्पादक किसानों को बड़ी राहत देने की पहल की है तो हरियाणा सरकार भी केरल की तरह हरियाणा सरकार भी सब्जियों का बेस मूल्य तय करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। किसानों के लिए सर्वाधिक चर्चित एमएस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने को लेकर भी प्रमुखता से जोर दिया जाता रहा है।

एमएस स्वामीनाथन आयोग ने 2004 में अपनी सिफारिश में न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने का एक फामूर्ला सुझाया था कि उत्पादन लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक एमएसपी घोषित की जाए। हांलाकि सरकार का दावा है कि खरीफ 2024 के लिए घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2018-19 की बजट घोषणा के अनुरूप अखिल भारतीय औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर तय किया गया है। सरकारी दावों की बात की जाए तो बाजरा की उत्पादन लागत पर 77 प्रतिशत तो तूअर पर 59 प्रतिशत, मक्का पर 54 प्रतिशत, उड़द पर 52 प्रतिशत तो बाकी अन्य फसलों पर भी उत्पादन लागत पर 50 प्रतिशत मार्जिन होने का अनुमान व्यक्त किया गया है।

दरअसल देश में तिलहन और दलहन उत्पादन के लिए सरकारें गंभीर रही हैं। 1986 में सैम पित्रोदा की अध्यक्षता में टीएमओ यानी कि तिलहन प्रौद्योगिकी मिशन का गठन किया गया था। इस मिशन के माध्यम से देश में तिलहनों के उत्पादन को बढ़ाना था। राजस्थान सहित देश के प्रमुख उत्पादक राज्यों में तिलहन उत्पादन बढ़ाने के समन्वित प्रयास किए गए। राजस्थान में तो सहकारी क्षेत्र में तेल मिलें भी लगाई गई और तिलहन सोसाइटियां गठित कर उनका संघ भी बनाया गया।

तेल मिलों का संचालन भी इसी संघ को दिया गया पर कालांतर में तिलम संघ की तेल मिलें तो बंद हो गई वहीं तिलम संघ अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए आज भी जूझ रहा है। कमोबेश यही स्थिति अन्य प्रदेशों में भी रही है। खैर यह विषयांतर हो गया पर 1990 में दलहन को भी इस तिलहन प्रौद्योगिकी मिशन के दायरे में लाया गया। इसके बाद 1992-93 और 95-96 में पाम ऑयल और मक्का को भी इस तिलहन प्रौद्योगिकी मिशन के दायरे में लाकर इनके उत्पादन को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। 2021 से मिशन पॉम ऑयल भी सकारात्मक दिशा में बढ़ता कदम माना जा सकता है। इसके माध्यम से सरकार ने 15 राज्यों में पॉम ऑयल के उत्पादन को बढ़ावा देने के प्रयास किए।

इस मिशन के तहत 2025-26 में पूर्वोत्तर राज्यों में 3.28 लाख हैक्टेयर में और पूर्वोत्तर के इतर राज्यों में 3.22 लाख हैक्टेयर में पॉम ऑयल की खेती का रकबा पहुंचाने का लक्ष्य रख कर सरकार चल रही है। खैर दो बातें साफ हो जानी चाहिए कि देश को तिलहन और दलहन की पैदावार में बढ़ोतरी कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाना और समयपूर्व एमएसपी घोषित करना सही दिशा में बढ़ता प्रयास है तो दूसरी और न्यूनतम घोषित दर किसानों को मिले ही यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है। इसके लिए खरीद व्यवस्था को चाक-चौबंद और खरीद तंत्र को मजबूत बनाना होगा। – डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

गंगासिंह चौक में आज किसानों का महापड़ाव

गंग नहर में पानी बढ़ने की बजाय और कम हुआ

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

गंगनहर में पूरा पानी लेने, फिरोजपुर फीडर का पुनर्निर्माण करने, गंगनहर को आरडी 45 से खखां हैड तक आरसीसी बनाने, वैकल्पिक तौर पर लिंक नहर से पानी देने, पीआरवी वॉल्व को बंद करने व पानी चोरी रोकने के मुद्दों पर कल गुरुवार को गंगा सिंह चौक पर किसानों का पड़ाव रखा गया है । ग्रामीण मजदूर किसान समिति (जीकेएस) की टीमें कल के पड़ाव के लिए गांव-गांव में प्रचार कर रही हैं। किसानों को भारी संख्या में गंगासिंह चौक पहुंचने की अपील की गई है।एक तरफ जीकेएस द्वारा आंदोलन चलाया जा रहा है, दूसरी ओर गंगनहर में लगातार पानी कम हो रहा।इस कारण एफ और जैड नहरों समेत कई नहरों के किसानों की पानी तीसरी बारी खाली जा रही है । बिजाई का उचित समय निकलता जा रहा है।नरमा की फसल पहले ही सुंडी ने बर्बाद कर दी है और मूंग-गुवार की बिजाई के लिए नहर में पानी नहीं है।पंजाब में और राजस्थान में लगातार पानी चोरी हो रही है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही।गंगनहर में लगातार पानी का लॉसेज बढ़ता जा रहा है।कुछ दिन पहले किसानों ने सिंह सभा गुरुद्वारा मे मीटिंग करके प्रशासन व सरकार को 21 जून से आंदोलन का अल्टिमेटम दिया गया था।21 जून को किसानों ने गंगा सिंह चौक पर धरना लगाया तो प्रशासन ने 26 जून तक का समय मांगा था। जीकेएस के प्रदेश महासचिव संतवीरसिंह मोहनपुरा ने बताया कि आज तक कोई सुधार नहीं हुआ।पानी बढ़ने की बजाए कम हो गया। इसलिए कल गुरुवार को किसानों द्वारा पड़ाव की घोषणा की गई है । गुरूवार किसान बड़ी संख्या में गंगासिंह चौक पर पड़ाव डालने जा रहे हैं । पानी चोरी रोकने से लेकर लॉसेज कम करने के कोई प्रयास नहीं दिखाई दे रहे हैं। गंगनहर की हालत हर साल बुरी हो रही है। राजस्थान सरकार, पंजाब से अपना निर्धारित पानी लेने में सक्षम नहीं है।डैम में पानी की कोई कमी नहीं है।इसके बावजूद राजस्थान सरकार अपने हिस्से का पानी भी नहीं ले पा रही। इसका सीधा सीधा मतलब यही है कि राजस्थान सरकार व नहरी विभाग गंगनहर के किसानों के प्रति संजीदा नहीं है। पंजाब सरकार धक्केशाही कर रही है और राजस्थान सरकार गंगानगर के किसान को अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राजस्थान में भाजपा की सरकार है।पंजाब सरकार हमे शेयर अनुसार पानी नहीं दे रही तो इसके लिए राजस्थान सरकार को केंद्र सरकार से बातचीत करनी चाहिए। भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) में बात रखनी चाहिए।गर्मी ज्यादा होने और नहर की तीसरी बारी खाली जाने के कारण बीस-बीस साल से लगे हुए किन्नुओं के बाग तबाह हो रहे हैं।गन्ना की फसल सूख रही है। गांवों में पेयजल तक की समस्या आ चुकी है। अभी तक इस इलाके के कुछ हिस्सों में बरसात नाम मात्र हुई है।इस सबके बावजूद सरकार और नहरी विभाग मौन है। ऐसी स्थिति को देखते हुए जीकेएस ने किसानों से अपील की है कि कल सुबह 11 बजे ज्यादा से ज्यादा संख्या में गंगा सिंह चौक पर पहुंचे।

कृषि विज्ञान केंद्र पर सात दिवसीय व्यावसायिक भेड़ और बकरी पालन प्रशिक्षण का आयोजन

तेज. रिपोर्टर | चारणवासी

चक 27 एनटीआर में स्थित केवीके में व्यावसायिक भेड़ और बकरी पालन विषय पर चल रहे सात दिवसीय संस्थागत प्रशिक्षण का समापन हुआ। केवीके डॉ.सुरेश चंद कांटवा अपने उद्बोधन में बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र पशुपालन के अंतर्गत विभिन्न भेड़-बकरी पालन, डेयरी, पशु आहार प्रबंधन, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन और पोल्ट्री जैसे विषयों पर प्रशिक्षण देकर उनका कौशल विकास कर रहा है जिससे क्षेत्र के किसानों के लिए कृषि के अलावा पशुपालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने के नये आयाम खुल रहे हैं 7 क्षेत्र के किसान व पशुपालक इस प्रकार के प्रशिक्षण प्राप्त कर भेड़-बकरी पालन के व्यवसाय को अपनाकर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं। केंद्र के पशु विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. विक्रमजीत सिंह ने इस सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न व्याख्यान भेड़-बकरी पालन से संबंधित अलग-अलग विषयों जैसे- भेड़-बकरी पालन व्यवसाय का महत्व, प्रमुख नस्लों जिसमें भेड़ों में पूगल, चोखला, नाली, मगरा, सोनाडी और बकरियों की मारवाड़ी, सिरोही, जखराना, बीटल, जमुनापारी इत्यादि की पहचान एवं विशेषता, आवास व्यवस्था, आहार प्रबंधन, स्वास्थ्य प्रबंधन ,अजोला एवं साइलेज तकनीक का भेड़-बकरी पालन व्यवसाय में महत्व, छोटे बच्चों को कोलोस्ट्रम पिलाने का महत्व, कर्मीनाशक दवा और टीकाकरण तथा भेड़-बकरियों में होने वाली विभिन्न बीमारियों और उनका प्रबंधन जैसे खुरपका-मुंहपका, बकरी माता ,पीपीआर, फिडकिया, गलघोटू आदि खतरनाक बीमारियों को विस्तार से समझाया तथा बकरियों में बांझपन और प्रबंधन, प्रजनन संबंधी समस्याओं के निवारण आदि विषयों पर चर्चा की। केंद्र के डॉ. अशोक चौधरी ने वर्ष भर हरा चारा उत्पादन की उन्नत तकनीकी व पेड़ आधारित चारे के महत्व पर चर्चा की। इस दौरान केंद्र के उद्यान विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. गुलाब चौधरी और प्रसार शिक्षा विशेषज्ञ अक्षय घिंटाला इत्यादि उपस्थित रहे। केंद्र के पशु विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. विक्रमजीत सिंह ने प्रशिक्षण के समापन सत्र में पधारे अतिथियों व किसान भाइयों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा भविष्य में इस प्रकार के प्रशिक्षण में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

बजट का दस प्रतिशत हिस्सा शिक्षा पर खर्च करे सरकार

» राज्य प्रशिक्षण शिविर के पोस्टर का विमोचन

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया तहसील कमेटी की मीटिंग बुधवार को हुई। इसमें एसएफआई के राज्य प्रशिक्षण शिविर, सदस्यता अभियान, प्रवेश सहायता शिविर आदि विषयों पर चर्चा की गई। मीटिंग में पर्यवेक्षक के रूप में जिला महासचिव यश चिलाना मौजूद रहे। इस मौके पर राज्य प्रशिक्षण शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया। तहसील अध्यक्ष मोहित कुमार ने बताया गांवों व शहरों में प्रशिक्षण शिविर के पोस्टर लगाए जाएंगे। राज्य प्रशिक्षण शिविर में नई शिक्षा नीति रद्द करने, अंग्रेजी माध्यम स्कूल जारी रखने, बकाया छात्रवृति जारी करने, केन्द्र व राज्य में बजट का 10 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा पर खर्च करने, सोसाइटी एक्ट पर दिए महाविद्यालय का पूर्ण रूप से सरकारीकरण करने व राजकीय महाविद्यालय में एसएफएस पर चल रहे कोर्स को पूर्ण रूप से सरकारी करने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। तहसील सचिव कुलदीप कलवा ने बताया कि तहसील से निर्धारित कोटे के अनुसार डेलिगेशन को प्रशिक्षण शिविर में भेजा जाएगा। इस मौके पर तहसील उपाध्यक्ष मदीना खान, संयुक्त सचिव पवन पातलान, आकाश चिलाना, महेंद्र कारगवाल, योगेश भाटी सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जुलाई माह से लागू होने वाले कानूनों को लेकर संगोष्ठी

तेज. रिपोर्टर | भादरा

1 जुलाई से लागू होने वाले तीन नए कानूनों के विषय में एसडीएम भादरा ओम प्रकाश चंदेलिया की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन पंचायत समिति सभागार भादरा मे बुधवार को दोपहर आयोजित किया गया। संगोष्ठी में मास्टर ट्रेनर अभियोजन अधिकारी लखबीर सिंह ने कानून जानकारी देते हुए बताया की भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जायंगे। इनमें बीएनएस में 356 धाराएं होंगी। पूर्व में आईपीसी में 511 धाराएं थी जिनमें से 175 धाराओं में बदलाव किया गया है। 22 धाराएं हटाई गई हैं एवं 8 नई धाराएं जोडी गई हैं। बीएनएसए में 533 धाराएं होंगी। पूर्व कानून सीआरपीसी की 160 धाराओं में बदलाव किया गया है। नए कानून एक्ट में 9 धाराएं जोडी गई हैं वहीं 9 धाराएं हटा दी गई हैं। इसी प्रकार बीएसए में 170 धाराएं होंगी। पहले के साक्ष्य अधिनियम में 167 धाराएं थी जिनमें से 23 धाराओं में परिवर्तन किया गया है। नए कानून के तहत से 7 वर्ष से अधिक सजा वाले मामलों में फॉरेंसिक जांच जरूरी की गई है व मॉब लिंचिंग, चेन स्नेचिंग, देशद्रोह, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के साथ सामूहिक बलात्कार से संबंधित संशोधित धाराओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार मोनिका बंसल, बार संघ अध्यक्ष रविन्द्र मोठसरा सहित बार के अधिवक्तागण व विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

कब्जा कर नगरपरिषद की भूमि पर उपयोग में लेने का आरोप

हनुमानगढ़। कब्जा कर नगर परिषद की भूमि पर उपयोग में लेने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने बुधवार को जिला कलक्टर को लिखित शिकायत की। टाउन निवासी प्रदीप कुमार पुत्र पन्नालाल ने बताया कि मालचंद पुत्र बजरंग दास महाजन की कृषि भूमि चक 17 एचएमएच, दशहरा ग्राउंड के सामने टाउन में है। मालचंद की मौत के पश्चात इस कृषि भूमि पर गोपाल राम पुत्र मालचंद निवासी वार्ड 22, टाउन की ओर से काश्त की जा रही है। मालचंद के पुत्र गोपाल राम की ओर से दशहरा ग्राउण्ड के सामने, इस कृषि भूमि के साथ चिपती खाली पड़ी नगर परिषद की भूमि पर कब्जा कर उपयोग किया जा रहा है। प्रदीप कुमार के अनुसार उसने इसकी शिकायत दो बार नगर परिषद को भी लिखित में की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रदीप कुमार ने मांग की कि उक्त भूमि का कब्जा नियमानुसार हटवाकर वर्षों से काश्त करने के लिए नियमानुसार जुर्माना राशि वसूल की जाए। साथ ही गोपाल राम को नगर परिषद की भूमि से बेदखल किया जाए।

नोहर में सफाई व्यवस्था में सुधार को लेकर नागरिकों ने किया प्रदर्शन

तेज. रिपोर्टर | नोहर

कस्बे में चरमराई सफाई व्यवस्था व नगर पालिका से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर बुधवार को नागरिकों ने धनश्याम गुप्ता व भीम गोल्याण के नेतृत्व में नगर पालिका के समक्ष प्रदर्शन कर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया। इस मौके पर धनश्याम गुप्ता ने बताया कि पिछलें लम्बे समय से कस्बे कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। जगह-जगह कचरे के ढ़ेर लगे हुये है। नाले-नालियां कचरों से अवरूद्ध पड़ी है। नालियों का गंदा पानी ओवर फ्लो होकर सडक़ो पर आ जाता है। धनश्याम गुप्ता ने बताया कि 10 जुलाई तक अगर सफाई व्यवस्था सूचारू नही हुई तो वार्डो से कचरा संग्रहण करके नगर पालिका के आगे डाला जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर पालिका से संबंधी छोटे-मोटे कार्यो के लिये आम आदमी को भटकना पड़ रहा है। स्थायी नगर पालिका ईओ के नही होने से रोजमर्रा के कार्य नही हो रहे है। अनेक नालियों पर जालिया नही होने से आये दिन दुर्घटनाए हो रही है। इस मौके पर पार्षद बुधराम, गफूरद्दीन, मोनू स्वामी, राजरतन जोशी, संदीप, नेक मोहम्मद, रूस्तम, रफीक, मनीराम, इन्द्र कुमार, अंजनी महर्षि, पुष्कर गुर्जर, विनोद कन्दोई आदि उपस्थित थे।

राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा भादरा के अध्यक्ष का इस्तीफा

भादरा। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा भादरा की ब्लॉक कार्यकारिणी के वार्षिक अधिवेशन से पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नरेन्द्र कस्वाँ ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। नरेन्द्र कस्वाँ ने अपने निजी कारणों के चलते संघ की प्राथमिक सदस्यता के साथ अध्यक्ष पद से भी इस्तीफा जिला कार्यकारिणी के साथ प्रान्तीय कार्यकारिणी के भेज दिया द्य ज्ञात रहे कि भादरा ब्लॉक के चुनाव आज से लगभग दो वर्ष पूर्व हुए थे द्य जल्द ही नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया की जाकर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। नई कार्यकारिणी के गठन होने तक ब्लॉक उपाध्यक्ष अनिल मावलिया अध्यक्ष पद पर कार्य करते रहेंगे।

श्री अरूट जी महाराज चौक उद्घाटन एवं धर्मशाला में निर्माण कार्य विकास पर चर्चा

पीलीबंगा। श्री अरोड़वंश सभा की बैठक बुधवार को सभा अध्यक्ष रैमल दास मरेजा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से धर्मशाला विकास के लिए कार्य योजना बनाते हुए ऊपरी मंजिल का निर्माण कार्य शुरू करवाने, जन सहयोग एकत्रित कमेटी का गठन, धर्मशाला के आवश्यकतानुसार कमरों में एयर कंडीशनर सेट लगवाने, नई धानमंडी रोड पर स्थित निर्माणधीन श्री अरुट जी महाराज चौक के उद्घाटन एवं धर्मशाला में निर्माण कार्य विकास, धर्मशाला के लिए जनरेटर खरीद, संगठन मजबूती एवं अन्य सामाजिक कार्यों में संस्था की भागीदारी आदि विषयों पर विचार विमर्श कर निर्णय लिए गए। सभा कोषाध्यक्ष रमन बाघला ने वित्तीय आवश्यकताओं के बारे में बताते हुए धन संग्रह के लक्ष्य एवं प्राप्तियां की बात बताई। संस्था महासचिव अजय मिड्ढा ने अब तक हुए कार्यों की जानकारी देते हुए आगामी कार्य योजना से अवगत कराया। इस मौके पर किरयाना एसो. अध्यक्ष भूपेंद्र नागपाल, संस्था उपाध्यक्ष जगदीश बिलंदी, गिरधारी बलाना, जयप्रकाश बलाना, अनिल चिलाना, संजय सरना, एड.मनीष आहूजा सहित कमेटी सदस्य मौजूद रहे।

गाड़ी बेचने के विवाद में फंसने पर युवक टंकी पर जा चढ़ा

श्रीगंगानगर। सादुलशहर में एक युवक आज सुबह सवेरे शिव वाटिका पार्क में पानी के लगभग 100 फुट पहुंचे ओवरहेड टैंक पर चढ़ गया। लोगों ने उसे सुबह सवेरे टैंक पर चढ़े देखा तो थाने में सूचना दी। कुछ ही देर में मौके पर काफी भीड़ जुट गई। पता चलने पर घटनास्थल पर पहुंचे एक मीडिया कर्मी ने बताया कि विक्की नामक यह युवक वार्ड नंबर 14 का निवासी है। इसी मीडिया कर्मी के समझाइश करने पर विक्की कुछ देर बाद टैंक से नीचे उतर आया। विक्की को पुलिस थाने में ले आई।जिसके साथ उसका विवाद था, उसे थाने में बुलाया गया। जानकारी के मुताबिक टैक्सी ड्राइविंग करने वाले विक्की ने पिछले वर्ष फाइनेंस पर एक गाड़ी ली थी। गाड़ी को उसने लगभग 11 महीने पहले सादुलशहर तहसील क्षेत्र के गांव मन्नीवाली के निवासी एक व्यक्ति को इस शर्त पर बेच दी की फाइनेंस की बकाया किश्ते वह अदा करेगा। जानकारी के मुताबिक गाड़ी खरीदने वाले ने किश्तें अदा नहीं कीं। तीन किश्ते ड्यू हो जाने पर फाइनेंस कंपनी ने विक्की को नोटिस दे दिया। विक्की ने उक्त व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी करने की एक रिपोर्ट थाने में दी लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। इस कारण वह दोनों तरफ से फंस गया।इसी मानसिक परेशानी के चलते वह आज टैंक पर जा चढ़ा। पुलिस की मध्यस्थता से इस विवाद को सुलझाने के प्रयास किया जा रहे हैं।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभार्थी समारोह आज

श्रीगंगानगर। मुख्यमंत्री द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन में अभिवृद्धित दरों से पेंशन राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जायेगा। जिला मुख्यालय पर लाभार्थी समारोह कार्यक्रम का आयोजन 27 जून को प्रातः 10 बजे वीसी के माध्यम से बिहाणी कॉलेज ऑडिटोरियम हॉल में किया जायेगा। जिला कलक्टर लोकबंधु की ओर से कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन के लिये जिला परिषद के सीईओ को नोडल अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ब्लॉक मुख्यालय पर उक्त कार्यक्रम आयोजन के लिये संबंधित क्षेत्र के उपखण्ड अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा संबंधित विकास अधिकारी (ग्रामीण क्षेत्र हेतु) और संबंधित अधिशाषी अधिकारी (शहरी क्षेत्र हेतु) को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

चेक का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी करने व जातिसूचक गालियां निकालने का आरोप, केस दर्ज

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा

सूदखोरों का ब्याज इतनी तेजी से बढ़ता है कि पीड़ित चुका ही नहीं पाता।इस पर सूदखोर पीड़ित का उत्पीड़न करना शुरू कर देते हैं, ऐसा ही एक मामला पीलीबंगा कस्बे से प्रकाश में आया है। जहां पीड़ित ने 50 हजार रूपये के कर्ज पर 32 हजार चुका देने पर भी सूदखोर द्वारा अमानत पेटे दिए गए चेक का दुरुपयोग कर 4 लाख रूपये मांगे जाने व इतनी रकम नहीं देने पर मारपीट व जाति-सूचक शब्दों से गाली गलौच करने की शिकायत की गई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्व कर जांच में लिया है। जरिए इस्तगासा दर्ज मुकदमे के अनुसार पीड़ित विशाल ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी माता की तबीयत अत्यधिक खराब होने से चिकित्सकों से दवाई पानी हेतु 50 हजार रूपयों की अत्यधिक आवश्यकता थी।तब उसे पता चला कि विकास शर्मा पुत्र पवन कुमार शर्मा जाति ब्राहम्ण निवासी वार्ड नम्बर-6, पीलीबंगा ब्याज पर पैसे देता है। जिसकी किश्तों में अदायगी करनी होती है। विकास एक डायरी भी देता है एवं उसमें प्रविष्टियां करता है एवं सही व समुचित तरीके से हिसाब किताब कर रूपये वापिस लेता है। इसलिए उसने सम्पर्क किया तो विकास ने कहा कि वह 50,000/-रूपये अदा कर देगा, परन्तु उसको तीन हस्ताक्षरयुक्त खाली चेक, एक हस्ताक्षरयुक्त खाली स्टाम्प व एक सफेद हस्ताक्षरयुक्त खाली कागज देना पड़ेगा। उसने परिवार में मजबूरीवश अपने बैंक स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा पीलीबंगा के तीन खाली चेक अपने हस्ताक्षर कर विकास को दिये एवं एक खाली सफेद कागज पर भी अपने हस्ताक्षर करके दिनांक 27.10.2023 को सुपुर्द कर दिये।तब विकास ने उसे एक डायरी जिसमें उसका का नाम,खाता व उसके आगे 50,000/- रूपये मात्र,किश्त 500/- रूपये दिनांक 27.10.2023 लिखकर दी गई।जिसमें उसके द्वारा एक तारीख से किश्तों की अदायगी शुरू कर दी गई एवं उक्त अदायगी करते हुए भिन्न भिन्न तारीखों व समय पर कुल 27,500/- रूपये नगद अदायगी की गई एवं भिन्न भिन्न तारीखों पर 4220/- रूपये की ऑनलाईन ट्रांजेक्शन विकास के खाता में की गई।इस प्रकार 50,000/- रूपयों में से 31,720/- रूपये की अदायगी उसके द्वारा विकास को की गई एवं 18,280/- रुपये शेष बचे।इसी दौरान उसे एक अधिवक्ता का नोटिस दिनांक 29.01.2024 प्राप्त हुआ जिसमें उसके द्वारा गारंटी पेटे दिया गया चेक राशि 4,00,000/- रूपये का भरकर विकास द्वारा बैंक में प्रस्तुत कर अनादरित होने बाबत अंकन किया गया था।उक्त नोटिस मिलने पर उसने विकास से सम्पर्क किया तो कहा कि तुम्हारे 18,280/- रूपये बकाया है तुम 18,280/- रूपये तुरन्त प्रभाव से जमा करवाओ एवं 50,000/- रूपये मेरे न्यायालय शुल्क के अलग से दो तभी मैं मुकदमा उठाऊंगा। जिस पर उसने विकास से अनेकों बार इस्तदुआ की ओर कहा कि आप द्वारा दी गई डायरी एवं ऑनलाईन ट्रांजेक्शन के अनुसार 50,000/- रूपये में से मैने 31,720/- रूपये जमा कर दिये हैं एवं आप द्वारा मुझे 100 दिन के लिए उक्त रूपये उधार दिये गये थे एवं उक्त 100 दिन 8 फरवरी 2024 को पूरे होने थे परन्तु आपने पहले ही उक्त चेक अनादरित करवा लिया।तो वह कहने लगा कि हम तो तेरे जैसे भोले भाले लोगों का शिकार कर रूपये ऐंठते हैं अब जो देखेगा कोर्ट देखेगा। इसके बाद कस्बे के मौजूद व्यक्तियों को साथ लेकर आरोपी से पंचायती भी की गई लेकिन वह नहीं माना और रोबरू पंचायत इस बात को स्वीकार किया कि 4,00,000/- रूपये की राशि का चैक बिना किसी कारण के लगाया गया है एवं कहने लगा कि मुझे तो अब 4,00,000/- रूपये ही वसूलने है, मेरे पास दो खाली चैक अभी ओर पड़े हैं जिनमें से एक चेक आसाम में व दूसरा चेक महाराष्ट्र में लगाऊंगा ताकि वहां से जब पुलिस तुम्हें गिरफतार करने आयेगी तब तुम मुझे भागकर पैसे देगा व जो तुने खाली स्टाम्प पर सफेद कागज पर हस्ताक्षर करके दिये उसका भी मैं तेरे खिलाफ उपयोग करूंगा। तब तमाम पंचायत ने उससे कहा कि आपके जो बकाया पैसे हैं,वो वह देने हेतु तैयार है परन्तु आप द्वारा न्यायालय में लगाया गया चेक एवं मेरे खाली दो चेक व स्टाम्प व सफेद कागज मुझे वापिस दे दो,परन्तु रोबरू पंचायत आरोपी ने देने से इन्कार कर दिया।ओर जाति-सूचक अपशब्दों से अपमानित करने लगा। तब मौजिज व्यक्ति वहां से वापिस अपने घर आ गये।दिनांक 14.05.2024 को दोपहर में पीड़ित अपनी दुकान पर था तभी आरोपी उसकी दुकान पर आया ओर उसको बाहर सड़क पर बुलाकर उसके साथ गाली गलौच व थाप मुक्कों से मारपीट कर जातिसूचक गालियां निकाली।कहने लगा तुं मेरे पैसे खाकर दुकान पर बैठा है तुं अपना मकान व दुकान मेरे नाम करवा दे नहीं तो में तेरे असम, महाराष्ट्र व पीलीबंगा में इतने चक्कर कटवाउंगा की तूं सारी उम्र याद रखेगा।तब वहां पर अजीत,चन्द्रभान वगेरा आ गये ओर उन्होनें उसे आरोपी के चंगुल से छुड़ाया।पीड़ित ने शिकायत में बताया कि उसके द्वारा आरोपी को दिये गये चेकों में कूटरचना करते हुए मनमाफिक राशि भर कर दुरूपयोग किया है व उसके साथ ठगी की है।उसके द्वारा दिये गये दस्तावेजातों को देने से भी इन्कार किया।वह शेष राशि 18,280/- रूपये देने हेतु तैयार है परन्तु फिर भी आरोपी द्वारा उसके साथ मारपीट की गई व जाति सूचक गालियां निकाली गई।आरोपी उसे तंग परेशान कर रहा है व उस द्वारा दिये गये खाली चैक भी वापिस नहीं दे रहा है।पुलिस ने धारा 341, 323, 420, 467, 468, 471 एवं 3 (1) (एस), 3 (2) (बी) एससी/एसटी एक्ट में दर्ज किया है।मामले की जांच डीवाईएसपी हंसराज बैरवा कर रहे है।

श्री गोविंद गौशाला सेवा समिति मनीवाली में शेड का लोकार्पण

गौ सेवा से आध्यात्मिक शांति और सुकून मिलता है - दलीप वर्मा

तेज. रिपोर्टर | गोलूवाला

श्री गोविंद गौशाला सेवा समिति मनीवाली में शेड का लोकार्पण समारोह एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ओमदास सागलपती महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता एसपीसीए के कार्यकारी सचिव भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड के विशेष प्रशिक्षक एवं पीपल फॉर एनिमल्स हनुमानगढ़ के जिलाध्यक्ष दलीप वर्मा थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गाय की सेवा करने से अध्यात्म का सुख और सुकून प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि गायों की सेवा में लगने से व्यक्ति अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते है। उन्होंने युवाओं से कहा कि उन्हें प्रतिदिन गौशाला में आकर गाय की सेवा को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो युवा गाय की सेवा करते हैं वह अपने जीवन में सफल इंसान बनते हैं। वह कभी गलत रास्ते पर नहीं जा सकते हैं। उन्होंने राज्य- केंद्र सरकार द्वारा जीव जंतु कल्याण और गौशालाओं के क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि जीव जंतु कल्याण संस्थाओं को नियमित अनुदान, घायल और बीमार पशुओं के परिवहन हेतु एंबुलेंस योजना और शरणगृह निर्माण हेतु 25 लाख रुपए वित्तीय सहायता और प्राकृतिक आपदा होने की स्थिति में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच सुनीता देवी नायक ने की। गौशाला व्यवस्थापक सहीराम यादव ने सभी आए हुए मेहमानों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हजारों की तादाद में ग्रामीण महिलाएं, पुरुष और युवा तथा आसपास की क्षेत्र की गौशालाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में युवा कार्यकर्ता प्रवीण यादव, अध्यापक लालचंद यादव सहित सैकड़ो युवा वॉलिंटियर ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा उल्लेखनीय कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

गुयाना (एजेंसी)। आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट के दूसरे सेमीफाइनल में गुरुवार को भारतीय टीम का मुकाबला इंग्लैंड से होगा। दोनो ही टीमों का लक्ष्य इस मैच में जीत के साथ ही फाइनल में जगह बनाना होगा। भारतीय टीम ने इस बार जिस प्रकार धमाकेदार अंदाज में यहां तक का सफर तय किया है। उससे इस मैच में भारतीय टीम को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। सुपर आठ में भारतीय टीम ने जिस प्रकार से ऑस्ट्रेलिया को हराया उससे भी टीम का मनोबल बढ़ा है। भारतीय टीम के पास कप्तान रोहित शर्मा , विराट कोहली सहित कई बेहतरीन बल्लेबाज हैं। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 92 रनों की पारी खेलकर दिखा दिया है कि वह पूरी तरह से लय में हैं। इसके अलावा टीम के पास जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव जैसा स्पिनर है। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी अच्छे फार्म में आ गये हैं। टीम का मध्यक्रम भी मजबूत है। वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड की टीम मुश्किल से यहां तक पहुंची है। पिछली बार उसने टी20 विश्वकप सेमीफाइनल में भारतीय टीम को दस विकेट से हराया था और ऐसे में भारतीय टीम इस बार हिसाब बराबर करने उतरेगी। इस मैदान पर स्पिनरों ने शुरुआती मैच से ही दबाव बनाया है। ऐसे में भारत के कुलदीप यादव और इंग्लैंड के आदिल राशिद जैसे खिलाड़ी इस मुकाबले में अहम भूमिका निभा सकते हैं। तेज गेंदबाजों को भी इस मैदान पर सफलता मिली है। जिसके लिए भारत के पास जसप्रीत बुमराह वहीं इंग्लैंड के पास जोफ्रा आर्चर जैसा गेंदबाज है।

आठ जून के बाद से यहां कोई मैच नहीं खेला गया है। इससे क्यूरेटर को इस महत्वपूर्ण मैच के लिए उपयुक्त पिच तैयार करने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया। भारत ने सुपर आठ चरण में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन सेमीफाइनल के अत्यधिक दबाव में सहज गलतियां हो जाती हैं। शीर्ष क्रम में भारतीय टीम अब तक असफल रहे विराट से रन की उम्मीद। रोहित और कोहली दोनों के लिए यह शायद भारत की जर्सी में टी20 विश्व खिताब जीतने का आखिरी मौका है और दोनों अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे। रोहित ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि वह व्यक्तिगत उपलब्धियों की परवाह किए बिना पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी करने का इरादा रखते हैं जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में भी स्पष्ट था। वहीं नये ऑलराउंडर शिवम दुबे ने मध्यक्रम में उम्मीद के मुताबिक बल्लेबाजी नहीं की है और यह देखना दिलचस्प होगा कि वह स्पिनर आदिल के खिलाफ कैसा प्रदर्शन करते हैं। भारत के इस मैच में बिना किसी बदलाव के उतरने की संभावना है क्योंकि अब तक लगातार जीत रही टीम संयोजन में कोई बदलाव जोखिम भरा हो सकता है। टीम के पास हालांकि लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल हैं जो इंग्लैंड के फिल

सॉल्ट, जोस बटलर, हैरी ब्रूक और जॉनी बेयरस्टो जैसे दाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ प्रभावी साबित हो सकते हैं।

चहल को इस प्रतियोगिता में अब तक एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला है और अब उन्हें अवसर मिलना संभव नहीं है क्योंकि भारत के पास पहले से ही रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप की स्पिन तिकड़ी उपलब्ध है। कुलदीप और बुमराह ने अब तक बेहतरीन गेंदबाजी की है। इंग्लैंड को उनके खिलाफ रन बनाने के लिए कुछ खास करना होगा। हार्दिक पंड्या ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से प्रभावित किया है और टीम को उनसे इसी तरह के प्रदर्शन को जारी रखने की उम्मीद होगी।

वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड का अभियान अब तक उतार-चढ़ाव भरा रहा। वे सुपर आठ में दक्षिण अफ्रीका से हार गए पर फिर अंक तालिका और रन रेट के आधार पर यहां तक पहुंच गये हैं। कप्तान बटलर ने इंग्लैंड के अंतिम सुपर आठ मैच में अच्छे रन बनाए और भारतीय गेंदबाजी से परिचित होने के कारण वह मैच विजेता पारी खेल सकते हैं। उनके सलामी जोड़ीदार सॉल्ट बहुत जल्दी अपनी आक्रामक शैली से गेंदबाजों पर दबाव बना देते हैं। ऐसे में भारतीय टीम का उनसे सावधान रहन होगा।

जॉनी बेयरस्टो और मोईन अली से अधिक रन की उम्मीद टीम को रहेगी। मोईन की ऑफ स्पिन भी भारत के बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ उपयोगी हो सकती है। लेग और ऑफ स्पिन दोनों करने वाले लियाम लिविंगस्टोन भी अपने कोटे के पूरे ओवर फेंक सकते हैं जैसा कि उन्होंने अमेरिका के खिलाफ किया था। आदिल के चार ओवर भी इस महत्वपूर्ण मुकाबले में निर्णायक साबित हो सकते हैं। चोट से वापसी के बाद अपनी पहली बड़ी प्रतियोगिता में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने अब तक सात मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है और वह नई गेंद से रोहित और कोहली को आउट करने के इरादे से उतरेंगे। इसके अलावा पिछले मैच में हैट्रिक लेने के बाद क्रिस जोर्डन भी इस मैच में बढ़े हुए मनोबल के साथ उतरेंगे। ऐसे में इस मैच में रोमांचक खेल होना तय है।

टीम

भारत-रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

इंग्लैंड-जोस बटलर (कप्तान), मोईन अली, जोफ्रा आर्चर, जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जोर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, रीस टॉपले और मार्क वुड।

हमारी खिलाड़ी लंबी अवधि के प्रारूप में खेलने की आदी हैं: मजूमदार

चेन्नई (एजेंसी)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने टेस्ट क्रिकेट में खेलने को विशेष करार देते हुए बुधवार को यहां कहा कि लंबी अवधि के अंतर क्षेत्रीय टूर्नामेंट में खेलने के कारण उनकी टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के लिए अच्छी तरह से तैयार है। भारतीय महिला टीम ने इससे पहले दिसंबर में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक-एक टेस्ट मैच खेले थे, जिनमें उसने जीत दर्ज की थी।

मजूमदार ने कहा, 'हमें तीनों प्रारूप में खेलने में मजा आता है लेकिन टेस्ट क्रिकेट हमेशा विशेष होता है। दिसंबर में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो टेस्ट मैच खेलने के बाद बीसीसीआई ने अंतर क्षेत्रीय टूर्नामेंट में लंबी अवधि के प्रारूप को भी शामिल किया और इसलिए हमारी सभी खिलाड़ियों को लाल गेंद की क्रिकेट खेलने की आदत है।'

दीप्ति शर्मा की अगुवाई में पूर्व क्षेत्र ने इस साल अप्रैल में दक्षिण क्षेत्र को एक विकेट से हराकर यह टूर्नामेंट जीता था। मजूमदार ने कहा, 'हम इस बात से वाकिफ थे कि लंबी अवधि का प्रारूप हमारे कैलेंडर का हिस्सा बनने जा रहा है। इसलिए खिलाड़ियों को संदेश देने के लिए अंतर क्षेत्रीय टूर्नामेंट बेहद महत्वपूर्ण था।'

मजूमदार ने पुरुषों की तरह महिलाओं के लिए भी टेस्ट चैंपियनशिप आयोजित करने की वकालत की। उन्होंने कहा, 'महिला टेस्ट चैंपियनशिप का विचार बुरा नहीं है लेकिन इसका फैसला बोर्ड को करना है। अगर ऐसा होता है तो यह खेल के लिए अच्छा होगा।'

भारतीय क्रिकेट का घरेलू सत्र सितंबर में दलीप ट्रॉफी से शुरु होगा

मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट का घरेलू सत्र दलीप ट्रॉफी के साथ पांच सितंबर से शुरू होगा। उसके बाद ईरानी कप और फिर रणजी ट्रॉफी होगी। रणजी ट्रॉफी पहली बार दो भागों में खेली जाएगी। घरेलू सत्र को लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारियों और राज्य संघों के प्रतिनिधियों की एक बैठक भी हुई है। जिसमें बोर्ड सचिव जय शाह ने घरेलू क्रिकेट के नए ढांचे को लेकर बात की। इस बार रणजी ट्रॉफी होगी दो हिस्सों में खेली जाएगा। इससे उत्तर भारत में सर्दियों में खराब मौसम से निपटने और खिलाड़ियों को मैचों के बीच आराम और थकान से उबरने के लिए अधिक समय मिल लाएगा। इसी को लेकर बीसीसीआई मुख्यालय में हुई बैठक में बोर्ड ने नए प्रारूप पर राज्य संघों से बात कर उनके विचार जाने।

इस दौरान राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण, मुख्य कोच राहुल द्रविड़, चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा की सिफारिशों पर नए प्रारूप को लागू किया गया। बीसीसीआई का लक्ष्य एक साल बाद इसकी समीक्षा करना है। बोर्ड की ओर से जारी कहा गया, ''बैठक में 2023-24 के सबसे व्यस्त क्रिकेट सत्र के आयोजन में राज्य संघों के सराहनीय प्रयासों के लिए तारीफ की गयी जिसमें विश्व कप 2023, आईपीएल, डब्ल्यूपीएल के साथ-साथ विभिन्न अंतरराष्ट्रीय द्विपक्षीय श्रृंखलाएं और एक पूर्ण घरेलू क्रिकेट सत्र शामिल रहे हैं।''

टी20 विश्वकप के पहले सेमीफाइनल में आज होगा दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान का मुकाबला

त्रिनिदाद (एजेंसी)। आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट का पहला सेमीफाइनल गुरुवार सुबह यहां दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच खेला जाएगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीतने के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। इस टूर्नामेंट में इस बार दक्षिण अफ्रीकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने सभी मैच जीते हैं। दूसरी ओर अफगानिस्तान ने भी न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी है। ऐसे में उसकी दावेदारी भी कमजोर नहीं कहीं जा सकती है। सभी को हैरान करते हुए सेमीफाइनल तक का सफर तय किया है।

दक्षिण अफ्रीकी टीम काफी अनुभवी है और उसके पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं, पहले बल्लेबाजी कर टीम बड़े स्कोर बनाती है पर उसकी बड़ी कमजोर ये है कि वह बड़े मुकाबलों के अलावा लक्ष्य का पीछा करने के दौरान बिखर जाती है। वहीं अफगानिस्तान पहली बार फाइनल में पहुंची है उसे बल्लेबाज और गेंदबाज अच्छे फार्म में हैं, इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़ी टीम को हराकर उसके हौंसले बुलंद हैं। ऐसे में ये मैच रोमांचक होना तय है। नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी और राशिद खान से दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को सावधान रहना होगा। वहीं बल्लेबाली में रहमानुल्लाह गुरबाज पर अंकुश लगाना होगा।

इस बार अब तक इस मैदान पर खेले गये मुकाबलों में बड़े स्कोर नहीं देखे गये हैं। ऐसे में सेमीफाइनल मुकाबले में भी बड़ा स्कोर बनने की संभावना नहीं है। आंकडों पर नजर डालें तो यहां

अब तक 11 मैच हुए हैं। जिसमें से चार बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम जबकि सात बार

दूसरी बार बल्लेबाजी करने वाली टीम जीती है। यहां पहली पारी का औसत स्कोर 135 जबकि दूसरी पारी का औसत स्कोर 122 रहा है। वहीं इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच 267 रहा है जबकि सबसे कम स्कोर युगांडा और न्यूजीलैंड के बीच 40 रन रहा है।

अब तक इस टूर्नामेंट में बारिश से कई बार बाधा आई है पर इस मैच में बरसात की संभावना नहीं है।

हालांकि बादल छाए रहने की उम्मीद है। मैच के दौरान औसत तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

अफगानिस्तान- राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, गुलबदीन नइब, मोहम्मद नबी, करीम जनत, नांगेयालिया खारोटे, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी, नजीबुल्लाह जादरान, फरीद अहमद मलिक, हजरतुल्लाह जजई, मोहम्मद इशाक।

दक्षिण अफ्रीका- एडेन मार्करम (कप्तान), क्विंटन डी कॉक (विकेट कीपर), रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को जेनसन, केशव महाराज, कागिसो रबाडा, एनरिक नोर्टजे, तबरेज शम्सी, ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, ब्योर्न फोर्टुइन, रयान रिकेल्टन।

जमशेदपुर एफसी के कोच बने रहेंगे जमील

जमशेदपुर । जमशेदपुर एफसी (जेएफसी) फुटबॉल क्लब ने मुख्य कोच खालिद जमील का अनुबंध दो साल और बढ़ा दिया है। जमील ने पिछले आईएसएल सत्र के मध्य में जमशेदपुर के मुख्य कोच का पदभार संभाला था। जब वह टीम से जुड़े थे उस समय जमशेदपुर एफसी अपने 11 में से केवल दो मैच जीत सका था। उनके आने के बाद टीम का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। इसके साथ ही क्लब ने वापसी करते हुए 2024 कलिंगा सुपर कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उनके जमशेदपुर एफसी के कोच रहते हुए टीम ने आईएसएल के अपने शुरुआती पांच मैचों में से तीन मैच जीत जबकि दो ड्रॉ रहे। इससे यह टीम लीग चरण के अंतिम मैच तक प्लेऑफ की दौड़ में बनी रही थी। खालिद ने 2025-26 सत्र के आखिरी तक चलने वाले करार पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा, ''हम आईएसएल जीतना चाहते हैं।'' इसके लिए टीम अगले माह से अभ्यास शुरु करेगी। खालिद के कोच रहते हुए साल 2017 में आइजोल एफसी ने आई-लीग का खिताब जीता था।

राशिद टूर्नामेंट का सबसे कुशल कप्तान : असगर अफगान

नई दिल्ली - अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान ने राशिद खान को वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप का सबसे कुशल कप्तान करार देते हुए कि कहा कि दुनिया भर की फ्रेंचाइजी लीग में खेलने का उनके खिलाड़ियों को फायदा मिला। अफगानिस्तान ने मंगलवार को बांग्लादेश को हराकर पहली बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अपने इस अभियान के दौरान उसने न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी शीर्ष टीमों को भी हराया। असगर ने कहा कि मुझे लगता है कि राशिद टूर्नामेंट का सबसे कुशल कप्तान है। वह प्रेरणादायी कप्तान है। वह गेंदबाजी में मैच विजेता है जो बल्लेबाजी में भी अपनी छाप छोड़ता है। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह अपने खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने में सक्षम है। यही वजह है कि अफगानिस्तान सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहा। जब मैं 2017 में अफगानिस्तान का कप्तान था तब वह मेरे साथ उप कप्तान था और उस समय भी उसने अपना नेतृत्व कौशल दिखाया था। अफगानिस्तान गुरुवार को होने वाले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगा। असगर ने कहा कि अफगानिस्तान की सफलता का एक और कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अधिक मैच खेलना और खिलाड़ियों का पूरे वर्ष विभिन्न टी20 लीग में खेलना है।

भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर के अध्यक्ष बने कपिल देव

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे कपिल देव ने भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के नए अध्यक्ष का पद संभाल लिया है। यह पद इस प्रतिष्ठित पूर्व क्रिकेटर के लिए एक नई शुरुआत है जिन्होंने एमेच्योर गोल्फ खिलाड़ी के रूप में भी शानदार प्रदर्शन किया है। 65 वर्षीय कपिल पहले से ही उपाध्यक्ष के रूप में पीजीटीआई बोर्ड के सदस्य थे। उन्हें सर्वसम्मति से चुना गया। वह एचआर श्रीनिवासन की जगह लेंगे जिनका कार्यकाल समाप्त हो गया है। कपिल को एक अच्छे गोल्फ खिलाड़ी के रूप में जाना जाता है।

कपिल ने अपने नए पद के बारे में कहा, 'पीजीटीआई का अध्यक्ष बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं पिछले कुछ वर्षों से इस संगठन से जुड़ा हुआ हूं। यह खिलाड़ियों का संगठन है और मैं उन सभी का बहुत अच्छा दोस्त हूं और मैं अक्सर उनके साथ खेलता हूं।% कपिल ने कहा कि तीन दशक से अधिक समय से गोल्फ उनका जुनून रहा है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि उन्होंने एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखा था जब इसमें केवल एमेच्योर खिलाड़ियों को हिस्सा लेने की स्वीकृति थी।

उन्होंने कहा, 'और अब यह खेल ही है जिसमें मैं अपना अधिकांश समय बिताता हूं। मैं उपाध्यक्ष रह चुका हूं और मैं बोर्ड में हूं, इसलिए खिलाड़ियों द्वारा अध्यक्ष चुने जाने पर मुझे बहुत गर्व है। मैं हमेशा की तरह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का वादा करता हूं।% कपिल पीजीटीआई के लिए नए प्रायोजक लाने की कोशिश में सबसे आगे रहे हैं। वह टूर में सबसे आकर्षक प्रतियोगिता में से एक कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन आमंत्रण को डीएलएफ गोल्फ एवं कंट्री क्लब में आयोजित कराने में सफल रहे हैं जिसकी इनामी राशि दो करोड़ रुपए है।

जीव मिल्खा सिंह, अर्जुन अटवाल, ज्योति रंधावा, शिव कपूर जैसे भारत के शीर्ष स्टार खिलाड़ी उनके करीबी गोल्फ मित्र हैं। कपिल ने 1978 से 1994 तक भारत के लिए क्रिकेट खेला। सर्वकालिक महान ऑलराउंडरों में से एक कपिल ने

131 टेस्ट और 225 एकदिवसीय मैच खेले। उनकी अगुआई में भारत ने 1983 विश्व कप जीता। 1983 विश्व कप में उनकी नाबाद 175 रन की पारी खेल के इतिहास की सबसे बेहतरीन पारियों में से एक मानी जाती है। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने आठ शतक की मदद से 5248 रन बनाए और 434 विकेट लिए जो उस समय एक विश्व रिकॉर्ड था। उन्होंने एकदिवसीय मैचों में 3783 रन भी बनाए और इस प्रारूप में 253 विकेट लिए।

गुवाहाटी में होगी विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिपे

नई दिल्ली । विश्व जूनियर चैंपियनशिप अगले साल 2025 में भारत में होगी। इसका आयोजन गुवाहाटी में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में किया जाएगा। बैडमिंटन की वैश्विक संचालन संस्था (बीडब्ल्यूएफ) ने कहा कि करीब 15 साल बाद ये चैंपियनशिप भारत में होने जा रही है। इससे पहले साल 2008 में इसका आयोजन भारत में हुआ था। बीडब्ल्यूएफ ने कहा, ''टीम और व्यक्तिगत दोनों स्पर्धाएं गुवाहाटी राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित की जाएंगी।'' पिछली बार इन खेलों का आयेजन पुणे में हुआ था। वहीं इसको लेकर बीडब्ल्यूएफ के अध्यक्ष पॉल-एरिक होयर ने कहा, ''भारत में तेजी से बैडमिंटन में बेहतरीन प्रतिभाएं सामने आ रही हैं, ऐसे में विश्व जूनियर प्रतियोगिता का दूसरी बार भारत में आयोजनप और भी अहम है।'' उन्होंने कहा, ''बीएआई के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र बैडमिंटन में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं है और ऐसे में यह उभरती हुई प्रतिभाओं के लिए टीम और व्यक्तिगत खिताब के लिए चुनौती पेश करने का बेहतरीन स्थान होगा।'' इस टूर्नामेंट की तारीखों की अभी पुष्टि नहीं हुई है। वहीं बीडब्ल्यूएफ के थॉमस और उबेर कप फाइनल्स का अगला सत्र डेनमार्क के होर्सेन्स में होगा।

सूर्यकुमार को लगा झटका, ट्रेविस हेड बने नंबर एक टी20 बल्लेबाज

दुबई (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। सूर्यकुमार यादव दिसंबर 2023 से शीर्ष पर थे। हेड ने मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत नंबर एक रैंकिंग हासिल की। ऑस्ट्रेलिया हालांकि टूर्नामेंट से बाहर हो गया है।

हेड ने टूर्नामेंट में दो अर्धशतक की मदद से 255 रन बनाए जिसमें सुपर आठ मुकाबले में भारत के खिलाफ 76 रन की पारी भी शामिल है। हेड सूर्यकुमार (842 अंक) से दो अंक आगे हैं। सूर्यकुमार दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं लेकिन उनके पास दोबारा नंबर एक रैंकिंग हासिल करने का मौका है क्योंकि भारत टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना चुका है और इस बल्लेबाज को और मौके मिलेंगे।

इंग्लैंड के फिल सॉल्ट और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम तथा मोहम्मद रिजवान भी शीर्ष पांच में शामिल हैं। वेस्टइंडीज के जॉनसन चार्ल्स शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले एकमात्र नए खिलाड़ी हैं। उन्हें चार स्थान का फायदा हुआ है। अफगानिस्तान के स्टार बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को भी पांच स्थान का फायदा हुआ है। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह 44 स्थान की लंबी छलांग के साथ 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि स्पिनर कुलदीप यादव भी 20 स्थान के फायदे से 11वें पायदान पर हैं। स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल आठवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय गेंदबाज हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत दूसरे स्थान हैं। जोश हेजलवुड तीन स्थान के फायदे से वानिंदु हसरंगा के बाद चौथे स्थान पर हैं। मार्कस स्टोइनिस ने संक्षिप्त समय तक शीर्ष पर रहने के बाद ऑलराउंडरों की सूची में शीर्ष स्थान श्रीलंका के हसरंगा को गंवा दिया है। स्टोइनिस चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी दूसरे और भारत के हार्दिक पंड्या तीसरे स्थान पर हैं। वेस्टइंडीज के रोस्टन चेज ऑलराउंडरों की सूची में सबसे अधिक 17 स्थान के फायदे से 12वें स्थान पर हैं।

पेरिस ओलंपिक में चार सदस्यीय भारतीय गोल्फ टीम भाग लेगी, अदिति तीसरी बार ओलंपिक खेलेंगी

नई दिल्ली । 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित होने वाले पेरिस ओलंपिक में चार सदस्यीय भारतीय गोल्फ टीम भाग लेगी। इसमें महिला वर्ग से अदिति अशोक और दीक्षा डागर जबकि पुरुष वर्ग से शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर शामिल रहेंगे। इसमें अदिति पहली भारतीय गोल्फर होंगी जो तीसरी बार ओलंपिक में भाग लेंगी। वहीं दीक्षा दूसरी बार खेलती दिखेंगी जबकि हीं शुभंकर और भुल्लर पहली बार इन खेलों में उतरेंगे। ओलंपिक में अब तक भारत की ओर से सबसे अच्छा प्रदर्शन अदिति के नाम है। वह टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही थी। ओलंपिक के लिए क्वालिफिकेशन रैंकिंग द्वारा निर्धारित की जाती है, जो आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग (ओडब्ल्यूजीआर) के जरिये 60 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ियों तक सीमित है। ओडब्ल्यूजीआर में शीर्ष 15 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए योग्य होते है। इसमें एक देश से अधिकतम चार गोल्फरों को अनुमति रहती है। इसके बाद ओलंपिक गोल्फ रैंकिंग (ओजीआर) के आधार पर खिलाड़ियों को कोटा मिलता है। इसमें एक देश से अधिकतम दो खिलाड़ी जगह पात्र होते है बशर्ते उस देश को ओडब्ल्यूजीआर के कोटे से जगह नहीं मिली हो। अदिति 24वें स्थान के साथ भारत की शीर्ष महिला खिलाड़ी है जबकि दीक्षा 40वें पायदान पर है।

ओलंपिक स्थान के लिए राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैम्पियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे भारतीय एथलीट

नई दिल्ली (एजेंसी)। ओलंपिक भाला फेंक चैम्पियन नीरज चोपड़ा की अनुपस्थिति में भारत के शीर्ष ट्रैक और फील्ड एथलीट गुरुवार से यहां शुरू होने वाली राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैम्पियनशिप के दौरान पेरिस ओलंपिक स्थान हासिल करने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। यह चार दिवसीय चैम्पियनशिप आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट होगी।

सात जुलाई को होने वाली पेरिस डायमंड लीग में बहुत कम दिन बचे हैं तो चोपड़ा पंचकुला में हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होंने पिछले महीने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में हिस्सा लिया था और स्वर्ण पदक जीता था। पिछले महीने भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने यह स्पष्ट कर दिया था कि पेरिस ओलंपिक के लिए चुने जाने के लिए चोपड़ा को छोड़कर अन्य सभी खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैम्पियनशिप में भाग लेना अनिवार्य होगा।

एएफआई के नियमों के अनुसार ओलंपिक, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल जैसे टूर्नामेंट के लिए चुने जाने के लिए सभी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैम्पियनशिप में भाग लेना होगा। महासंघ विशेष खिलाड़ियों या उनके कोचों के अनुरोध पर छूट दे सकता है। चोपड़ा की अनुपस्थिति में अविनाश साबले (पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज), किशोर जेना (पुरुषों की भाला फेंक), राम बाबू (पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल) और पारुल चौधरी (महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज) चैम्पियनशिप में सुर्खियों में रहेंगे जिन्होंने क्वालीफाइंग मानक हासिल कर पेरिस ओलंपिक के लिए स्थान पक्का कर लिया है।

ज्योति याराजी (महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़), अन्नू रानी (महिलाओं की भाला फेंक), डीपी मनु (पुरुषों की भाला फेंक), तेजिंदरपाल सिंह तूर (पुरुषों की गोला फेंक), जेस्विन एल्ड्रिन (पुरुषों की लंबी कूद), प्रवीण चित्रवेल और अब्दुल्ला अबूबाकर (दोनों पुरुषों की त्रिकूद) जैसे खिलाड़ी विश्व रैंकिंग कोटा के जरिये पेरिस का टिकट कटा सकते हैं। एशियाई रिकॉर्ड धारी तूर ने मंगलवार को 'पीटीआई' को बताया कि उनके टखने में हल्का दर्द है और उनके डॉक्टर ने उन्हें तीन-चार हफ्तों तक गोला फेंकने से मना किया है। पर उनका नाम बुधवार को एएफआई की अपडेट की गई प्रवेश सूची में शामिल है।

कुछ उभरते सितारे जैसे धावक अनिमेष कुजूर, 110 मीटर बाधा दौड़ के तेजस शिरसे और लंबी कूद की खिलाड़ी शैली सिंह भी चुनौती पेश करते नजर आयेंगे। पेरिस ओलंपिक स्थान पक्का करने वाली भारतीय पुरुष और महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम का

लगभग हर सदस्य हिस्सा लेगा। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी 20 किमी पैदल चाल खिलाड़ी अक्षदीप सिंह पेरिस खेलों का क्वालीफाइंग मार्क पार कर चुके हैं लेकिन उनका नाम प्रवेश सूची में शामिल नहीं है। महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल की राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रियंका गोस्वामी ने भी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है और उनका नाम भी सूची में नहीं है।

गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदर पाल सिंह राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप से हटे

नई दिल्ली । भारत के गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदर पाल सिंह तूर ने टखने में दर्द के कारण राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेकिटिक्स चैंपियनशिप से बाहर होने का फैसला किया है। गुरुवार से पंचकुला में शुरू हो रही ये प्रतियोगिता आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का अंतिम मौका है। कुछ दिन पहले तक एशियाई रिकॉर्ड धारक तूर वर्ल्ड रैंकिंग कोटा के जरिए पेरिस खेलों के लिए क्वालिफाई करने की राह पर थे। वह गत एशियाई चैंपियन और एशियाई खेलों के गोल्ड पदक विजेता हैं। हालांकि, अब उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया है। तूर ने पीटीआई को बताया कि अभी उनके टखने में थोड़ा दर्द है जिसकी वजह से डॉक्टर ने सिंह को तीन से चार हफ्तों तक थ्रो नहीं करने की सलाह दी है।

'एक्सीडेंट ऑर कांस्पिरेसी गोधरा' का ट्रेलर आउट, साबरमती ट्रेन दुर्घटना से पर्दा उठाएगी

12 जुलाई को सिनेमागृहों में होगी रिलीज़

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

साबरमती ट्रेन दुर्घटना पर लंबे समय से चली आ रही कहानियों और धारणाओं को चुनौती देने वाली फ़िल्म 'एक्सीडेंट ऑर कांस्पिरेसी गोधरा' का ट्रेलर ज़ी म्यूज़िक ने सोशल मीडिया पर रिलीज किया हैं। फ़िल्म के मेकर्स का दावा है कि 'एक्सीडेंट ऑर कांस्पिरेसी गोधरा' साबरमती ट्रेन दुर्घटना के पीछे की सचाई देश के सामने उजागर करेगी। गुजरात के गोधरा के 22 साल पहले हुए इस अमानवीय घटना के पीछे की साजिश की परतों का पता लगायेंगी। ट्रेलर की शुरुआत में ट्रेन पर एक बेहद भयावह हमले से होती है। आग लपटों के बीच जलते निर्दोष लोगों की चीखों के धीमे पड़ते शोर के बीच में एडवोकेट के किरदार में रणवीर शौरी कहते हैं साबरमती ट्रेन को जलाया नहीं गया बल्कि उनको जलने दिया गया।बाहर एक महिला मीडिया को इंटरव्यू में सवाल करती 'हजारों लोगों का मर्डर, गैंगरेप यह साजिश नहीं हैं तो और क्या हैं।' रणवीर शौरी अपनी दलील को पूरे ज़ोर के साथ रखते हुए कहते हैं कि 'यह प्रशासन सिर्फ़ एक कहानी बना रहा हैं। अपनी ग़ैर जिम्मेदारी को छुपाने के लिए। जब अटैक हुआ तो

आरपीएफ ने कहा था गलती से जब उस ट्रेन में आग लग गई तो फायर ब्रिगेड कहां थी। योर ऑनर साबरमती ट्रेन की घटना कोई साजिश नहीं थी। इस दलील के जवाब में मनोज जोशी कहते हैं की साबरमती ट्रेन एक्सीडेंट एक साजिश थी। उनकी कांपती आवाज चलती ट्रेन के शोर में गुम हो जाती हैं। ट्रेलर के इस हिस्से में बीच में एक सवाल उठता है कि आख़िर साबरमती ट्रेन पर ही हमला क्यों किया गया।ट्रेलर के दूसरे हिस्से में बहुत इमोशनल दृश्य हैं। पत्नी को ट्रेन पर पहुँचाने आये पति को देखकर अभिनेत्री देनिशा घूमरा कहती हैं ÷विदा तो ऐसे कर रहे हो जैसे हमेशा के लिए जा रही हूं। मासूम और निर्दोष लोग आग की लपटों में जलते देखे जा सकते हैं।ट्रेलर के अंत में लोकप्रिय गुजराती एक्टर हितु कनोडिया का किरदार एक सवाल करता हैं- लोग मारे गये,किसी एक का नाम भी जानते हैं। फ़िल्म का ट्रेलर एक बहुत बड़े सवाल के साथ ख़त्म होता हैं।ट्रेन में जलते मासूम लोगों की चीखें और इमोशनल दृश्य फ्रिज हो जाते हैं। ओम त्रिनेत्र फिल्म्स के बैनर तले निर्मित इस फिल्म में रणवीर शौरी, मनोज जोशी, हितु कनोडिया , देनिशा घुमरा, अक्षिता नामदेव, गणेश यादव और राजीव सूरती जैसे कई कलाकार नज़र आयेंगे।यह फ़िल्म नानावती मेहता आयोग की रिपोर्ट पर आधारित है,जिसे घटना की जांच का काम सौंपा गया था। पहली बार कोई बॉलीवुड फ़िल्म हैं, जो एक आयोग की रिपोर्ट के आधार पर एक घटना की सचाई दर्शकों के सामने दिखायेगी। युवा निर्देशक एम.के. शिवाक्ष का कहना है, 'गोधरा के निर्देशक के रूप में मेरा लक्ष्य हमेशा घटना के पीछे की सचाई पर सामने लाना हैं।इस फिल्म के माध्यम से मैंने दर्शकों के सामने गोधरा कांड की जटिलता और गहराई को बताने का प्रयास किया है। फ़िल्म किसी जाति, संप्रदाय को टारगेट नहीं कर रही है। फ़िल्म एक ऐसी घटना की परतों को खोल रही हैं जिसे अपने अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किया गया हैं और आज तक लोगों को गुमराह रखा गया।' निर्माता बीजे पुरोहित गोधरा ने कहा, 'अब दर्शक साबरमती ट्रेन दुर्घटना की सच्चाई को पर्दे पर देख पाएंगे। इस फ़िल्म के ज़रिए हम कारसेवकों को श्रद्धांजलि देते हैं आख़िर निर्दोष बच्चों, औरतों और वृद्ध लोगों को ट्रेन में क्यों जिंदा जला दिया गया। आखिर क्यों दशकों तक अदालत में यह बहस होती रही है कि साबरमती ट्रेन दुर्घटना थी या फिर साज़िश थी। इस सब के पीछे क्या सचाई थी, कौन लोग थे।' 'एक्सीडेंट ऑर कांस्पिरेसी गोधरा' एक ऐसी फिल्म है जो भयावह ट्रेन हमले की गहराई से जांच करती है।यह फिल्म दर्शकों को उस दुखद अतीत पर सोचने के लिए मजबूर करती हैं,जिन्हें आज तक न्याय नहीं मिला।इस फ़िल्म का टीज़र आते ही मीडिया में चर्चा शुरू हो गई थी। सेंसर को लेकर कई प्रकार की बाधाओं की वजह से भी फ़िल्म सुर्खियों में रही है। सेंसर बोर्ड ने कई स्टेज पर परीक्षण करने के लिए निर्माताओं को लंबा इंतज़ार करना पड़ा।फ़िल्म को सेंसर सर्टिफिकेट मिल गया है और 12 जुलाई को देशभर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने जा रही है। हिन्दी के साथ ही फ़िल्म तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम में भी रिलीज़ होगी।

गणेशगढ़ के पास मारपीट कर रुपए छीने, दो युवक पिस्तौल और जीवित कारतूसों समेत गिरफ्तार

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

लालगढ़ चट्टान थाना क्षेत्र के गांव गणेशगढ के पास मारपीट कर एक व्यक्ति से 20 हजार रुपए छीनने की घटना सामने आई है। वहीं पुलिस ने दो युवकों को अवैध रूप से पिस्तौल तथा जीवित कारतूस रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक गांव बींझबायला के सूरज सिंह पुत्र बलदेवसिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि परसों सोमवार को गणेशगढ़ गांव के पास उसे जाते हुए को रोककर गौतम, अजय तथा चार-पांच अन्य युवकों ने मारपीट की और 20 हजार छीन लिए। इस घटना की जांच कर रहे गणेशगढ़ पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई रमेश कुमार ने बताया कि अभी तक आरोपियों द्वारा सूरज सिंह से 20 हजार रुपए छीनने की पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि घटना के अगले ही दिन कल मंगलवार को उन्होंने धंधे वाला गणेशगढ़ गांव की रोही में अजय पुत्र राजेंद्र निवासी डूंगरसिंहपुरा को 12 बोर के एक पिस्तौल और एक जीवित कारतूस सहित पकड़ा गया।अजय के एक साथी रवि पुत्र गोविंदराम निवासी गणेशगढ़ के कब्जे से 12 बोर का एक जीवित कारतूस बरामद हुआ। इन दोनों पर आर्म्स एक्ट में अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए हैं।जांच अधिकारी ने बताया कि अजय तथा रवि के बारे में कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि यह दोनों इस इलाके में बदमाशी करते हैं। इसलिए इन पर नजर रखी जा रही थी। उन्होंने कहा कि अभी जांच की जारी है कि सूरजसिंह के साथ हुई घटना में जिस अजय का नाम आया है, वह अजय कल अवैध हथियारों सहित पकड़ा गया वहीं अजय है या कोई दूसरा। इस बीच में सूरतगढ़ सिटी थाना पुलिस ने एक युवक बलजिंदर सिंह (30) पुत्र रामसिंह को अवैध रूप से तेज धार वाला चाकू रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है।उस पर भी आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

कृषि आदान विक्रेता किसानों के हित को सर्वोपरी रखें

संगरिया। कृषि विज्ञान केन्द्र, ग्रामोत्थान विद्यापीठ, के तत्वाधान में डेसी (डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन सर्विसेज फॉर इनपुट डीलर्स) के प्रतिभागियों को उनके पाठयक्रम पूर्ण करने के उपलक्ष मं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम में डेसी के प्रतिभागियों ने शिरकत की। कार्य क्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुये संगरिया के विधायक अभिमन्यू पूनिया ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये। अपने उद्बोद्धन में अभिमन्यू पूनिया ने कहा कि खेती में किसानों के योग दान के साथ साथ आपका भी योगदान सराहनीय है। कृषि आदान विक्रेता के रुप में आपका दायित्व बनता है। आप किसान व खेती के हित को सर्वोपरी रखते हुये किसानों को उत्तम गुणवत्ता का सही कृषि आदान उपलब्ध करावें। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनूप कुमार ने अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत करते हुये कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा किसानों के लिये प्रदान की जा रही सेवाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। ज्ञात हो डेसी के 40 प्रतिभागियों का यह बैच 2022-23 में संचालित हुआ तदुपरान्त इनकी एक परीक्षा का आयोजन मैनेज हैदराबाद द्वारा किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागी उतीर्ण घोषित किये गये। परीक्षा में सर्वोतम अंक पाकर स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक प्राप्त करने वाले क्रमशः धर्मेन्द्र पारीक, नितिन गर्ग व भूपेन्द्र कुमार पारीक थे। उक्त पाठयक्रम के फैसिलीटेटर डूंगरमल डाल ने सभी प्रतिभागियों को सफलता प्राप्त करने पर शुभकामनायें ज्ञापित की। कार्यक्रम में केन्द्र के समस्त स्टॉफ की उपस्थिति रही।

प्रथम पेज का शेष...

फिर लोकसभा स्पीकर...

के पहले ऐसे सांसद हैं, जो लगातार दूसरी बार स्पीकर बने। वे राजस्थान के कोटा से तीसरी बार जीत कर आए हैं। खास बात यह है कि देश के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ भी राजस्थान से आते हैं।

पीएम ने शिक्षा मंत्री का नाम लिया तो विपक्ष ने नारे लगाए

मंत्रिमंडल के परिचय के दौरान जैसे ही पीएम मोदी ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का नाम लिया, विपक्ष के सांसदों ने शेम-शेम के नारे लगाए। इससे पहले सोमवार को जब प्रधान सांसद पद की शपथ लेने गए थे, तब भी विपक्ष के सांसदों ने नीट-नीट शेम-शेम के नारे लगाए थे। स्पीकर ओम बिरला अपना भाषण देने के लिए उठे। उन्होंने कहा-मुझे इस महान सदन के पीठासीन अधिकारी के रूप में चुना गया। इसी दौरान विपक्ष के कई सांसद अपनी बात रखने के लिए हंगामा करने लगे। इस पर ओम बिरला ने कहा-जब स्पीकर सीट से खड़ा हो जाता है। तब सदस्यों को बैठ जाना चाहिए। ये मैं पहली बार कह रहा हूं, यह दोबारा नहीं कहना पड़े। सभी सदस्य 1-1 मिनट से ज्यादा न बोलें। एनसीपी सांसद सुप्रिया सूले ने कहा, 'कोविड में आपने जो काम किया, वो सराहनीय है। पांच साल में आपने बहुत अच्छा काम किया, लेकिन जब 150 लोग जब सस्पेंड हुए, तब सबको बहुत दुख हुआ। हम चाहते हैं कि सस्पेंशन न हो, सब मिलकर काम करें। बातचीत का ऑप्शन खुला रहे।' स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि गतिरोध सदन की परंपरा नहीं है। बेल में आना सदन की परंपरा नहीं है। मैं कभी सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई करना नहीं चाहता, लेकिन जब नियम तोड़े जाते हैं तो कठोर निर्णय लेने पड़ते हैं। विरोध को संसदीय मर्यादा के तहत दर्ज कराएं।

राहुल गांधी होंगे...

लिए किसी भी पार्टी को कुल 543 में से 55 सदस्यों का आंकड़ा पार करना होता है। 2024 के चुनाव में कांग्रेस 99 सीटों के साथ सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी बनी है। भाजपा की 240 और एनडीए की 293 सीटों के मुकाबले इंडिया गठबंधन 232 सीटें जीतने में कामयाब रही। इससे पहले 2019 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सिर्फ 52 सीटें जीती थीं। 2014 के चुनाव में पार्टी सिर्फ 44 सीटों पर जीत हासिल कर सकी थी। गौरतलब है कि संसद में विपक्षी नेता अधिनियम 1977 के तहत, नेता प्रतिपक्ष का पद कैबिनेट मंत्री के समान होता है। इस पद पर रहने वाले नेता को केंद्रीय मंत्री के समान वेतन, भत्ता और अन्य सुविधाएं मिलती हैं। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राहुल को कैबिनेट मंत्री की तरह सरकारी बंगला और सचिवालय में एक दफ्तर मिलेगा। उन्हें मासिक वेतन और दूसरे भत्तों के लिए 3 लाख 30 हजार रुपए मिलेंगे। बतौर सांसद, राहुल को हर महीने 1 लाख रुपए वेतन और 45 हजार रुपए भत्ता मिलता है। राहुल को कैबिनेट मंत्री के समान उच्च स्तर की सुरक्षा मिलेगी। इसके अलावा उन्हें मुफ्त हवाई यात्रा, रेल यात्रा, सरकारी गाड़ी और दूसरी सुविधाएं भी मिलेंगी। 4 जून को लोकसभा चुनाव का रिजल्ट घोषित होने के चार दिन बाद 8 जून को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें कहा गया कि राहुल गांधी को विपक्ष का नेता नियुक्त किया जाना चाहिए।

बाजरा खाना काफी...

उनके लिए यह बहुत अच्छा है। इसमें प्रोटीन, आयरन, मैग्नीशियम, मैंगनीज, फाइबर जैसे शरीर के लिए जरूरी तत्व होते हैं। इसके फाइबर्स कम खाने में भी पेट भरा होने का एहसास कराते हैं और हमें लंबे समय तक भूख नहीं लगती। इसकी कम कैलोरीज और हाई फाइबर वजन घटाने में मददगार हैं। बाजरा कोलेस्ट्रॉल कम करके दिल के रोगों के जोखिम कम करता है। ब्लड सर्कुलेशन को दुरुस्त रखता है।

बाजरे का राजस्थान से पुराना नाता

दुनिया में सबसे ज्यादा बाजरा भारत में उगता है जिसकी 85 प्रतिशत पैदावार अकेले राजस्थान में होती है। दरअसल, राजस्थान का मौसम शुष्क होता है, जमीन कम उपजाऊ होती है और बाजरा इसी तरह की रेतीली जमीन और सूखे मौसम में बेहतर उगता है। राजस्थान में आपको बाजरे की रोटी से लेकर खिचड़ी तक मिल जाएगी। मारवाड़ी खिचड़ी को 'खिचड़ा' या 'खिच' कहते हैं। वहां चीला, बाटी-चूरमा, हलवा, कचौड़ी, मठरी समेत तमाम चीजें बाजरे की मिलती हैं।

बिहाणी कन्या...

मोदी सम्पूर्ण व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद बनाने में जुटे हुये है। डीवाईएसपी ईश्वरचंद, थाना प्रभारी ईश्वरानंद शर्मा ने भी महाविद्यालय परिसर का दौरा कर व्यवस्थाए जांची। उधर बुधवार को भामाशाह ओमनारायण बिहाणी सहित बिहाणी परिवार नोहर पहुंच गया। इस मौके पर संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष संजय मोदी के नेतृत्व में नोहर के नागरिकों ने यहां साहवा मार्ग पर भामाशाह ओमनारायण बिहाणी सहित बिहाणी परिवार का स्वागत किया। इस अवसर पर नागरिकों ने बिहाणी परिवार का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया । यहां पर ओमनारायण बिहानी ,प्रेमदेवी बिहानी का माला पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इनके स्वागत समारोह में नागरिकों ने कहा कि नोहर के विकास में बिहाणी परिवार का योगदान अतुलनीय है। जिसे सदैव याद रखा जाएगा। इस अवसर पर हनुमान प्रसाद व्यास, प्रदीप पुरोहित ,सत्य प्रकाश जोशी ,राजेंद्र कन्दोई, रफ़ीक चौहान, पवन कंदोई, अनुज थिरानी ,महेंद्र राजपूत,अनिल कड़वासरा ,मुरलीधर छींपा, मुकेश अग्रवाल,राजपाल बिजारणीया ,प्रेम वर्मा, नरेन्द्र तिवाड़ी, रामेश्वर सोनी, सुशील सिपानी, हरदत सैनी सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे।

हनुमानगढ़ में होगा...

मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने सचिवालय स्थित ऑफिस से बुधवार को पोस्टर विमोचन किया। हरिमोहन शर्मा प्रदेश में महामंत्री भारतीय मजदूर संघ, प्रदेश अध्यक्ष जेठाराम डूडी, प्रदेश महामंत्री किशोरनाथ सिसोदिया, जलदाय प्रभारी मोहनलाल माली, प्रदेश मीडिया प्रभारी चौधरी मंघाराम कालीराणा, जिला कोषाध्यक्ष सुखराम डूडी, इंद्राज घोटिया प्रदेश संगठन मंत्री, गोसाई राम सियोल प्रदेश सह-संगठन मंत्री, लेखराज योगी, महेंद्र धाभाई, श्याम मनोहर सोनी, जगदीश सैनी, माणकाराम, बाबू सिंह राजपुरोहित सहित संगठन के पदाधिकारी की उपस्थिति में पोस्टर विमोचन किया गया। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन भी जलदा मंत्री कन्हैया लाल चोधरी को सौंपा गया। जिसमें प्रमुख मांगे जलदाय विभाग में तकनिकी व मंत्रालिक कर्मचारियों की भर्ती की जावें। वर्कचार्ज सभी कर्मचारियों को नियमित कर ट्रेड विकल्प के अनुसार पदोन्नति की जावें। विभाग मे विकसित किये गए मोबाइल ऐप (ए.एम.एस) से सभी तकनीकी कर्मचारियों को मुक्त रखा जावें। विभाग में कार्यरत जनता जल योजनाओं पर कार्यरत कार्मिकों को नियमित किया जावें। महासंघ के द्वारा प्रस्तुत मांग पत्र का शीघ्र निपटारा कराया जाए।

ओम बिरला को...

का पल है। इससे भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं में असीम उत्साह और जोश है। यह खुशी का पल है कि राजस्थान की मिट्टी से उठा हुआ भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता, जिसने वर्षों से एक कार्यकर्ता व विधायक के रूप में काम किया, वर्षों से सांसद के रूप में कोटा की जनसेवा में लगे हुए हैं। ऐसे व्यक्ति का दूसरी बार लोकसभा का अध्यक्ष बनना पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के साथ पूरे प्रदेशवासियों के लिए खुशी की बात है। इस मौके पर विकास गुप्ता, प्रकाश तंवर, विकास शर्मा, महेन्द्र सिंह राठौड़, अपारजोत बराड़, राजन अरोड़ा, केशव पाल, जितेंद्र तेजवानी, नरेश पुरोहित, सागर शर्मा, राकेश गोयल, उदय पाल चिरानिया, नवीन बाकोलिया, राम कुक्कड़, मनोज मोदी, संदीप, मदन सोनी, प्रदीप बिस्सा आदि मौजूद थे।

घग्घर नदी पर...

आवक के दौरान प्रशासन की ओर से उक्त निजी बंधों को हटाया जाता है और बहाव क्षेत्र के अनुसार बंधों को मजबूत किया जाता है। इससे प्रति वर्ष राजकीय कोष पर अनावश्यक भार पड़ता है। इसके उपरान्त भी शहर डूबने का खतरा बना रहता है। वर्ष 1996 में घग्घर नदी में पानी की अत्यधिक आवक से हनुमानगढ़ शहर बाढ़ में डूब गया था। विधायक ने पत्र के माध्यम से सुझाव दिया कि गजट नोटिफिकेशन 1998 के अनुसार निर्धारित 6 बीघा घग्घर बहाव क्षेत्र की सीमा में स्थाई बंधों के लिए आवश्यक भूमि अवाप्त कर स्थाई बंधों का निर्माण कर साबरमती नदी (गुजरात) की तर्ज पर नदी तटीय क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। इससे शहर बाढ़ के प्रभाव से सुरक्षित रहेगा और शहर का सौंदर्यकरण बढ़ेगा और स्थानीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र के माध्यम से हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय से प्रवाहित होने वाली घग्घर नदी पर नदी तटीय क्षेत्र विकसित करने के लिए राजस्थान सरकार के बजट-2024 में 150 करोड़ रुपए का प्रावधान करने का आग्रह किया है।

सीबीआई के...

सकेंगे और उनके लिए घर का खाना आ सकेगा। बुधवार सुबह सीबीआई ने शराब नीति केस में भ्रष्टाचार के आरोप में केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद सीबीआई ने उन्हें ट्रायल कोर्ट में पेश कर 5 दिन की कस्टडी मांगी। कोर्ट ने करीब 4 घंटे तक दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। शाम 7 बजे कोर्ट ने फैसला सुनाया। अगली सुनवाई 29 जून को होगी। सुनवाई के दौरान केजरीवाल ने कहा कि मीडिया में खबर चलाई जा रही है कि मैंने सिसोदिया पर शराब नीति के आरोप लगाए हैं। यह गलत है। मैंने कहा था कि कोई दोषी नहीं हैं। सिसोदिया भी दोषी नहीं हैं। इस पर सीबीआई के वकील ने कहा मीडिया में जो चल रहा है वह सब सही है। सब फैक्ट्स पर आधारित है। इससे पहले सुनवाई के दौरान ही कोर्ट रूम में केजरीवाल की तबीयत बिगड़ गई थी। उनका शुगर लेवल गिरने के कारण कुछ देर के लिए उन्हें अलग रूम में शिफ्ट किया गया। हालांकि बाद में वे कोर्ट रूम में वापस लौट आए। सीबीआई ने 25 जून को रात 9 बजे तिहाड़ जाकर शराब नीति में भ्रष्टाचार को लेकर केजरीवाल से पूछताछ की थी। इससे पहले, शराब नीति में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में ईडी ने 21 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया था। वे 10 मई से 2 जून यानी 21 दिन के लिए पैरोल पर थे।

पीएम किसान योजना...

योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए परिवाद दिया। प्रहलाद ने कहा कि गांव में अमृत सरोवर को गांववासियों के सहयोग से विकसित किया जा रहा है। इसके लिए किसी भी संस्थान, एजेंसी को भुगतान नहीं किया जाए। कई परिवादियों ने पेंशन के लिए परिवाद दिया। श्री भागीरथ ने वाटर वर्क्स को 24 घंटे बिजली की आपूर्ति के लिए परिवाद दिया, जिस पर जिला कलेक्टर ने विद्युत विभाग के एसई को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर को राजस्थानी भाषा में लिखित 'आवकलाग अर लागणदार' पुस्तक भेंट

रात्रि चौपाल में डिग्गी की साफ सफाई, धर्मशाला के नजदीक अतिक्रमण, राजकीय विद्यालय के अंदर बालिकाओं के लिए अलग से शौचालय निर्माण, अवैध शराब बेचने, पेयजल लीकेज से संबंधित परिवाद आए। इस मौके पर राजस्थानी भाषा को प्रोत्साहित करने के लिए हरीश कुमार ने जिला कलेक्टर को राजस्थानी भाषा में टैक्स से संबंधित 'आवकलाग अर लागणदार' पुस्तक भेंट की। उन्होंने मांग की है कि राजस्थानी भाषा को मान्यता मिले। रात्रि चोपाल में सीईओ सुश्री सुनीता चौधरी, एसडीएम डॉ. दिव्या चौधरी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

जो गाय और माता-पिता की सेवा करता है उसे मंदिर जाने की जरूरत नहीं: आदिनाथ

तेज. रिपोर्टर | भादरा

गोगामेड़ी 12 डीपीएन तहसील कि कड़ी में एक गौशाला और जुड़ गई है। गोगामेड़ी राजा भतृहरी के नाम से महाराज आदिनाथ के सानिध्य में नवनिर्माणधीन गौशाला में बुधवार को पांचवे दिन कि कथा में कथावाचक पडित मुरलीधर शर्मा ने बताया कि गाय है तो सृष्टि है, सभी देवी देवताओ गौमाता में विराजमान है, जो घर गाय और माता पिता की सेवा करता है, उसे मंदिर जाने की जरूरत नहीं। इस मौके पर गौसेवक बजरंग सिंह शेखावत और तहसील अध्यक्ष जयवीर सरेवा ने बताया कि हर दिन नई गौशाला खुलने की कड़ी जुड़ रही है अब गाय खुले में नहीं घूमेगी और हर पंचायत हेड क्वार्टर पर गौशाला खोलने का संकल्प लगभग पूरा होने जा रहा है, जो पंचायत बाकी रही है उन में भी जल्दी से जल्दी गौशाला खोलने में लगे हैं। आयोजन में तहसील इकाई भादरा से तेजपाल पूनिया, मांगेराम बजाज, रामदेव पूनिया, सुरेश बेनीवाल, वेद प्रकाश राव, रमेश पूनिया समेत लोगों का गौशाला समिति के अध्यक्ष माया योगी, सचिव प्रियंका योगी, मुकेश जांगड़ा, जगतपाल, महावीर, रामप्रकाश सिंघाठिया समेत गौभक्तों ने गौमाता के प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित कर आभार जताया।

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत रथ यात्रा का आयोजन व पोस्टर विमोचन

हनुमानगढ़। नारायण सेवा समिति व जिला प्रशासन हनुमानगढ़ द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस 26 जून के अवसर पर स्थानीय एसकेडी विश्विद्यालय परिसर से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक पांच दिवसीय नशा मुक्ति जागृति रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और साथ ही युवाओं को नशे के शिकार होने से बचने व जागृत करने के लिए एक नशा मुक्ति के संदेश का फ्लेक्स पोस्टर का विमोचन जिला कलेक्टर काना राम, जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, समाज कल्याण विभाग के सहायक निदेशक सुरेन्द्र पूनिया, एसकेडी विश्विद्यालय निदेशक बाबू लाल जुनेजा, समिति अध्यक्ष बजरंग कंदोई, केंद्र प्रभारी वेद प्रकाश द्वारा किया गया। इस अवसर पर नशा मुक्त भारत के वॉलिंटियर सतपाल, विक्रम, अमरजीत, सुनील, मेघराज, शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, विद्यार्थी गण, मीडिया कर्मी आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर युवाओं को नशा ना करने की शपथ दिलाई गई। ज्ञात रहे की भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नशे के विरुद्ध देश भर में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज के दिन 26 जून को पूरे देश भर में यह नशे से जागृति का कार्यक्रम चलाया जा रहा है ।

नशीली दवाओं के दुरूपयोग और तस्करी के खिलाफ लीगल अवेयरनेस कैंप लगाया

पीलीबंगा। ताल्लुका विधिक सेवा समिति ने बुधवार को नशीली दवाओं के दुरूपयोग और तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर लीगल अवेयरनेस कैंप लगाया। समिति सचिव अरमान सोनी ने बताया कि कैंप में पैनल अधिवक्ता मनीष आहूजा ने इस विशेष दिवस के बारे में बताते हुए कहा कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य, नशीले पदार्थों का मानव शरीर पर होने वाले दुष्प्रभाव एवं इससे जुड़े विभिन्न अधिनियम एवं मानव तस्करी से जुड़े विधिक अधिनियम आदि की कानूनी प्रावधान बताएं एवं आमजन से भी अपने खेतों निकटवर्ती ग्राम पचांयतों, गांवों, ढाणियों, ईट भट्टों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जाकर नशे से होने वाले दुष्प्रभाव बताने एवं उन्हें इस जंजाल से निकलने में सहयोग करते हुए उन्हें नशा छोड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित होने का आग्रह किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि लीगल एड का लक्ष्य समाज पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरनाक प्रभावों के बारे में जागरूकता का प्रसार करना तथा आमजन को नशे से मुक्त करना है।

भाजपा नेत्री किरण मेघवाल ने सीएचएमओ से की वार्ता

रावतसर। भाजपा नेत्री किरण मेघवाल ने मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी नवनीत शर्मा के साथ हॉस्पिटल में फैली अव्यवस्थाओं के बारे में वार्ता करते हुए किरण मेघवाल ने चिकित्सा अधिकारी को कहा की हॉस्पिटल में नशेड़ी लोग दिन भर घूमते रहते है और मौका मिलते ही वो उपयोग और बिना उपयोग वाले इंजेक्शन हॉस्पिटल से चुरा लेते है और जिसका उपयोग वो ड्रग जैसे नशे लेने में काम लेते है , अगर इन नशेड़ियों को डॉक्टर बाहर निकालते है तो इनसे लड़ाई झगड़े होने का भी डर रहता है। इसलिए हॉस्पिटल में होम गार्ड के जवान को तैनात करना चाहिए जिससे इन नशेड़ियों में भय बना रहे। किरण मेघवाल ने कहा की हॉस्पिटल में साधनों को खड़ा करने की व्यवस्था ठीक नहीं है जिसके कारण कोई एमरजेंसी हो तो बहुत दिक्कत होती है। एंबुलेंस हॉस्पिटल के अन्दर जा नहीं पाती जिससे मरीज परेशान होता है।

बेदखली सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मेरी दत्तक पुत्री पवन ज्योत उर्फ ज्योति मेरे कहने-सुनने में नहीं है। हर समय अपनी मनमर्जी करती है और आए दिन झगड़ा-फसाद करती रहती है। अतः मैं अपनी दत्तक पुत्री पवन ज्योत उर्फ ज्योति की हरकतों से तंग व परेशान होकर अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। यदि आज के बाद कोई भी व्यक्ति मेरी दत्तक पुत्री पवन ज्योत उर्फ ज्योति के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार या लेनदेन करेगा तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगी। मेरी दत्तक पुत्री पवन ज्योत उर्फ ज्योति द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए या लेनदेन के लिए मैं या मेरा परिवार उत्तरदायी नहीं होगी और ना ही आज के बाद हमारा दत्तक पुत्री पवन ज्योत उर्फ ज्योति के साथ किसी भी प्रकार का सम्बंध या सरोकार नहीं रहेगा। सूचित रहे।

दारासिंह पुत्र तेज सिंह, जाति जटसिख, निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, तहसील व जिला हनुमानगढ़।

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मेरा पुत्र करण गोयल (नाबालिग) मेरे कहने सुनने में नहीं है। हर समय अपनी मनमर्जी करता है और दुर्व्यवहार करता है। बिना वजह लड़ाई झगड़ा करता है और जान से मारने की धमकियां देता है। अतः मैं अपने पुत्र करण गोयल (नाबालिग) की हरकतों से तंग व परेशान होकर अपनी तमाम चल-अचल सम्पति व परिवार व समाज से बेदखल करता हूँ। यदि कोई व्यक्ति आज के बाद मेरे पुत्र करण गोयल (नाबालिग) के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार रखेगा, लेन-देन करेगा या झगड़ा फसाद करेगा तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी या मेरे परिवार की किसी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। करण गोयल का मेरी सम्पति में किसी भी प्रकार का हक व हिस्सा नहीं होगा। करण गोयल यदि कोई वाद-विवाद करता या कोई ऐसा कार्य करता जिससे मेरे परिवार को मानसिक व आर्थिक नुकसान होगा तो मेरा उस घटना से कोई लेना-देना नहीं होगा। अपने द्वारा किये गये प्रत्येक कार्य के लिए करण गोयल (नाबालिग) स्वयं जिम्मेवार होगा। सूचित रहे

विनोद कुमार पुत्र श्री प्रकाश चन्द्र जाति अग्रवाल निवासी शनिमंदिर वाली गली, हनुमानगढ़ जंक्शन तहसील व जिला हनुमानगढ़

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मेरा पुत्र अमित पाण्डे व पुत्रवधु ज्योति शर्मा के बीच काफी लम्बे से विवाद चल रहा है जिस कारण मेरी पुत्रवधु ज्योति शर्मा अपने पुत्र सहित पीहर में माता-पिता के पास रह रही है। मेरा पुत्र अमित पाण्डे मेरे कहने सुनने में नहीं है। हर समय अपनी मनमर्जी करता है और बिना बताये घर से चला जाता है। आये दिन झगड़ा फसाद करता है और आत्महत्या करने की धमकियां देता है। अतः मैं अपने पुत्र अमित पाण्डे व पुत्रवधु ज्योति शर्मा की हरकतों से तंग होकर अपनी तमाम चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। यदि कोई व्यक्ति आज के बाद मेरे पुत्र अमित पाण्डे व पुत्रवधु ज्योति शर्मा के साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन करता है या व्यवहार रखता है तो उसके लिए वे स्वयं जिम्मेवार होंगे मेरी किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी और ना ही आज के बाद मेरी सम्पति में मेरे पुत्र अमित पाण्डे व पुत्रवधु ज्योति शर्मा का कोई हक व हिस्सा नहीं होगा और ना ही इन से कोई वास्ता रहेगा। अपने द्वारा किये गये प्रत्येक कार्य के लिए मेरा पुत्र अमित पाण्डे व पुत्रवधु ज्योति शर्मा स्वयं जिम्मेवार होंगे। सूचित रहे

उषा पाण्डे पत्नी स्व. सुखदेव पाण्डे निवासी 6/413, 414 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, वार्ड नं. 5 तहसील व जिला हनुमानगढ़

कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जल संसाधन खण्ड भादरा

क्रमांकःलेखा/24-25/1661-77 दिनांकः 20.06.2024

ई-निविदा सूचना संख्या : 02/ 2024-25

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जल संसाधन खण्ड भादरा के अधीन नहरों की देखरेख कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से उक्त कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेंट प्रक्रिया के माध्यम से ऑन लाईन निविदा प्राप्त की जावेगी। ई-निविदा दिनांक 21.06.2024 से 01.07.2024 तक डाउनलोडिंग एवं दिनांक 01.07.2024 सायं 6.00 बजे तक सबमिशन की जा सकेगी एवं दिनांक 02.07.2024 को सुबह 10.00 बजे खोली जावेगी। ई-निविदा से सम्बंधित विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in, http://waterresource.rajasthan.in व http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। यूबीएन निम्नानुसार है:-

1- WRN2425WSOB00082 2- WRN2425WSOB00083
3- WRN2425WSOB00084 2- WRN2425WSOB00085

डीआईपीआर/सी/4797/2024

(निरंजन लाल मीणा)
अधिशाषी अभियंता,
जल संसाधन खण्ड भादरा

अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ कार्यवाही जारी रखें: सत्यानी

» कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने खनन विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में दिए निर्देश

तेज | जगदीश सोनी. चूरू

जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने बुधवार को जिला कलक्टर कक्ष में खनन विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में विस्तृत निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन गतिविधियों पर निगरानी रखें और कार्यवाही जारी रखें। जिले के खनन क्षेत्रों की नियमित जांच व मॉनीटरिंग करें तथा अवैध खनन व परिवहन करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए खनन विभाग, पुलिस, वन, राजस्व व परिवहन विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय से मिशन मोड में कार्य करें। संबंधित विभाग निर्धारित किए गए राजस्व सहित अन्य लक्ष्यों को समय पर पूरा करें तथा अधिकतम आउटपुट के लिए टीम व संसाधनों का प्रबंधित ढंग से उपयोग करें। सहायक खनि अभियन्ता नौरंगलाल मेघवाल ने बताया कि जिले में अवैध खनन, निर्गमन, भण्डारण के विरूद्ध इस वित्तीय वर्ष में अब तक 22 प्रकरण बनाए जाकर 2 एफआईआर दर्ज करवाई गई तथा 22.73 लाख रुपए वसूल किए गए हैं। इसी प्रकार 11 जून से 25 जून तक बजरी व अन्य खनिजों के अवैध खनन, निर्गमन, भण्डारण के विरूद्ध चलाये गये विशेष अभियान के अन्तर्गत कुल 7 प्रकरण बनाये जाकर शास्ति राशि 5.84 लाख रुपए वसूल की गई। विभाग द्वारा अवैध खनन, निर्गमन, भण्डारण के विरूद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। उन्होंने सभी बिन्दुओं पर विस्तृत समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिला कलक्टर सत्यानी ने इस दौरान आय लक्ष्य व प्राप्तियों, खनिजवार स्वीकृत खनन पट्टे व परमिट, पट्टे के रिन्यूअल, चालान, स्वीकृत ईआरसीसी ठेका, अवैध खनन के संभावित क्षेत्रों, वन भूमि में प्लॉट डेलिनिएशन, खनिजवार अवैध खनन, निर्गमन व भंडारण सहित बिन्दुओं पर विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला परिवहन अधिकारी ओमसिंह शेखावत, सुजानगढ़ जिला परिवहन अधिकारी विनोद कुमार, एडीपीआर कुमार अजय, वन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी दीपचन्द यादव आदि उपस्थित रहे।

क्षतिग्रस्त चैम्बर मरम्मत के लिये ठेकेदार को किया पाबंद

श्रीगंगानगर। जल जीवन मिशन के तहत जल योजना गांव 11 एवं 12 एलएनपी में ओवरहैड टैंक के पास बने चैम्बर के क्षतिग्रस्त होने पर पीएचईडी द्वारा मरम्मत के लिये ठेकेदार का पाबंद किया गया। पीएचईडी के अधिशाषी अभियंता सतीश कुमार अरोड़ा ने बताया कि गांव 11 एलएनपी के पास स्थित मंदिर में ओवरहैड टैंक का निर्माण करवाया गया। इसके नीचे सल्यूस वॉल्व का चैम्बर निर्मित किया गया था। 20 जून को चैम्बर में बरसाती पानी भरने से और पानी के दवाब के कारण दरारें आ गई। इसकी मरम्मत के लिये ठेकेदार का पाबंद किया गया है। उन्होंने बताया कि योजना पर पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से हो रही है और राईजिंग मेन पाईपलाईन में कोई लिकेज नहीं है।

विभिन्न प्रकार के कामगार अपना श्रम पंजीयन करावें: कलक्टर

» ई- श्रम पोर्टल की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना समन्वय व मॉनिटरिंग कमेटी एवं ई-श्रम पोर्टल की जिला स्तरीय समिति की बैठक बुधवार को जिला कलक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बाल श्रम के संबंध में जिला कलक्टर ने बाल कल्याण अधिकारी और मानव तस्करी विरोधी यूनिट को बाल श्रम संभाव्य स्थलों में समन्वय कर नियमित परीक्षण कर बाल श्रम उन्मूलन संबंधी प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने मानव तस्करी प्रकरणों पर चर्चा करते हुए कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे उद्योगों का सर्वे किया जाये। प्रकरण मिलने पर विभाग द्वारा कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को जागरूक करने के लिये शिविर, पोस्टर, पैम्फलेट सहित अन्य गतिविधियां कर बाल श्रम कानून की जानकारी देवें। गत माह में तस्करी से संबंधित 6 प्रकरणों की समीक्षा कर उन्होंने शिक्षा विभाग एवं आईसीडीएस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। ई-श्रम पोर्टल पर श्रमिक कार्ड की संख्या एवं विभागवार श्रमिक कार्ड की संख्या पर चर्चा करते हुए विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की जानकारी ली तथा इसमें प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। बैठक में श्रम आयुक्त अमरचंद ने बताया कि राज्य सरकार की श्रमिक कार्ड योजना में निर्माण श्रमिक, मिड्डे मिल वर्कर, धोबी, नरेगा श्रमिक, भूमिहीन कृषक, मोची, आशा वर्कर, स्ट्रीट वेण्डर, ओटो रिक्शा चालक, घरेलू श्रमिक, कुली एवं स्वनियोजित कामगार पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण के लिये आयु 16 से 59 वर्ष होनी चाहिए। पंजीकरण नजदीकी ई-मित्र या सीएससी केन्द्र पर ऑनलाईन करवा सकते हैं। पंजीकरण निःशुल्क रहेगा। पंजीकरण के दस्तावेज में आधार कार्ड, आधार कार्ड से जुडा मोबाइल नम्बर, बैंक खाता विवरण शामिल है। विश्वकर्मा कामगार योजना में 112 लाभार्थियों को पांच-पांच हजार रूपये की सहायता राशि दी गई है। बैठक में नगरपरिषद आयुक्त यशपाल आहूजा, जिला परिषद एसीईओ देशराज, सुमित्रा बिश्नोई, रामेश्वर लाल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विक्रम सिंह, पवन चौधरी, मनप्रीत कौर, त्रिलोक वर्मा, पूजा अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

उद्यम प्रोत्साहन योजना के शिविर का आयोजन

श्रीगंगानगर। राज्य के समग्र औद्योगिक विकास में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति की भागीदारी बढाने के उद्देश्य से बुधवार को वार्ड न. 7 खालसा सीनियर सैकण्डरी विद्यालय, ब्लॉक सादुलशहर जिला श्रीगंगानगर में डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना के शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र की सहायक आयुक्त सुदिव्या शर्मा ने बताया कि शिविर में 10 आवेदन पत्र तैयार करवाए गए। शिविर में जिला उद्योग एवं वाणिज्य अधिकारी भागीरथ ने उद्योग विभाग से संबंधित अन्य योजनाएं- प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, फर्म पंजीकरण, मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यम प्रोत्साहन योजना इत्यादि की जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण एवं श्रीगंगानगर जिले के ओडीआपी उत्पाद किन्नू के निर्यात प्रोत्साहन हेतु कार्यशाला भी आयोजित की गयी। उद्यम की स्थापना, विस्तार, आधुनिकीकरण, विविधिकरण के लिये विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता अनुदान एवं अन्य सुविधाओं संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम में केनरा बैंक, सादुलशहर व भारतीय स्टेट बैंक सादुलशहर के शाखा प्रबंधक तथा आरएसएलडीसी से ट्रेनिंग प्रबंधक अरविन्द कुमार उपस्थित रहे।

उपसरपंच पद हेतु 1 जुलाई को निर्वाचन करवाया जायेगा

श्रीगंगानगर। राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार पंचायत उप चुनाव जून-जुलाई में करवाने हेतु कार्यक्रम घोषित किया गया है। कार्यक्रम के अनुसार पंचायत समिति सूरतगढ़ की ग्राम पंचायत बीरमाना के वार्ड संख्या 8 के लिये 30 जून को निर्वाचन करवाया जायेगा। इसी क्रम में पंचायत समिति पदमपुर की ग्राम पंचायत 6 आरबी (जलौकी) के उपसरपंच पद हेतु 1 जुलाई को निर्वाचन करवाया जायेगा। जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) लोकबंधु ने बताया कि पंचायत समिति सूरतगढ़ की ग्राम पंचायत बीरमाना के वार्ड संख्या 8 के लिये 29 जून को दोपहर बाद से मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने तक संबंधित मतदान केन्द्र तथा पंचायत समिति पदमपुर की ग्राम पंचायत 6 आरबी (जलौकी) के उपसरपंच पद हेतु 30 जून को दोपहर बाद से मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने तक पंचायत भवन ग्राम पंचायत 6 आरबी (जलौकी) का अधिग्रहण किया जाता है। संबंधित रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं संस्था प्रधान आदेश की पालना सुनिश्चित करें।

पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

चूरू। शिक्षा मनीषी ब्रजमोहन लाटा की पुण्यतिथि पर लाटा शिक्षा निकेतन उ मा विद्यालय सरदारशहर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में गणमान्य लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। आचार्य पंडित बालकृष्ण कोशिक ने स्व गुरुजी को प्राचीन गुरुकुल परम्परा का श्रेष्ठ उदाहरण बताते हुए कहा कि गुरुजी को संस्कृत संस्कृति के संवाहक थे। पहलवान प्रभु सिंह राठौड़, आंनद भार्गव, शोभाकांत स्वामी, शंकर सिंधी ने विचार व्यक्त किए। श्रद्धांजलि सभा में विधालय के सहयोगी सदस्य विरधीचंद वर्मा व डॉ महेंद्र रांकावत के असामयिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। न्यायधीश डॉ श्याम सुंदर लाटा ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि हम सदैव उनकी गरिमा के अनुरूप कार्य करेंगे। इस अवसर पर अशोक सोनी, डॉ राजेन्द्र मोदी, सुरेश तिवाड़ी, जगदीश लाटा,मुरलीधर बोचिवाल, सुमित अमित, नवनीत, सात्विक आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। दीनदयाल लाटा ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए आंगन्तुको का आभार व्यक्त किया।

पौधे लगाकर पर्यावरण को बचाओ

चूरू. जगदीश सोनी। रामदेव मंदिर के पास पर्यावरण सरंक्षण समिति सरदारशहर कार्यालय में पर्यावरण सरंक्षण समिति की अध्यक्ष डॉ. मोनिका सैनी ने कहा कि आज पर्यावरण धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है। पर्यावरण सरंक्षण की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इसलिए वाहनों का समय समय पर ही उपयोग करें। हमें अपने अपने क्षेत्र में पौधरोपण करना चाहिए। जिससे पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है। आज गर्मी का तापमान बढने का कारण यही है कि लोग पौधा लगाने का प्रयास नहीं कर रहे है। जिससे आगामी परिणाम घातक हो सकते है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण बचाओं अभियान को गतिशीलता मिले। पर्यावरण को बचाने का यहीं एक संदेश है।

डिग्गी और टांकों से होगा बरसाती पानी का संरक्षण

» तोलासर व नैणासर सुमेरिया में किया जल संरक्षण कार्यों का निरीक्षण

तेज | जगदीश सोनी. चूरू

मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान अंतर्गत जिले में हो रहे विभिन्न कार्यों का बुधवार को जिला परिषद सीईओ मोहनलाल खटनावलिया ने निरीक्षण किया। सीईओ ने बुधवार को सरदारशहर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रोलासर, तोलासर व नैणासर सुमेरिया में विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया और कहा कि डिग्गी और टांकों के निर्माण से न केवल बरसाती पानी का संरक्षण होगा, अपितु किसान इसके जरिए खेती और वृक्षारोपण जैसी गतिविधियां कर खुशहाल होंगे। उन्होंने लाभार्थी दौलतराम के टांके तथा शान्ति देवी पत्नी गंगाराम के डिग्गी निर्माण कार्य को देखा। राकेश पुत्र सोहनलाल के टांका निर्माण कार्य पर उन्होंने राकेश की माता तुलछी देवी ने बताया कि खेत में मीठे पानी का 30 हजार लीटर का टांका निर्माण कार्य होने से हम गंगा नहाये हो गये। उन्होंने कहा कि वे अब वृक्षारोपण कार्य भी करवाएंगे। सीईओ ने कुंभाराम पुत्र तारूराम के प्रगतिरत टांके, सोना देवी पत्नी मालाराम के डिग्गी निर्माण कार्य, शांति देवी पत्नी सुखराम के टांका निर्माण कार्य, हुकमाराम पुत्र भीखाराम के डिग्गी निर्माण कार्य एवं रामचन्द पुत्र मालुराम के प्रगतिरत टांका निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। सीईओ खटनावलिया ने बताया कि परियोजना अन्तर्गत प्रथम कार्यादेश के तहत 72 कार्य क्रियान्वयन हेतु निर्देश प्रदान किए गए तथा द्वितीय कार्यादेश में 135 जल कुण्ड निर्माण कार्य हेतु आदेश जारी किये गये थे। प्रथम कार्यादेश के तहत 38 कार्य पूर्ण कर दिये गये हैं जबकि द्वितीय कार्यादेश के तहत 23 कार्य पूर्ण व 14 कार्य प्रगतिरत है। कार्य की प्रगति बढाने हेतु कृषकों को कृषक हिस्सा राशि समय पर जमा करवाने हेतु प्रेरित किया व विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गए। नैणासर सुमेरिया संरपच चमकोरी देवी ने बताया कि इस योजना को स्वीकृत करवाने के लिये काफी समय से प्रयास किया जा रहा था। मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान इस क्षेत्र के किसानों के लिये लाभाकारी योजना साबित हो रही है। कृषक हिस्सा राशि जमा करवाने हेतु बार-बार प्रयास किया जा रहा है। समय पर हिस्सा राशि जमा नहीं करवाए जाने पर उनकी जगह नये लाभार्थियों का चयन कर दिया जायेगा तथा उनकी प्राथमिकता निरस्त समझी जायेगी। क्षेत्र में मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान स्वीकृत होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। चूरू जैसे रेगिस्तानी क्षेत्र में इसका प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जलग्रहण अधीक्षण अभियंता महेन्द्र सिंह सूरा, अधिशाषी अभियंता महेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता विनोद कुमार, कनिष्ठ अभियंता वेदप्रकाश आदि साथ रहे।

'ऑपरेशन सीमा' से बढ़ेगी आमजन में जागरूकता कलक्टर ने अधिकारियों को दिए गतिविधियां करने के निर्देश

श्रीगंगानगर। नशामुक्त भारत अभियान और नशा मुक्त राजस्थान के अन्तर्गत माननीय मुख्यमंत्री महोदय की मंशा के अनुरूप गंगानगर में जिला प्रशासन व पुलिस विभाग द्वारा संचालित ऑपरेशन सीमा अभियान को अधिक प्रभावी बनाने हेतु विभिन्न विभागों को शामिल करते हुए जिला कार्य योजना तैयार की गई है। इसके तहत जिला कलक्टर लोकबंधु ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को गतिविधियां और कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये हैं। जिला कलक्टर ने बताया कि वर्तमान में जिले में संचालित ऑपरेशन सीमा की जनसमुदाय में व्यापक पहुंच और उनकी सहभागिता हेतु विभिन्न विभागों को शामिल कर कार्य योजना तैयार की गई है ताकि आमजन को नशा मुक्ति के खिलाफ जागरूक किया जा सके। नशे के अवैध उत्पादों/पदार्थों के निर्माण, विक्रय, भण्डारण एवं उपयोग पर अंकुश-प्रभावी कार्यवाही हेतु उपखण्ड स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई है। इसमें पुलिस, रसद, आबकारी, स्वास्थ्य और औषधि नियंत्रक विभाग के अधिकारी शामिल किये हैं। यह कमेटी अभियान के तहत ड्रग्स स्पॉट चिन्हित कर औचक निरीक्षण करेगी। मेडिकेटिड नशे में प्रयुक्त होने वाली दवाईयों के सोर्स और विक्रय स्थान चिन्हित करते हुए अधिकृत-अनाधिकृत नशा मुक्ति केन्द्रों तथा मनोक्लीनिक/मनोचिकित्सालय पर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि उक्त अभियान के तहत समस्त कार्यों के पर्यवेक्षण के लिये जिला परिषद के सीईओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सामुदायिक जागरूकता एवं संवेदनशीलता कार्यक्रमों के साथ-साथ नुकक्ड़ नाटकों के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्प्रभाव एवं नशा मुक्त जीवन के महत्व को बताया जायेगा। युवाओं को अभियान से जोड़ते हुए वाद-विवाद प्रतियोगिताओं, जागरूकता कार्यशाला एवं संगोष्ठियों के माध्यम से नशे के प्रवृति पर रोक लगाने के लिये शपथ दिलवाई जायेगी। नशा छोड़ने वाले व्यक्तियों के माध्यम से भी नशा करने वालों को नशा मुक्ति के लिये प्रेरित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि स्कूल, कॉलेजों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नशा मुक्ति के लिये जागरूक किया जायेगा और विद्यालयों में नो बैग डे दिवस पर नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। प्रत्येक ब्लॉक में ब्रांड ऐम्बेसडर नियुक्त कर नशा मुक्ति अवेयरनैस फोरम का गठन किया जायेगा। कृषक चौपाल, किसान कैम्प, ग्राम सभा, महिला गोष्ठी, साईकिल रैली, सेमीनार, वार्ता, कौशल क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम सहित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में नशा मुक्ति के खिलाफ आमजन को व्यापक रूप से जागरूक करते हुए नशा छोड़ने के लिये प्रेरित किया जायेगा।

आत्मा योजना के तहत सूरतगढ़ में दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण आयोजित

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

कृषि विभाग द्वारा आत्मा योजना अन्तर्गत पशु विज्ञान केन्द्र सूरतगढ़ में दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन 25 व 26 जून को किया गया। कृषक प्रशिक्षण में कृषि, पशुपालन और उद्यान के विषय-विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा किसानों को उन्नत तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के प्रारम्भ में आत्मा योजना के ब्लॉक तकनीकी संयोजक एवं सूरतगढ़ सहायक कृषि अधिकारी महेंद्र कुलड़िया द्वारा कृषक प्रशिक्षण में कृषकों एवं अधिकारियों को कृषक प्रशिक्षण की विषय वस्तु प्राकृतिक खेती पर जानकारी दी गई। कृषक प्रशिक्षण में श्रीगंगानगर के संयुक्त निदेशक उद्यान प्रदीप शर्मा द्वारा उद्यान विभाग द्वारा किसानों को देय सुविधाओं एवं जैविक सब्जी उत्पादन विषय पर जानकारी दी गई। उप परियोजना निदेशक (आत्मा) सुदेश कुमार द्वारा प्राकृतिक खेती के घटक बीजामृत, जीवामृत, घन जीवामृत, वर्मी वास, पंचगव्य आदि निर्माण की विधियों एवं इनका प्राकृतिक खेती में उपयोग करने की तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। पशु विज्ञान केन्द्र सूरतगढ़ की प्रभारी अधिकारी डॉ. मैना चौधरी द्वारा जैविक पशुपालन एवं गोबर की खाद से सुपर कंपोस्ट तैयार करने के विषय पर जानकारी प्रदान की गई। डॉ. मनीष कुमार द्वारा पशुओं में लगने वाली मौसमी बीमारियों के लक्षणों एवं नियंत्रण उपायो की तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। आत्मा योजना श्रीगंगानगर के प्रभारी एवं पदेन परियोजना निदेशक डॉ. विनोद सिंह गौतम द्वारा आत्मा योजना अन्तर्गत कृषकों देय सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। सेवानिवृत्त कृषि अनुसंधान अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा द्वारा जैविक खेती के महत्व एवं कार्बनिक पदार्थ का कृषि में महत्व के विषय पर जानकारी दी गई। सहायक कृषि अधिकारी भीमराज जाखड़ द्वारा वर्मी कंपोस्ट खाद तैयार करने की विधि एवं कृषि में इसके महत्व के विषय पर तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। सहायक कृषि अधिकारी मुकंद राम भट्टी द्वारा कपास फसल में गुलाबी सुंडी नियंत्रण एवं प्रबंधन के विषय पर तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन कृषकों को प्रशिक्षण के दौरान दी गई। तकनीकी जानकारियों पर सवाल पुछे गए, जिसमें प्रथम तीन विजेता कृषकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध रहे पेयजल आपूर्ति: कलक्टर

» गंगनहर में निर्धारित शेयर के अनुसार पानी लेने के लिये पंजाब से समन्वय बनायें अधिकारी

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

जिला कलक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में पीएचईडी और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने समस्त विभागीय योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति समीक्षा करते हुए कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध पेयजल आपूर्ति के लिये आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखी जायें। बैठक में जिला कलक्टर ने पीएचईडी अधिकारियों से जल जीवन मिशन के कार्यों और प्रगति की जानकारी लेकर कहा कि ग्राम सभाओं में ग्राम पंचायत से हर घर जल से संबंधित प्रमाण पत्र लिये जाये। जलापूर्ति का समय निश्चित हो और आमजन को इसकी जानकारी दी जाये। बिजली कटौती की वजह से जलापूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए, इसके लिये पीएचईडी अधिकारी विद्युत विभाग से समन्वय बनायें। आवश्यक होने पर टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन में आवंटित कार्यों को जल्द पूर्ण किया जाये। इस अवसर पर पीएचईडी एसई आशीष गुप्ता ने योजनाओं और कार्यों से अवगत करवाया। इसी तरह जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से नहरी पानी की स्थिति और उपलब्धता की जानकारी लेने के पश्चात जिला कलक्टर ने कहा कि गंगनहर में निर्धारित शेयर के अनुसार सिंचाई पानी लेने के लिये पंजाब के जल संसाधन विभाग अधिकारियों से समन्वय किया जाये। लगातार पंजाब अधिकारियों से वार्ता-समन्वय कर गंगनहर में सिंचाई पानी बढ़ाने का प्रयास किया जाये। गंगनहर में पानी की मात्रा में उतार-चढ़ाव होता है, तो इसकी जानकारी पंजाब अधिकारियों को देते हुए पर्याप्त पानी लेना सुनिश्चित किया जाये। सिंचाई पानी कम होने पर जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता को भी अवगत करवाया जाये। उन्होंने गंगनहर, भाखड़ा, इंदिरा गांधी नहर परियोजना में निर्धारित शेयर और उपलब्ध पानी चर्चा करते हुए कहा कि जल संसाधन विभाग के समस्त कार्यालयों में ई-फाईल प्रणाली लागू की जाये। संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये। बैठक में जल संसाधन विभाग के एसई धीरज चावला ने विभागीय योजनाओं और कार्यों से अवगत करवाया। इस अवसर पर भाखड़ा और इंदिरा गांधी नहर परियोजना के अधिकारी भी मौजूद रहे।

राहुल के नेता प्रतिपक्ष बनने से मजबूत होगा लोकतंत्र: चौहान

तेज | जगदीश सोनी. चूरू

ऑल इंडिया कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने पर जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। इस सिलसिले में चूरू जिला मुख्यालय पर आथूणा मोहल्ला स्थित वार्ड कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को विचार गोष्ठी का आयोजन कर मिठाई खिलाकर खुशी का इज़हार कर चर्चा की गई। इस दौरान जिला जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने कहा कि राहुल गांधी ने निरंतर संघर्ष और मुखर अभिव्यक्ति से अपने आप को हिंदुस्तान की आवाज साबित किया है और वे ही इस देश का भविष्य है। सांप्रदायिकता, महंगाई और अनेक चुनौतियों से जूझ रहे भारत की जनता आशा भरी निगाह से राहुल गांधी की ओर देख रही है। राहुल ने अनेक मसलों पर अपनी दूरदर्शिता को साबित किया है और भारत सरकार ने कोरोना समेत अनेक मुद्दों पर राहुल गांधी के ध्यानाकर्षण के बावजूद उन्हें हलके में लिया, जिसका खामियाजा पूरे देश को भुगतना पड़ा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जन-जन की आवाज हैं और पिछले वर्षों में उनके व्यक्तित्व और छवि को जिस प्रकार धूमिल करने का प्रयास किया गया, यह लोकतंत्र के इतिहास में हमेशा एक कुत्सित प्रयास के तौर पर देखा जाएगा लेकिन राहुल गांधी ने अपने जज्बे, संवेदनशीलता से भरे व्यवहार और आमजन से अपने जुड़ाव से ऐसे हर प्रयास को कमजोर साबित कर दिया है। चौहान ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में संसद में आम आदमी की आवाज मुखर होगी और लोकतंत्रा मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की आस्था सदैव संवैधानिक मूल्यों में रही है और राहुल गांधी ने भी समय समय पर इसे अभिव्यक्त किया है।

जन्मदिवस पर किया 51 पौधों का वितरण

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

पुलिस सहायता संगठन के जिला सचिव अनिल शाक्य ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष में बुधवार को आदर्श कंप्यूटर सेंटर पर मिशन 100 करोड़ थिंक गुड फाउंडेशन के तहत उपस्थित छात्राओं को 51 पौधे वितरित किये गए। इस मौके पर अनिल शाक्य ने कहा की प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिवस के मौके पर एक पौधा जरूर लगाना चाहिए ताकि निरंतर बढ़ रहे इस गर्मी के प्रकोप को कम किया जा सके। उन्होंने उपस्थित छात्राओं को पौधारोपण करने के साथ-साथ उनकी देखभाल करने की भी शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पुलिस सहायता संगठन के जिला अध्यक्ष भीमसेन सोनी उपाध्यक्ष लखवीर सिंह लखा, अभिषेक कुमार, सचिन कुमार, जय श्रीराम, साबिर, कृष्णलाल गांधी, विनोद स्वामी, सोनू वर्मा आदि मौजूद थे।

जिलास्तरीय संगोष्ठी आज

श्रीगंगानगर। जिला कलक्टर लोकबंधु के आदेशों की पालना में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में जिला स्तर पर संगोष्ठी 27 जून को अपरान्ह 2 बजे जिला परिषद श्रीगंगानगर के सभागार में आयोजित की जाएगी। नगरपरिषद आयुक्त आयुक्त यशपाल आहूजा ने बताया कि कार्यक्रम में नवीन विधियों के प्रावधानों के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी।

अपने घर का सपना साकार होने की दिशा में कारगर सिद्ध हो रही है मुख्यमंत्री शहरी आवास योजनाः गुप्ता

- अनुसूचित जाति, विधवा व घुमंतू जाति के अंत्योदय परिवारों के लाभार्थियों को सौंपी प्लॉट के प्रमाण पत्र

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

ऐलनाबाद। मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत बुधवार को चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में आयोजित एक भव्य समारोह में जिला के अनुसूचित जाति से संबंधित, विधवा महिलाओं व घुमंतू जाति से संबंधित गरीब परिवारों के लाभार्थियों को 30-30 वर्ग गज के प्लॉट के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समारोह में हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। इस अवसर पर रोहतक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। ये प्रमाण पत्र जिला सिरसा के 853 व फतेहाबाद जिला के 195 लाभार्थियों को दिए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री डा. कमल गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के स्वप्न की ओर महत्वपूर्ण कदम है। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा अंत्योदय की भावना से कार्य करते हुए गरीब परिवारों को हर संभव सहायता मुहैया करवाई जा रही है। सभी को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा, बिना भेदभाव के विकास कार्य, हर पात्र व्यक्ति को योजना का सीधा लाभ, पेयजल, बिजली आदि की दिशा में सरकार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा हाउसिंग फॉर ऑल विभाग द्वारा शहरी क्षेत्रों में रहने वाले अंत्योदय परिवारों के लोगों के लिए मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत एक लाख 80 हजार रुपये से कम वार्षिक आय वाले अंत्योदय परिवारों को शहरी क्षेत्र में 30-30 वर्ग गज के प्लॉट दिए जा रहे है। इससे अब हर गरीब व्यक्ति का अपने घर का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आज प्रदेश के 14 शहरों में 15 हजार 200 प्लॉट आवंटित किए जा रहे हैं। हाल ही में हरियाणा सरकार द्वारा गरीब परिवारों को हेप्पी कार्ड वितरित किए गए हैं ताकि उन्हें एक हजार किलोमीटर तक की मुफ्त यात्रा का लाभ मिल सके। किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19वीं किश्त के 20 हजार करोड़ रूपये की राशि सीधे किसानों के खाते में भिजवाई है। भाजपा सरकार गरीबों की सरकार है और अनेकों योजनाएं धरातल स्तर पर काम कर रही है। देश के 10 करोड़ से अधिक परिवारों को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर दिए गए हैं, जिससे माताओं - बहनों को धूएं व बीमारियों से मुक्ति मिली है। ये सभी कदम अंत्योदय के उत्थान की दिशा में कारगर साबित हो रहे हैं। कार्यक्रम में उपायुक्त आर.के. सिंह ने बताया कि गत 24 जून को मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत एक मरला के प्लॉट ड्रा के माध्यम से अलॉट किए गए थे। सिरसा जिला के 853 परिवारों को आज ड्रा के माध्यम से पहले चरण में एक मरला के प्लॉट अलॉट किए जा रहे हैं जिनमें 53 परिवार घुमंतू जाति, 71 विधवा, 276 अनुसूचित जाति व 453 अन्य जाति के गरीब परिवार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है जिसके तहत पहले चरण में सिरसा जिला के 853 परिवारों योजना का लाभ मिला है। इस अवसर पर उपायुक्त ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत उपस्थित जनों को नशा न करने व दूसरों को भी न करने देने की शपथ भी दिलवाई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा निताशा सिहाग, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद डा. अशोक तंवर, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार जगदीश चोपड़ा, डीएमसी सुरेंद्र बेनीवाल, एसडीएम राजेंद्र कुमार, प्रदेश महामंत्री भाजपा सुरेंद्र आर्य, प्रदीप रातुसरिया, अमन चोपड़ा, मुकेश मेहता, एमआईएस इंचार्ज दिव्या बतरा, विरेंद्र तिन्ना, ईओ एमसी अतर सिंह, गोपाल, पूजा यादव सहित योजना के लाभार्थी मौजूद रहे।

सादुलशहर पंचायत समिति सभागार में साधारण सभा का आयोजन

तेज. रिपोर्टर | सादुलशहर

पंचायत समिति सभागार में बुधवार को साधारण सभा का आयोजन प्रधान निशान सिंह संधू की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान मनरेगा, बिजली, पेयजल, सिंचाई पानी, घटिया निर्माण, टूटी सड़के, टूटी पुलिया, खाद्य सुरक्षा आदि की शिकायते काफी मुखर रही। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपनेङ्कअपने विभाग की कार्यशैली एवं लेखा-जोखा की जानकारी दी। पंचायत समिति डायरेक्टर डॉक्टर बृजमोहन सहारण ने कहा कि खाद्य सुरक्षा में जो अपात्र लोग हैं उनकी जांच करवा कर उनके नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटाए जाए ताकि पात्र लोगों के नाम जुड़ सके। विधायक गुरवीर सिंह बराड़ ने कहा कि निर्माण कार्य में खामियां बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि श्रीगंगानगर जिले में नशे के खिलाफ सबसे ज्यादा कार्रवाईयां हुई है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में सामुदायिक भवन बनाए जाएंगे ताकि गरीब परिवार को छोटे-मोटे कार्य के लिए टेंट नहीं लगाना पड़े। जिन स्कूलों में कंप्यूटर लैब नहीं हैं, उनमें कंप्यूटर लैब स्थापित की जाएगी। एसडीएम श्रीमती शिवा चौधरी ने बताया कि आम आदमी की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक गुरुवार को जनसुनवाई की जाती हैं। पंचायत मुख्यालयों पर रात्रि चौपाल आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले इसके लिए इसका प्रचार प्रसार जरूरी है। सभी लोग इसमें अपना योगदान दें। साधारण सभा में तहसीलदार मुकुल टॉक, बीसीएमओ डॉ. लक्ष्य सिंह, विकास अधिकारी गुरतेज सिंह, सहायक अभियंता जगवीर सिंह रमाणा, अधिशासी अधिकारी राकेश मेहंदीरत्ता, सीआई सुमेर सिंह इंदा, उपप्रधान जसवंत सिंह, जिला परिषद डायरेक्टर सुभाष भाकर, सरपंचगण, पंचायत समिति डायरेक्टर, ग्राम विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

6 घंटे तक शिव वाटिका ओवरहेड टैंक पर चढ़ा रहा युवक



तेज रिपोर्टर. सादुलशहर। शिव वाटिका ओवरहेड टैंक पर चढ़ा युवक समझाईश के बाद नीचे उतर गया। वार्ड नम्बर 14 निवासी शशि देवी पत्नी जनक राज शर्मा ने बताया कि उसके पुत्र विक्रम शर्मा उर्फ विक्की ने एक वर्ष पूर्व मन्नीवाली निवासी एक व्यक्ति से कार का सौदा किया था। जिस व्यक्ति को कार दी उसने तीन चार महीने से कार के लोन की किश्तें नहीं चुकाई। फाइनेंस कंपनी वाले उस पर किश्तें भरने का दबाव बना रहे हैं। दो माह पूर्व सादुलशहर थाने में दिए परिवाद के बाद पुलिस भी उसकी सुनवाई नहीं कर रही। नेताओं के यहां भी चक्कर काटे। कोई समाधान नहीं हुआ तो मानसिक परेशान विक्की मंगलावार रात को किसी समय घर से निकल गया। सुबह शहर के लोगों से पता चला कि वह शिव वाटिका में स्थित ओवरहेड टैंक पर चढ़ा हैं। बुधवार तड़के 3 बजे से शिव वाटिका ओवरहेड टैंक पर चढ़े विक्की को लोगों ने करीब 9 बजे समझाईश कर नीचे उतारा।

ब्रह्माकुमारीज संस्थान के सद्भावना भवन में हुआ नशा मुक्ति कार्यक्रम

तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा। ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा बुधवार को नशा मुक्ति कार्यक्रम सद्भावना भवन में हुआ। एड.मनीष आहूजा ने बताया कि इस कार्यक्रम में बीके रानी दीदी ने कहा कि शराब, सिगरेट, तंबाकू आदि से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते दुष्प्रभावों से जीवन कष्टदाई बन जाता है। इसलिए नशे से हमेशा दूर रहते हुए स्वस्थ जीवन जीना आमजन के लिए फायदेमंद है। साथ ही विजुअल्स दिखाकर मौजूद आमजन एवं विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। ज्योति बहन ने इस कार्यक्रम ने क्रिएटिव एक्सरसाइज कराकर बच्चों को उत्साहित कर कहा कि राजयोग मेडिटेशन अभ्यास से किसी प्रकार के नशे से मुक्ति संभव है। इस कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अपने मन में उठ रहे सवालों को पूछकर उनका संतोषजनक जवाब प्राप्त किया। कार्यक्रम समापन पर शपथ दिलाई गई। इस मौके पर चुन्नीलाल फुटेला, दौलत राम दूमडा, पृथ्वीराज भार्गव, रामचंद्र शर्मा, मदनलाल आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

अतिक्रमण हटाने का प्रकरणः पंचायत समिति की टीम ने किया निरीक्षण

तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा। पंचायत दौलतांवाली के अतिक्रमण हटाने के प्रकरण पर पंचायत समिति की टीम ने बुधवार को निरीक्षण किय। कलेक्टर के आदेशानुसार परिवाद के निस्तारण के लिए बीडीओ रविंद्र शर्मा द्वारा गठित टीम द्वारा दौलतांवाली के अतिक्रमण स्थल का निरीक्षण कर दोनों पक्षों को बुलाकर सहमति बनाने का प्रयास किया, जिस पर कोई सहमति नहीं बनने पर पंचायत समिति के अति. विकास अधिकारी हुकम सिंह राठौड़, अमृत लाल मीणा ने आगामी 1 जुलाई को एक विशेष बैठक आयोजित कर अतिक्रमण हटाने और आम सहमति बनाने के आदेश दिया। इस मौके पर सरपंच सुशील देवी मूंढ, वीडीओ नरेश कुमार, उप सरपंच सुमित्रा देवी, वार्ड पंच विनोद सहारन, सतीश डूडी, मदनलाल चतुर्वेदी, पप्पू राम, राम कुमार, विजय नायक, राजेंद्र कुमार, शिशुपाल आदि मौजूद रहे।

मनरेगा कार्य शुरू करवाने की मांग को लेकर सैकड़ों ग्रामवासियों ने दिया धरना

तेज. रिपोर्टर | सादुलशहर

ग्राम पंचायत बहरामपुरबोदला (कालवासिया, धोला चक) में पिछले चार माह से बंद पड़े मनरेगा कार्य शीघ्र शुरू करवाने की मांग की गई है। इस सम्बंध में सरपंच एडवोकेट प्रमेंद्र खीचड़ के नेतृत्व में सैकड़ो श्रमिकों द्वारा बुधवार को पंचायत समिति में चल रही साधारण सभा के दौरान प्रदर्शन कर धरना दिया व नारेबाजी की। धरना स्थल पर पहुंची एसडीएम श्रीमती शिवा चौधरी को ज्ञापन देते हुए सरपंच खीचड़ ने बताया कि पिछले चार माह से ग्राम पंचायत बहरामपुरा बोदला में मनरेगा बंद है। वहीं अन्य पंचायतों में मनरेगा कार्य करवाए जा रहे हैं। इस भेदभाव को लेकर सभी मनरेगा श्रमिकों एवं उनके परिवारों में रोष है। वहीं श्रमिकों के समक्ष रोटी-रोजी का भी संकट छाया हुआ है। ज्ञापन में 1 जुलाई से मनरेगा कार्य शुरू करवाने, विद्युत सप्लाई सुचारु रूप से चालू करवाने, चक धोला के वाटर वर्क्स की 15 दिन से बंद पड़ी पेयजल सप्लाई शुरू करवाने व ग्राम पंचायत में सामान्य मद के अधूरे बंद पड़े कार्यो को तुरंत शुरू करवाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में मनरेगा श्रमिक राजाराम, शिवशंकर, गुरचरण सिंह, श्योकरण, जसवीर सिंह, कमला, चंदो देवी, रमनदीप कौर, दयालाराम, नरसीराम, ओमप्रकाश सहित अनेक श्रमिक शामिल हुए।

सोशल ऑडिट कार्य के कार्मिकों का भुगतान नहीं होने से रोष, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

सोशल ऑडिट कार्य में लगे हुए कार्मिकों का भुगतान नहीं होने से रोषित संघ सदस्यों ने बुधवार को कार्यक्रम अधिकारी एवं बीडीओ रविंद्र शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक एवं ग्राम संसाधन कार्मिक परमजीत कौर, गगनदीप कौर, अंजू रानी, सुनीता कुमारी, सतपाल सिंह, सुमन रानी, देवीलाल आदि ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मिड डे मील सहित 15 वें वित्त आयोग एवं ग्राम सभा आदि के सामाजिक अंकेक्षण में कार्मिकों द्वारा अपना दायित्व निर्वहन करते हुए आमजन से संवाद कर ऑडिट कार्य किया जाता है। पंचायत समिति के समस्त बीआरपी/वीआईपी को अभी तक भुगतान नहीं होने से उन्होंने सोशल ऑडिट पर जॉन से हटने का निर्णय लिया है एवं उनकी बकाया भुगतान को दिलवाने का भी आग्रह करते हुए बीडीओ को ज्ञापन दिया। कार्मिकों द्वारा दी गई इस समस्या पर बीडीओ रविंद्र शर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला स्तर पर विभाग के कार्मिकों एवं अधिकारियों से दूरभाष पर संपर्क कर समस्या निराकरण का आग्रह किया एवं पंचायत समिति की इस शाखा से तुरंत रिमाइंडर पत्र एवं फॉरवर्डिंग लेटर भिजवाने के लिए भी निर्देशित किया। संबंधित कार्मिकों ने बताया कि बीते दो-तीन सत्र से उनका बकाया आर्थिक विषमताओं का सामना करना पड़ रहा है।

विद्यालयों के नामांकन पर पड़ रहा विपरित प्रभाव, स्टाफिंग पैटर्न लागू करने की मांग

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत ने माध्यमिक शिक्षा में स्टाफिंग पैटर्न की समीक्षा कर नामांकन के अनुरूप पद सृजित करने की मांग राज्य सरकार से की है।संघ जिलाध्यक्ष मनोहर लाल बंसल ने बताया कि बीते 9 साल पूर्व के नामांकन के आधार पर नियुक्त किए गए शिक्षक ही वर्तमान में विद्यालयों में अध्यापन कार्य करे रहे है,जबकि इसके विपरित हर वर्ष विद्यालयों में नामांकन बढ़ रहा है। ज्ञात रहे कि कोरोना काल में तो सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थी नामांकन में काफी वृद्धि हुई है, वही गत तीन-चार वर्षो में सैंकड़ों उच्च प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों को उच्च माध्यमिक विद्यालयों में क्रमोन्नत किया गया है।इन सब के बावजूद राज्य सरकार ने इन विद्यालयों में व्याख्याता की नियुक्ति नहीं की है, जिससे व्याख्याताओं व पर्याप्त स्टॉफ के अभाव में इन विद्यालयों में अब नामांकन कम होने लगा है और परीक्षा परिणाम भी प्रभावित हुआ है। संगठन ने मांग है कि माध्यमिक शिक्षा में स्टाफिंग पैटर्न की समीक्षा कर प्रा. शिक्षा व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पर्याप्त स्टॉफ की नियुक्ति की जावे। बंसल ने बताया कि हर दो साल में स्टाफिंग पैटर्न की समीक्षा कर उसके हिसाब से शिक्षक नियुक्त किये जाने थे, फिर भी वर्ष 2015 के बाद से स्टाफिंग पैटर्न की समीक्षा ही नहीं की गई,इसलिए राज्य सरकार एवम शिक्षा विभाग को मांग पत्र भेजा है।

पंचायत समिति में संगोष्ठी आज

तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा। पंचायत समिति सभागार में गुरुवार को भारतीय न्याय संहिता 2023 पर एक संगोष्ठी होगी। एसडीएम अमिता बिश्नोई द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पर उपखंड स्तर पर संगोष्ठी होगी। संगोष्ठी में एसीजेएम, एमजेएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना अधिकारी, सहायक अभियोजन अधिकारी, बार संघ अध्यक्ष, प्राचार्य महाविद्यालय एवं समस्त उपखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों को सूचना भिजवाई गई है। संगोष्ठी का समय दोपहर 2 बजे से रहेगा एवं संगोष्ठी की आवश्यक तैयारियां पंचायत समिति बीडीओ को करवाने के लिए निर्देशित किया है।

मछली पकड़ने के अधिकारों को लेकर होगी नीलामी

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

जिला मत्स्य अधिकारी जगदीश चंद्र ने बताया कि जिला के अधिसूचित पानियों, नदियों, नहरों तथा ड्रेनों में वर्ष 2024-25 (01 सितंबर 2024 से 31 अगस्त 2025 तक) के लिए मछली पकड़ने के अधिकारों की आगामी 04 जुलाई को प्रातः 9ः00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक ई- नीलामी की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक बोलीदाता को ई-नीलामी शुरू होने से पहले निर्धारित तिथियों अनुसार धरोहर राशि सायं 4.00 बजे तक धरोहर राशि ऑनलाइन जमा करवानी होगी। उन्होंने बताया कि 4 जुलाई को होने वाली नीलामी के लिए धरोहर राशि 02 जुलाई 2024 सायं 4.00 बजे तक, 11 जुलाई को होने वाली नीलामी के लिए धरोहर राशि 09 जुलाई सायं 4.00 बजे तक, 18 जुलाई को होने वाली नीलामी के लिए धरोहर राशि 16 जुलाई सायं 4.00 बजे तक तथा 25 जुलाई को होने वाली नीलामी के लिए धरोहर राशि 23 जुलाई सांय 4.00 बजे तक जमा करवाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि बोलीदाता को 1000/- रुपये की धनराशि बतौर ई-सर्विस फीस (नॉन रिफंडेबल) ऑनलाइन जमा करवानी होगी। सफल बोलीदाता के अतिरिक्त अन्य सभी बोली दाताओं की बोली की धरोहर राशि बोली समाप्त होने पर ऑनलाइन संबंधित के बैंक खाते में वापिस कर दी जाएगी। जिस बोलीदाता की बोली मंजूर होगी, उस सफल बोलीदाता को ठेके की पूरी धनराशि अथवा ठेके की कुल बोली का 1/3 भाग के बराबर धनराशि तथा ठेके की कुल धनराशि का 5 प्रतिशत भाग के बराबर सिक्योरिटी उसी दिन (ई-नीलामी के दिन) आरटीजीएस/ एनईएफटी के माध्यम से दिए गए विवरण अनुसार जिला मत्स्य अधिकारी के बैंक खाते में जमा करवानी होगी तथा 2/3 हिस्से की धनराशि ई-नीलामी की तिथि से 30 (तीस) दिन के अन्दर-2 जमा करवानी होगी। ऐसा न करने पर बोलीदाता द्वारा मौके पर जमा करवाई गई 1/3 हिस्से की धनराशि, धरोहर राशि तथा 5 प्रतिशत जमा करवाई गई कैश सिक्योरिटी जब्त कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि ई-नीलामी की शर्ते व अन्य विवरण ऑनलाइन ई-प्रिक्योरमेंट पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यू डब्ल्यूडॉटईऑक्शनडॉटजीओवीडॉटइन तथा विभागिय वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटएचएआरफिशडॉटजीओवीडॉटइन पर देखी जा सकती हैं तथा किसी भी कार्य दिवस पर जिला मत्स्य अधिकारी / मंडल के उप-निदेशक मत्स्य या निदेशक मत्स्य पालन विमाग, हरियाणा, पंचकूला के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। ऑनलाईन ई-नीलामी से संबंधित जानकारी के लिए नागरिक हरियाणा सरकार के ई-प्रिक्योरमेंट सिस्टम के दूरभाष नंबर 0120-4001002 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

अंतराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर जागरूकता रैली आयोजित

- नशा मुक्ति के अभियान के सामाजिक आन्दोलन में हर नागरिक अपनी महत्ती भूमिका निभाएंः मीणा

तेज. उदयपुर। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर के द्वारा मांस नर्सिंग कॉलेज के सहयोग से अंतराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर आज उदयपुर शहर के निकटवर्ती उमरड़ा पंचायत में स्थित मास नर्सिंग कालेज के परिसर में जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली तथा शपथ और प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने युवाओ से कहा की अंतराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध नशीली दवाओं के व्यापार के खिलाफ एक संयुक्त राष्ट अंतर्राष्ट्रीय दिवस है ,संयुक्त राष्ट के सहयोग से इस इस दिवस की स्थापना वर्ष 1987 में हुई थी.। उन्होने कहा की यह दिवस 1989 से 26 जून को प्रतिवर्ष दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस (इंटरनेशनल डे अगेन्स्ट ड्र्ग अब्यूस एंड इलिसिट ट्रैफिकिंग) के रूप में मनाया जाता है। उन्होने कहा की नशा मुक्ति का अभियान केवल एक व्यतिगत लडाई नही है , यह एक सामाजिक आन्दोलन है इस आन्दोलन में सभी भारत के नागरिको को मिलकर नशे के खिलाफ लड़ने के लिए अपनी - अपनी महत्ती भूमिका निभानी होगी तभी हम आन्दोलन को सफल बना पाएगें। उन्होने कहा की यह दिवस हमे न केवल नशे के दुष्प्रभावो के बारे में जागरूक करने का अवसर देता है, बल्कि हमें यह भी प्रेरित करता है कि हम अपने समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाएं। उन्होने यवाओ से कहा की नशा क्या है? कोई भी नशीला पदार्थ आपके दृष्टिकोण, मूख संज्ञान को बदलता है उसे नशा कहते हैं। उन्होने कहा की इस वर्ष 2024 में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस का विषय हैः सबूत स्पष्ट है, रोकथाम में निवेश करें। इस अवसर पर मास नर्सिंग कालेज के प्रिसिपल डॉ हेमन्त टांक ने सभी युवाओं से कहा की नशा, चाहे किसी भी प्रकार का हो जैसे शराब, तंबाकु या अन्य मादक पदार्थ हमारे जीवन पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होने कहा की नशा न केवल हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पंहुचाता है, बल्कि हमारे परिवार, समाज और देश की प्रगति को भी बाधित करता है। इस अवसर पर अंतराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के महत्व पर मौखिक प्रशनोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। प्रतियोगिता के विजेताओं को विभाग की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दोरान नशा मुक्त भारत बनाने के लिए अपनी क्षमता अनुसार हर सम्भव प्रयास करने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के पश्चात अंतराष्ट्रीय नशा निषेध जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली को केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर के सहायक निदेशक रामश्वर लाल मीणा एवं मास नर्सिंग कालेज के प्रिसिपल डॉ हेमन्त टांक तथा गुंजन शर्मा, एवं उमंग पण्डया ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में कॉलेज स्टाफ सहित 180से अधिक युवा छात्र एवं छात्राओ ने भाग लिया।

चक ज्वालासिंहवाला रोड से हटाए अतिक्रमण

» नगर परिषद करवा रही सड़क को चौड़ा करने का कार्य

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

नगर परिषद की ओर से जंक्शन में संगरिया मार्ग से चक ज्वालासिंहवाला रोड पर किए गए अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की गई। सड़क चौड़ाईकरण कार्य के चलते नगर परिषद की ओर से इस मार्ग के दोनों तरफ सड़क मार्ग में आ रहे अतिक्रमणों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई सभापति सुमित रणवां की मौजूदगी में हुई। इस सड़क के निर्माण पर करीब साढ़े तीन से चार करोड़ रुपए की लागत अनुमानित है। सड़क के बीच डिवाइडर भी बनाया जाएगा। सभापति सुमित रणवां ने बताया कि सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के लिए चक ज्वालासिंहवाला के किसानों ने बिना किसी स्वार्थ के अपनी जगह दी है। उस जगह पर मिट्टी भर्ती कर सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। बिजली बोर्ड की ओर से भी एस्टीमेट दे दिया गया है। जल्द से जल्द चार्ज भरकर विद्युत लाइन को शिफ्ट करवा दिया जाएगा। एक-दो दिन में नाले का निर्माण भी शुरू कर दिया जाएगा। जिनके अतिक्रमण हटाए गए हैं उन्हें मलबा हटाने को कह दिया गया है। कुछ लोग स्वयं अतिक्रमण तोड़ रहे हैं। अतिक्रमण में अधिक जगह आने पर संबंधित को उसे हटाने के लिए समय दिया गया है। थड़े आदि जेसीबी से तोड़े गए हैं। उन्होंने बताया कि इस रोड के बनने से आवागमन सुचारू होगा। मुख्य सड़क होने के कारण काफी समय से इसकी चौड़ाई बढ़ाने की मांग की जा रही थी। इस सड़क पर कई कॉलोनियां बसी हुई हैं। चार-पांच माह में निर्माण के बाद यह अच्छी सड़कों में शुमार होगी।

हिरणावाली में एक ही रात में तीन घरों में चोरी लाखों के जेवरात और नगदी ले उड़े चोर

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिले में हिरणावाली गांव में एक ही रात में एक साथ तीन घरों से चोर लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात नगद राशि तथा अन्य सामान चोरी कर ले गए। तीनों घरों में रात को परिवार के लोग सोए हुए थे। चोरों के आने-जाने की किसी को भी भनक नहीं लगी, क्योंकि तीनों घरों के अंदर कूलर चला कर परिवार वाले सोए हुए थे। कूलर की आवाज में उन्हें चोरों की आहट सुनाई नहीं थी। हनुमानगढ़ जंक्शन थाना पुलिस के मुताबिक करने वाले के वार्ड नंबर एक निवासी शौकत अली द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर तीनों चोरियों का एक ही मुकदमा दर्ज किया गया है। शौकत अली ने बताया कि 24-25 जून की रात को उसके घर से 87 हजार रुपए, सोने की दो अंगूठियां, चार तबीतियां, एक सोने का कोका, 1 किलो देसी घी चोरी हुआ है।उसके पड़ोसी कृष्णलाल के घर में एक छोटे संदूक में रखे हुए सोने-चांदी के जेवरात चोरी हुए हैं। इन जेवरात में सोने की दो अंगूठियां, तीन तबीतियां, एक चैन, एक जोड़ी चांदी की पाजेब, दो चांदी के बाजूबंद, दो जोड़ी बच्चों के कडिए, दो जोड़ी बिछुए और 8 हजार रुपए नगद शामिल हैं। पुलिस के अनुसार तीसरी चोरी एक अन्य पड़ोसी पवन कुमार के घर में हुई है। उसके घर में भी एक संदूक में सोने-चांदी के जेवर रखे हुए थे। पवन कुमार के घर से कर सोने की तीन अंगूठियां,दो जोड़ी टॉप्स, 10 नग तबीती,दो मंगलसूत्र, एक लाख रुपए नगद, दो भूखंडों की रजिस्ट्री और पट्टा के कागजात, स्टांप पेपर 15 लेडीज सूट और एक स्टील का डिब्बा आदि सामान ले गए।घटना की जांच कर रहे के ऐसे ही प्रकाशचंद ने बताया कि अभी तक चोरों का कुछ पता नहीं लगा। हिरनावाली में उक्त तीनों व्यक्तियों के घरों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को चेक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन तीनों घरों में परिवारों के लोग रात को कूलर चला कर सोए हुए थे। कूलर की आवाज के कारण चोरों के आने- जाने का इनको पता नहीं चला।

भादरा पुलिस ने 11 युवकों को गिरफ्तार किया

तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।थाना पुलिस ने दो अलग-अलग कार्यवाहियों में कुल 11 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इन व्यक्तियों की दो गाड़ियों और दो मोटरसाइकिलों को भी एमवी एक्ट के तहत जब्त किया गया है।पुलिस ने बताया कि अवैध रूप से एक कीमती जगह पर कब्जा करने के लिए ग्रैंड विटारा और स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर आए प्रवीण धाणक (50), विक्रांत ब्राह्मण (40), नवदीप सिंह जाट (37), सुनील पूनिया (37), सागर निगलानी (28) और लव कुमार ब्राह्मण (32) निवासी हिसार (हरियाणा) को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी को धारा 151 में हिरासत में लेते हुए इनकी दोनों गाड़ियों को एमवी एक्ट के तहत जब्त कर लिया गया। पकड़े गए इन व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा भादरा में पुलिस ने होटल और कैफे की जांच करते हुए पांच युवकों को संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर धारा 151 में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए व्यक्तियों में पुनीत नायक (25) और राजकुमार नायक (24)निवासी बकरियांवाली थाना जमाल जिला सिरसा, नवीन (31) निवासी बुड्ढा खेड़ा थाना उकलाना जिला हिसार (हरियाणा), राकेश कुमार (25) तथा मुकेश धाणक (26) निवासी सूरतपुरा थाना भिरानी जिला हनुमानगढ़ हैं।यह युवक दो मोटरसाइकिलों पर सवार थे।इनके मोटरसाइकिल भी एमवी एक्ट के तहत जब्त कर लिए गए।

जिले में 1210 बूथ पर पिलाई जाएगी दो बूंद जिन्दगी की

» 1 लाख 76 हजार 419 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य

तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़। जिले में तीस जून को पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत बूथों पर सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक जीरो से पांच साल की आयु तक के बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाई जाएगी। वहीं वंचित बच्चों को एक व दो जुलाई को घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। अभियान के तहत 1 लाख 76 हजार 419 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य है। इसके लिए जिले में कुल 1210 बूथ बनाए जाएंगे। इनमें 946 ग्रामीण क्षेत्र जबकि 264 शहरी क्षेत्र में बूथ बनाए जाएंगे। दवा पिलाने के लिए 4878 वैक्सीनेटर एवं 243 सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई है। जिला कलक्टर कानाराम ने बताया कि तीस जून को जिले में पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में बूथ लगाए जाएंगे। इन बूथों पर पांच साल तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी। तीस जून को कोई भी बच्चा किसी कारण से पोलियो ड्रॉप से वंचित रह जाता है तो उन्हें एक व दो जुलाई को आशा व एएनएम की ओर से घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। जिला कलक्टर ने जिलावासियों से आग्रह किया कि वे इस पल्स पोलियो अभियान में जुड़ें ताकि जिले का पांच साल तक का एक भी बच्चा पोलियो ड्रॉप पीने से वंचित न रहे।

भाकियू ने की मूंगफली की सरकारी खरीद के लिए केन्द्र खोलने की मांग

भारतीय किसान यूनियन सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिले की सभी मंडियों में एमएसपी पर मूंगफली की खरीद व्यवस्था करवाने व मूंग की खरीद एक सितम्बर से शुरू करवाने सहित किसानों से जुड़े अन्य मुद्दों के संबंध में भारतीय किसान यूनियन सदस्यों ने बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष रेशमसिंह मानुका ने कहा कि बड़े दुख की बात है कि सरकार सो रही है और किसानों की तरफ उसका ध्यान नहीं है। उन्होंने बताया कि पिछली बार गुलाबी सुंडी नरमा की फसल को खा गई थी। इस कारण नरमा की फसल पूर्णतया बर्बाद हो गई थी। उस पर मरहम लगाते हुए पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने 1125 करोड़ रुपए के मुआवजे की घोषणा की थी। लेकिन जिला कलक्टर कह रहे हैं कि ऐसी कोई घोषणा नहीं है। रेशमसिंह मानुका ने कहा कि 1125 करोड़ रुपए की घोषणा या तो पूरी तरह से झूठ है या वर्तमान सरकार मुकर रही है। वह किसानों को मुआवजा नहीं देना चाहती। उन्होंने बताया कि इसके अलावा जिला कलक्टर से जिले की सभी अनाज मंडियों में मूंगफली की सरकारी खरीद के लिए केन्द्र खोलने की मांग की गई। जिला कलक्टर ने इस संबंध में बात करने का आश्वासन दिया है। रेशमसिंह मानुका ने कहा कि मूंग की खरीद को लेकर भी कलक्टर से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि जब किसान अपनी मूंग की फसल औने-पौने दामों पर बेच चुका होता है तब मूंग की सरकारी खरीद शुरू होती है। चुनावी वादे अनुसार बाजरे की सरकारी खरीद शुरू करने की मांग भी की गई। रेशमसिंह मानुका ने बताया कि गर्मी के मौसम में विद्युत कटौती की जा रही है। किसानों के जले हुए विद्युत मीटर नहीं बदले जा रहे। एक-एक माह से किसान का ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है लेकिन उसे बदला नहीं जा रहा। बकौल, मानुका जिला कलक्टर ने इस पर अपने हाथ खड़े कर दिए और कहा कि यह काम सरकार का है। मानुका ने कहा कि यहां का जिला कलक्टर खुद को सरकार नहीं मान रहा। पता नहीं वे स्वयं को प्राइवेट कंपनी का नुमाइंदा समझते हैं। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने किसानों की इन समस्याओं की तरफ ध्यान नहीं दिया तो आने वाले दिनों में आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर रायसाहब, गोरासिंह, गुरपाल सिंह, मनविन्द्र सिंह, गुरप्रीत सिंह, जाकिर, वीरसिंह आदि मौजूद थे।

एक्सीडेंट डैथ क्लेम दिलाने के नाम पर मृतक के पिता से सवा दो लाख की ठगी, मामला दर्ज

तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़। जिले में फेफाना थाना क्षेत्र में एक युवक की दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर एक्सीडेंट डेथ क्लेम दिलाने के नाम पर उसके पिता से 2 लाख 25 हजार रुपए की धोखाधड़ी किए जाने का एक मामला सामने आया है।पुलिस के अनुसार फेफाना कस्बे के वार्ड नंबर 20 निवासी बृजलाल बावरी (60) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर हनुमानगढ़ निवासी कृष्ण कुमार नामक व्यक्ति पर पिछले पांच वर्षों के दौरान उसके बेटे के एक्सीडेंट डेथ का क्लेम दिलाने के नाम पर 2 लाख 25 हजार रुपए ठग लेने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बृजलाल बावरी के बेटे की एक्सीडेंट में डेथ हो गई थी। इसके कुछ दिनों बाद हनुमानगढ़ निवासी कृष्ण कुमार नामक व्यक्ति खुद को वकील बताकर बृजलाल से मिला।उसके बेटे का एक्सीडेंट डेथ क्लेम दिलाने का झांसा दिया। बृजलाल का आरोप है कि कृष्ण कुमार ने एक्सीडेंट डेथ क्लेम की राशि नहीं दिलवाई बल्कि पिछले 5 वर्षों के दौरान उसे लगभग 2 लाख रुपए नगद ले चुका है। अभी एक महीना पहले उसने 25 हजार रुपए उससे और भी ले लिए। एक्सीडेंट डेथ क्लेम की राशि नहीं मिलने पर उसने कृष्ण कुमार को इसकी एवेज में दिए गए 2 लाख 25 हजार रुपए वापस मांगे तो वह देने से इनकार कर गया। पुलिस ने धारा 420 और 406 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

सुबह सैर पर निकले शख्स की कैंटर की चपेट में आने से मौत

हनुमानगढ़। जिले में टिब्बी थाना क्षेत्र में सभी सवेरे शहर करने निकले अधेड़ उम्र के एक शख्स की कैंटर की टक्कर लगने से मृत्यु हो गई।टिब्बी थाना पुलिस ने बताया कि टिब्बी में वार्ड नंबर 12 निवासी बलराम मेघवाल (55) मंगलवार सुबह रोजाना की तरह हनुमानगढ़ मार्ग पर सैर करने के लिए जा रहा था। अग्रवाल मैरिज पैलेस के पास एक तेज रफ्तार पेंटर की टक्कर लगने से वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। लोगों ने पालाराम को निकट के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया। तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। मृतक के बेटे सुरेश मेघवाल (28) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर केंद्र के चालक पर लापरवाही का मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस ने बताया कि कैंटर को जब्त कर लिया गया।पालाराम की लाश पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों को सौंप दी गई।

अत्यधिक शराब के सेवन से युवक की मौत

हनुमानगढ़। जिले में संगरिया शहर के एक युवक की अत्यधिक शराब का सेवन कर लेने से बीकानेर जिले के छतरगढ़ थाना इलाके में मौत हो गई। छतरगढ़ थाना पुलिस के अनुसार आरडि 465 हैड के समीप तन कुमार ब्राह्मण (30) निवासी वार्ड नंबर 18 संगरिया हाल निवासी 465 हैड की अत्यधिक शराब का सेवन कर लेने से मृत्यु हुई है। उसके भाई राजेंद्र निवासी वार्ड नंबर 18 संगरिया द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद तन कुमार की लाश परिवार वालों को सौंप दी।

किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोप में युवक को 3 वर्ष की सजा

तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश ने एक किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोपी युवक को आज 3 वर्ष की सजा सुनाई और 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। जुर्माना अदा नहीं करने पर युवक को 3 महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। विशिष्ट लोक अभियोजक विनोद डूड्डी एडवोकेट के अनुसार आरोपी युवक सद्दाम हुसैन उर्फ मकड़ी(26) निवासी लक्खूवाली के खिलाफ पीड़ित किशोरी के पिता द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर महिला थाना में 13 दिसंबर 2019 को मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के अनुसार 13 वर्षीय किशोरी 12 दिसंबर को अपने गांव में दुकान से सामान खरीदने जा रही थी। रास्ते में सद्दाम उर्फ मकड़ी ने उसे पकड़ लिया। उसने किशोरी को जबरदस्ती मोटरसाइकिल पर बिठाने का प्रयास किया। किशोरी के शोर मचाने पर सद्दाम हुसैन मौके पर से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज होने पर जांच पड़ताल की तो सद्दाम हुसैन नाबालिक लड़की से छेड़छाड़ करने का दोषी प्रमाणित पाया गया। उसके खिलाफ सक्षम धाराओं के तहत अदालत में चालान प्रस्तुत किया गया। अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर से आठ गवाह और आठ दस्तावेज साक्ष्य प्रस्तुत किए गए।इनके आधार पर आज विद्वान न्यायाधीश ने निर्णय देते हुए सद्दाम हुसैन को नाबालिक लड़की से छेड़छाड़ करने का दोषी करार दिया।उसे 3 वर्ष की सजा सुनाई और 10 हजार रुपए रुपए का अर्थदंड लगाया।अर्थदंड अदा नहीं करने पर आरोपी को 3 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतानी होगी।

मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर कार्यक्रम

टांटिया नशामुक्ति केंद्र की पठानवाला में नशे के विरुद्ध अलख

तेज | रिपोर्टर. श्रीगंगानगर

मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर जेआर टांटिया चेरिटेबल नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र के 'व्यसन मुक्त गांव अभियान' के अंतर्गत पठानवाला गांव में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच हरनीतसिंह थे। रीको पुलिस चौकी के प्रभारी हेतराम छीम्पा विशिष्ट अतिथि थे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य रघुवीरसिंह ने की। उन्होंने नशे को एक सामाजिक बुराई बताते हुए कहा कि इससे जितना बचकर रहा जाएगा, उतना ही परिवार फलेगा-फूलेगा। उन्होंने टांटिया समूह की इस बात के लिए प्रशंसा की कि सामाजिक सरोकारों के तहत गांवों से भी नशे का खात्मा करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। इससे पहले नशामुक्ति केंद्र के अस्सिटेंट प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजकुमार जैन ने अभियान की रूपरेखा बताई और कहा कि नई पीढ़ी को नशे से बचाना टांटिया समूह के वाइस चेयरमैन डॉ. मोहित टांटिया का प्रमुख उद्देश्य है। इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

नशामुक्ति केंद्र के प्रभारी डॉ. मनीष बाघला ने उपस्थित लोगों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में गांव के महादेव युवा मंडल के अध्यक्ष मुकेशकुमार व अभियान के सहप्रभारी राकेशकुमार भादू भी मौजूद थे। अतिथियों को सम्मान प्रतीक भेंट करके सम्मानित किया गया। मंच संचालन अभियान के प्रभारी डॉ. पीसी आचार्य ने किया। उल्लेखनीय है कि टांटिया समूह के 'व्यसन मुक्त गांव' अभियान का शुभारंभ गत दिनों भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी बी. आदित्य (वृत्ताधिकारी, शहर) एवं विनयकुमार ने किया था।

शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है नशा

जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

टाउन स्थित टाइम्स पब्लिक स्कूल में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के मौके पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता टाइम फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य अश्विनी शर्मा ने दवाओं के उपयोग व दुरुपयोग के बारे में बताया। टाइम्स एजुकेशनल सोसाइटी चेयरमैन डॉ. सागरमल लड्ढा ने समाज से नशे की प्रवृत्ति को उखाड़ फेंकने के लिए अध्यापकों के योगदान पर चर्चा की। टाइम्स पब्लिक स्कूल प्रिंसिपल नेहा शर्मा ने विद्यार्थियों को योग्य नागरिकों के रूप में परिवर्तित करने के लिए अध्यापकों को कृत संकल्प होने पर बल देते हुए कहा कि नशे की लत बहुत ही बुरी होती है। इससे निकलना बहुत मुश्किल होता है। आज युवा वर्ग इससे सबसे ज्यादा प्रभावित है। नशा कोई भी हो हर किसी के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव डालता है। नशे के दुष्प्रभावों को बताना और उन्हें रोकना ही इस दिन को मनाने का मकसद है। इस मौके पर टाइम्स बीएड कॉलेज प्राचार्य डॉ. रामप्रताप जांगू, टाइम्स स्किल इंस्टीट्यूट के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर पुरखा राम जसेल, हरीश शर्मा, रेणु ग्रोवर, रमेश कुमार ने भी विचार रखे।

स्कूलों में प्रत्येक माह के चौथे शनिवार होंगी नशा मुक्त अभियान की गतिविधियां

» नशे का आदी व्यक्ति अपराधी नहीं रोगी है, उनका ईलाज संभव है

» आज की सामूहिक पहल का कल आएगा सफल परिणामः कलक्टर

» जिला कलक्टर ने दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में नशे की रोकथाम को लेकर गंभीर है। उनके मार्गदर्शन में जिला कलक्टर कानाराम के नेतृत्व में जिले को नशा मुक्त बनाने के सामूहिक प्रयास किए जा रहे हैं। बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर श्री खुशालदास विश्वविद्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला हुई। इसमें जिला कलेक्टर ने उपस्थित जनसमूह को नशा रोकने के लिए शपथ दिलाई। जिला कलक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन, प्रत्येक विभाग और विषय विशेषज्ञों के सुझाव अनुसार नशा मुक्त जिला अभियान की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। यह आज की सामूहिक पहल है, जिसका कल सफल परिणाम जरूर सामने आएगा। उन्होंने कार्ययोजना अनुसार बताया कि अब स्कूलों में प्रत्येक माह के चौथे शनिवार को विद्यार्थियों के बीच नशा मुक्ति जागरूकता गतिविधियां कराई जाएगीं। अब प्रत्येक ग्राम पंचायत और शहरी वार्ड में नशा मुक्त अवेयरनेस फोरम का गठन होगा। इसमें प्रमुख लोग अपने आसपास नशा करने और कराने वालों को रोकथाम के लिए समझाइश करेंगे। जिला कलेक्टर ने कहा कि नशा रोकथाम में महिलाओं की बड़ी भूमिका साबित होगी। इसलिए राजीविका से जुड़ी महिलाओं को ''नशा मुक्त सखी'' बनाएंगे। उन्हें प्रशिक्षण देंगे ताकि वे घरों में जाकर अन्य महिलाओं को जागरूक कर सकें। उन्होंने कहा कि नशे का आदी व्यक्ति अपराधी नहीं रोगी है, उनका ईलाज संभव है। इसलिए झिझक छोड़कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के सामूहिक प्रयास करने होंगे।

कानाराम ने कहा कि नशे की सामग्री को रोकने के लिए पुलिस, चिकित्सा, परिवहन, औषधि नियंत्रक विभागों के साथ आमजन को भी जिम्मेदारी निभानी होगी। वे अपने नजदीक या कहीं भी नशे से संबंधित सूचना तुरंत प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग शीघ्र ही एक हेल्पलाइन नंबर शुरू करेगा, जिनसे लोग फोन कर जानकारी ले सकेंगे। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि जिले को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस प्रतिबद्ध है। नशा माफियाओं को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशा दीमक की तरह हमारे सपनों और सुनहरे भविष्य को समाप्त कर रहा है। इसमें सभी के प्रयास ही कारगर साबित होंगे।

नशा छोड़ चुके युवाओं ने सुनाई पीड़ा

कार्यक्रम में नशा छोड़ चुके जसविंदर सिंह और नरेश कुमार ने अपनी पीड़ा सुनाई। सिंह ने कहा कि नशा तकलीफ है। इसे शुरू होने से पूर्व ही रोकना होगा। एक छोटे से स्वाद से मेरा खेल, मेरा परिवार और मेरे जिंदगी के सपने सब पीछे रह गए। अब नशा छोड़ चुका हूं और घर-घर जाकर युवाओं को जागरूक कर रहा हूं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि देवेंद्र पारीक, अमित साहू, विकास गुप्ता, मनोवैज्ञानिक डॉ. कुलदीप चौहान, पूर्व आईजी सीआरपीएफ व श्री खुशालदास विश्वविद्यालय के निदेशक जनरल गिरीश चावला ने भी विचार रखें। सभी ने कहा कि सभी नशा रोकथाम को लेकर एक साथ आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक सुरेंद्र पूनियां, सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा, सभी विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, चिकित्सक, विद्यार्थी, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट व गाइड, नर्सिंगकर्मी, एएनएम सहित आमजन उपस्थित थे।

स्वामी दैनिक तेज के लिए प्रकाशक व मुद्रक देवेन्द्र शर्मा द्वारा नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन से प्रकाशित एवं शर्मा प्रिन्टिग प्रेस नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन (राजस्थान) से मुद्रित। सम्पादक देवेन्द्र शर्मा। आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026, पोस्ट बॉक्स नं-26 फोन : 269443, 9414095543, फैक्स : 01552-268442